जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 4 सितम्बर, 2022

# मेरा देश आगे बढ़ रहा है

**ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट** : आइएमएफ के आंकड़ों और डॉलर ने बदली गणित

## ब्रिटेन को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की टॉप 5 इकोनॉमी में शामिल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की ओर अग्रसर है। यूरोप में सुस्ती के बीच घरेलू अर्थव्यवस्था की तेज ग्रोथ से भारत दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। ब्रिटेन अब छठी पायदान पर है। ऐसे समय में जब ब्रिटिश जनता जीवन यापन के झटके का सामना कर रही है, उसे भारत की ओर से यह बड़ा झटका लगा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक 2021 के आखिरी तीन महीने में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए भारत ने विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी का श्रेय हासिल किया। ब्लूमबर्ग की यह रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों और अमरीकी डॉलर के केल्कुलेशन पर आधारित है।

इंटरनेशनल रैंकिंग में ब्रिटेन की यह गिरावट नए प्रधानमंत्री के लिए चुनौती है। कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य सोमवार को बोरिस जॉनसन का उत्तराधिकारी चुनेंगे। बैंक ऑफ इंग्लैंड की यह चेतावनी चिंता बढ़ाने वाली है कि यह दौर 2024 तक जारी रह सकता है। इसके विपरीत भारतीय अर्थव्यवस्था के इस साल सात फीसदी से अधिक बढ़ने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पूर्वानुमान में कहा है कि भारत इस साल सालाना आधार पर डॉलर के मामले में ब्रिटेन से आगे निकल गया है। अब वह सिर्फ अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। एक दशक में भारत की यह उछाल उल्लेखनीय है। एक दशक पहले भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें नंबर पर, जबकि ब्रिटेन पांचवें नंबर पर था।

### बढ़त और मजबूत होने के आसार

**आइएमएफ** के आंकड़ों और मार्च तिमाही के अंत में डॉलर की एक्सचेंज रेट के आधार पर ब्लूमबर्ग ने जानकारी दी है कि नॉमिनल कैश में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 854.7 अरब डॉलर था। इसी अवधि में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आकार 816 अरब डॉलर था। अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में भारत ब्रिटिश इकोनॉमी के मुकाबले अपनी बढ़त और मजबूत करेगा।

### 20 साल में 10 गुना बढ़ी हमारी जीडीपी

**भारत** की जीडीपी ने 20 साल में 10 गुना बढ़त दर्ज की है। आइएमएफ के जीडीपी आंकड़ों के मुताबिक 2022 की पहली तिमाही में भारत ने अपनी बढ़त और मजबूत की है।

**Bloomberg** • मुद्रास्फीति-मंदी के चलते ब्रिटेन का तमगा छिना


## भारत फिर दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना, ब्रिटेन पिछड़ा

विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ भास्कर में

**फिलिप एल्ड्रिक, डेविड गुडमैन|** ब्रिटेन को पीछे छोड़कर भारत एक बार फिर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ब्रिटेन एक पायदान फिसलकर छठे स्थान पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, भारत वर्ष 2021 के अंतिम तीन महीने में ब्रिटेन से आगे निकला। जीडीपी के आंकड़ों में भारत यह बढ़त वित्त वर्ष 2022-23 में भी बनाए रखे हुए है। भारत की अर्थव्यवस्था 854.7 अरब डॉलर रही। इसी अवधि में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 816 अरब डॉलर रही। रोजमर्रा की चीजें महंगी होने से ब्रिटेन ने पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का तमगा खो दिया। दूसरी ओर, भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। एक दशक पहले भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि यूके 5वें स्थान पर था।

दरअसल, ब्रिटेन चार दशकों में सबसे तेज मुद्रास्फीति और मंदी के बढ़ते जोखिम का सामना कर रहा है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने अनुमान जताया है कि यह स्थिति 2024 तक रहेगी। दूसरी तरफ, भारतीय अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 7% की दर से बढ़ने का अनुमान है। हाल ही में एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में चीन को पीछे छोड़कर भारत दूसरे स्थान पर आ गया था।

### 2026 में 5 लाख करोड़ डॉलर की इकोनॉमी होगा भारत




### पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाएं

| | |
|---|---|
| अमेरिका | 25,350 |
| चीन | 19,910 |
| जापान | 4,910 |
| जर्मनी | 4,260 |
| भारत | 854.7 |
| ब्रिटेन | 816 |

(आंकड़े अरब डॉलर में, स्रोत: आईएमएफ)

### तब भी फिसला था ब्रिटेन

आईएमएफ के मुताबिक, 2019 में भी नॉमिनल जीडीपी के मामले में भारत 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था (2.9 लाख करोड़ डॉलर) बन गया था। ब्रिटेन (2.8 लाख करोड़ डॉलर) छठे स्थान पर आ गया था। हालांकि भारत फिर पिछड़ गया था।

### राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा ब्रिटेन

ब्रिटेन की स्थिति में यह गिरावट ऐसे समय आई है, जब देश में राजनीतिक अस्थिरता है और सत्तारूढ़ पार्टी नया प्रधानमंत्री चुनने के दौर में है। अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ब्रिटेन की गिरावट नए प्रधानमंत्री के लिए अप्रिय स्थिति होगी। कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य सोमवार को बोरिस जॉनसन के उत्तराधिकारी का चयन करेंगे। अनुमान जताए जा रहे हैं कि विदेश सचिव लिज ट्रस, पूर्व चांसलर ऋषि सुनक से आगे हैं।

# रफ्तार में इकोनॉमी

### इससे पहले पिछले वर्ष समान तिमाही में वृद्धि दर 20.1% थी

**नई दिल्ली |** केंद्र ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2022-23) के जीडीपी के आंकड़े जारी किए। इसकी वृद्धि दर 13.5% रही। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। आरबीआई ने 16.2% व एसबीआई ने 15.7% रहने का अनुमान जताया था। यह अब तक दर्ज जीडीपी में दूसरी सर्वाधिक वृद्धि दर है। इससे पहले बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20.1% दर्ज की गई थी। शेष | पेज 4

**जीडीपी@13.5% • पहली तिमाही में वृद्धि दर 2 अंकों में**




**रियल जीडीपी: 2019-20 के मुकाबले 3.8% बढ़ी**




## 13.5% रही जून तिमाही में विकास दर

विकसित अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक मंदी और महंगाई से पस्त हैं, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी ग्रोथ रेट 13.5% रही, जो पिछले एक साल के दौरान दर्ज सबसे ऊंची तिमाही विकास दर है। जून तिमाही में जीडीपी बढ़कर 36.85 लाख करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 32.46 लाख करोड़ रुपए थी।

विस्तृत@ बिजनेस &वेल्थ

आलीशान 3 BHK कोठी सिर्फ 30 लाख मे!

KEDIA
Transforming Realty

Toll Free: 1800-120-23-23 | 7877-07-27-37
www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# अच्छे मित्र, व्यक्तिगत सामर्थ्य व सुदृढ़ आजीविका मानसिक रोगों से बचाते हैं

शोध से यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट हो चुका है कि सामाजिक प्रतिकूलता खराब मानसिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण कारक है। बचपन में गरीबी, प्रतिकूल परिस्थितियों और हिंसा के वातावरण में जीवन-यापन मानसिक रोगों की शुरुआत के प्रमुख जोखिम हैं। शिक्षा में कमी भी एक बड़ा जोखिम है। इसके कारण रोजगार में कमी और आय का नुकसान होता है। अशिक्षित रहने से कमजोर आर्थिक स्थिति मानसिक रोगों का एक प्रमुख हेतु है (द लैंसेट, 392:1553-1598, 2018)। मित्रों और परिवार के सदस्यों का वृद्ध वयस्कों के स्वास्थ्य परिणामों पर बेहतर प्रभाव तो पूर्व में ही सिद्ध हो चुके हैं (टी.ई. सीमान, अमेरिकन जर्नल ऑफ़ हेल्थ प्रमोशन, 14(6):362-370, 2000)। अकेलेपन की उच्च दर विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि अकेलापन मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और अल्जाइमर रोग, कोरोनरी हृदय रोग और समय से पहले मृत्यु दर के क्रमशः 50 प्रतिशत, 29 प्रतिशत और 26 प्रतिशत बढ़े हुए जोखिम से जुड़ा है (जे.एच. होल्ट इत्यादि, अमेरिकन जर्नल ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन, 63(1):141-145, 2022)। स्वाभाविक है कि उत्तम लोगों से मित्रता का स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। किन्तु बुरे लोगों के साथ मित्रता स्वास्थ्य के लिए घातक होती है। इस पर हम आगे चर्चा करेंगे, परन्तु उसके पूर्व मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण बातें समझना आवश्यक है।

आयुर्वेद में इसे आप जीवन, धन और उत्थान की इच्छाओं और उससे जुड़े अवसरों की प्राप्तिन हो पाने से उत्पन्न भय से जोड़ सकते हैं (च.सू.11.3-6)। भय मानसिक रोगों का बीज है। चूंकि असमर्थता भयकारी होती है (असमर्थताभयकराणांश्रेष्ठम्। च.सू. 25.40),अतः अपने आपको आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय रूप से सक्षम बनाये बिना मानसिक रोगों से बचाव नहीं हो सकता। सामर्थ्य तभी ठीक कही जाती है जब आजीविका दुरुस्त हो। और आजीविका तभी दुरुस्त मानी जाती है जब आजीविका से जुड़ी सभी पूंजियों की स्थिति उत्तम हो।

आजीविका को समग्र रूप से सुदृढ़ करने के लिये वित्तीय पूँजी (धनैषणा, धन-संपत्ति आदि), भौतिक पूँजी (धनैषणा, मकान, वाहन आदि), प्राकृतिक पूँजी (धनैषणा, खेत-खलिहान, जल, जमीन, बाग़-बगीचे आदि), सामजिक पूँजी (सामाजिकसद्वृत्त, आपसी रिश्ते, मेलजोल की प्रगाढ़ता, मित्रता आदि), मानव पूँजी (प्राणैषणा, शिक्षा, ज्ञान, कौशल, स्वास्थ्य आदि), और आध्यात्मिक पूंजी (परलोकैषणा, सद्वृत्त, आचार रसायन) को बढ़ाते रहने कानिरंतर जीवन भर ठोस प्रयत्न आवश्यक है। इससे सामर्थ्य में बढ़ोत्तरी, असमर्थता में कमी और परिणामस्वरूप भय नष्ट होगा। भय को नष्ट करना मानसिक रोगों का सबसे बड़ा निदान-परिवर्जन है।

यदि आप संत ही न बन गये हों तो धन विहीन लम्बा जीवन किसी काम का नहीं है। जीवन में आजीविका और धन प्राप्ति का प्रयास न करनास्वयं में बहुत भारी ऋणात्मक कार्य है(च.सू.11.3-6): न ह्यतः पापात्पापीयोऽस्तियदनुपकरणस्यदीर्घमायुः। सुदृढ़ आजीविका प्रबंधन में आचार रसायन और सद्वृत्त का ठोस योगदान रहता है। इसके साथ ही प्राण बढ़ाने वाले कारकों में सबसे श्रेष्ठ अहिंसा, बलवर्धन करने वालों में वीर्य (जोश, बहादुरी), बृंहण या वृद्धि करने वालों कारकों में विद्या या समुचित शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल, समृद्धि करने वालों में इंद्रियों पर विजय या आत्म-नियंत्रण, मन को प्रसन्न करने वाले कारकों में तत्वज्ञान या सच्चाई का ज्ञान, और मार्गों में ब्रह्मचर्य का प्रयत्न करने वाले व्यक्ति की आजीविका सदैव सुदृढ़ होती जाती है (च.सू.30.15): तत्राहिंसाप्राणिनांप्राणवर्धनानामुत्कृष्टतमं, वीर्यंबलवर्धनानां, विद्या बृंहणानाम्, इन्द्रियजयोनन्दनानां, तत्त्वावबोधोहर्षणानां, ब्रह्मचर्यमयनानामिति; एवमायुर्वेदविदोमन्यन्ते।।

महर्षि चरक द्वारा निर्दिष्ट आहार, विहार, और आचार रसायन की युक्तियुक्त त्रिस्तरीय व्यूह रचना के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य सम्हालने का मूलमन्त्र देखिये (च.शा., 2.46-47): नरोहिताहारविहारसेवीसमीक्ष्यकारीविषयेष्वसक्तः। दाता समःसत्यपरःक्षमावानाप्तोपसेवी च भवत्यरोगः।।मतिर्वचः कर्म सुखानुबन्धंसत्त्वंविधेयंविशदा च बुद्धिः। ज्ञानंतपस्तत्परता च योगेयस्यास्तितंनानुपतन्तिरोगाः।।

> **अहंकार को एक विषम मानसिक-अग्नि के रूप में मानना चाहिये। इस विषमता का निदान-परिवर्जन या चिकित्सा युक्ति-व्यपाश्रय द्वारा नहीं बल्कि सत्वावजय द्वारा ही संभव है। चिकित्सा के अभाव में अंततः यह अहंकारी के दोष, धातु और मल जो शरीर के मूल हैं, को भोज्य बनाकर आयु का नाश करता है।**

तात्पर्य यह है कि हितकर भोजन व जीवन-शैली, समीक्षात्मक दृष्टिकोण, लोभ-लालच, मोह, ईर्ष्या, द्वेष आदि विषय-विकारों से मुक्त, उदार और दानी, समत्व-युक्त, सत्यनिष्ठ, क्षमावान, और महान लोगों के प्रति सेवाभावी व्यक्ति निरोगी रहता है। इसी प्रकार सुखदायी मति, बातचीत और कार्य वाले, सच्चाई-युक्त-अनुशासित, विशाल या निर्मल बुद्धि-युक्त, ज्ञान, तप (शाश्वत मूल्यों की प्राप्ति हेतु आत्म-नियंत्रण) एवं योग (चित्त की वृत्तियों के निरोध द्वारा आत्मस्थ होने का अनुशासन) में तत्पर व्यक्ति भी रोगों में नहीं फंसता।

समीक्षात्मक दृष्टिकोण रखते हुये कार्य संपादन एवं जीवनयापन करना; राग, द्वेष, लोभ, मोह, शोक आदि से दूर रहना; सदैव उदार रहते हुये लोगों की मदद, उपकार एवं दान करते रहना; सफलता-असफलता, सुख-दुख या लाभ-हानि की दशा में समत्व की स्थिति में रहना; सत्यनिष्ठ रहते हुये परिवार एवं समाज के साथ व्यवहार करना उत्तम स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है। लोगों से परिस्थितिवश त्रुटियाँ संभाव्य हैं। ऐसी दशा में क्षमावान रहना और क्षमा करते रहना मन-मस्तिष्क के बोझ को दूर करता रहता है। ऐसे व्यक्तियों जिनके शब्द स्वयं ही प्रमाण हों, अर्थात् जिनका कहना सब लोग मानते हों या जो अपने से वरिष्ठ हों, उन सबके प्रति सद्भावी रहना स्वास्थ्य के लिये हितकर होता है। अपना मन, बातचीत और कार्य-व्यवहार सुखकारी रखना चाहिये। विशाल दृष्टिकोण रखना चाहिये। सीखने-समझने, आत्म-नियंत्रित रहने एवं योग में तत्पर रहना चाहिये। व्यायाम, योग, यम, नियम, आसन, प्राणायाम, ध्यान इत्यादि प्रतिदिन करना बहुत उपयोगी है। आंख, नाक, कान, जीभ व चमड़ी मन के नियंत्रण हों तो मानसिक ही क्या कोई रोग नहीं होते (च.शा., 2.43)।

सद्वृत्तपालन के बिना इंद्रियां और मन स्वस्थ नहीं रह सकते। आरोग्य व इंद्रिय-विजय चाहिये तो सद्वृत्त का पालन अनिवार्य है। दरअसल ऐसा इसलिये होता है क्योंकि यदिसद्वृत्त का पालन ना हो तो मन स्वयं अपना नियंत्रण नहीं कर पाता। मन इंद्रियों का नियंत्रक है। लेकिन वह स्वयं अपना नियंत्रण ना कर पाये, तो इंद्रियों का नियंत्रण क्या ख़ाक करेगा। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में इंद्रियां अपनी मनमानीपरउतर जाती हैं। प्रज्ञापराध और असात्म्येंन्द्रियार्थ-संयोग क्रमशः अनियंत्रित मन और अनियंत्रित इंद्रियों की इसी मनमानी के परिणाम हैं (च.सू.8.17): तत्रेन्द्रियाणांसमनस्कानामनुपतप्तानामनुपतापायप्रकृतिभावेप्रयतितव्यमेभिर्हेतुभिः; तद्यथासात्म्येन्द्रियार्थसंयोगेनबुद्ध्यासम्यगवेक्ष्यावेक्ष्यकर्मणां सम्यक प्रतिपादनेन, देशकालात्मगुणविपरीतोपासनेनचेति। तस्मादात्महितंचिकीर्षतासर्वेणसर्वं सर्वदा स्मृतिमास्थायसद्वृत्तमनुष्ठेयम्।। ध्यान दीजिये कि असात्म्येन्द्रियार्थ-संयोग तो रोगों का एक जन्मदाता है ही, परजितने भी मनोविकार होते हैं, वे प्रायः प्रज्ञापराध-जन्य ही होते हैं (च.सू.7.52): ईर्ष्याशोकभयक्रोधमानद्वेषादयश्च ये। मनोविकारास्तेऽप्युक्ताः सर्वेप्रज्ञापराधजाः।।

सामाजिक पूंजी बढ़ाने में मित्रों का बड़ा योगदान होता है, परन्तु गलत लोगों के साथ मित्रता सामाजिक पूंजी को गिरा देती है। अतः गलत लोगों से दोस्ती बिल्कुल न करें (च.सू.7.56-57): पापवृत्तवचः सत्त्वाः सूचकाः कलहप्रियाः। मर्मोपहासिनोलुब्धाः परवृद्धिद्विषःशठाः।। परापवादरतयश्चपलारिपुसेविनः। निर्घृणास्त्यक्तधर्माणःपरिवर्ज्यानराधमाः।। मन, बातचीत और अपने कार्यों से गलत रास्ते में धकेलने वाले, चुगलखोर, झगड़ालू, मर्मप्रहारक उपहास करने वाले, लालची, दूसरे की उन्नति से जलने वाले, धूर्त, दूसरे की निंदा में आनंद लेने वाले, चपल,दुश्मनों का साथ देने वाले,निर्दयी,औरअपने नियत कार्यों को छोड़ने वाले लोगों के साथ दोस्ती नहीं करना चाहिये।

मित्रता उन्ही लोगों के साथ करें जोआपकी सामाजिक पूंजी को बढ़ाने में सक्षम हों (च.सू.7.58-59):बुद्धिविद्यावयःशीलधैर्यस्मृतिसमाधिभिः। वृद्धोपसेविनोवृद्धाःस्वभावज्ञागतव्यथाः।। सुमुखाःसर्वभूतानांप्रशान्ताःशंसितव्रताः। सेव्याःसन्मार्गवक्तारःपुण्यश्रवणदर्शनाः।। बुद्धि, विद्या, आयु, शील, धैर्य, स्मरणशक्ति और समाधि (असंभव या असाध्य कार्य करने के लिये कठिनाइयों में भी धैर्य के साथ लगे रहना) में कुशल, बड़ों की सेवा करने वाले, लोगों के स्वभाव को समझने की क्षमता रखने वाले, शारीरिक एवं मानसिक व्यथा से मुक्त, प्रसन्न मुख वाले, सबको शांत करने वाले, कहना मानने वाले, सही रास्ते में चलने की सलाह देने वाले, सुनने और देखना में कल्याणकारी लोगों का साथ करना ही उचित है।

इस सन्दर्भ में बृहदारण्यकोपनिषत् (5.5.2) में दम (आत्म-नियंत्रण), दान (दान, उपहार, गिफ्ट आदि), दया (सद्भावना, स्नेह, कल्याणार्थ परोपकार आदि) के सिद्धांत का पालन मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत धनात्मक प्रभाव पड़ता है। अतः दम, दान और दया को जीवन का अंग बनाया जाना उपयोगी है। यह आचार्य चरक के उस सिद्धांत से मेल खाता है जिसमें कहा गया है कि इन्द्रियों पर विजय या आत्म-नियंत्रण आनन्ददायी है (च.सू. 30.15)। यह भी मानसिक रोगों निदान-परिवर्जन है।

अहंकार को एक विषम मानसिक-अग्नि के रूप में मानना चाहिये। इस विषमता का निदान-परिवर्जन या चिकित्सा युक्ति-व्यपाश्रय द्वारा नहीं बल्कि सत्वावजय द्वारा ही संभव है। चिकित्सा के अभाव में अंततः यह अहंकारी के दोष, धातु और मल जो शरीर के मूल हैं, को भोज्य बनाकर आयु का नाश करता है। अहंकारी के अहंकार का पोषण या वृद्धि स्वयं या अन्य अहंकारी का अहंकार ही करता है। सत्त्वावजय के द्वारा प्राप्त होने वाली विनम्रता ही अहंकार ह्रास कर सकती है। चूंकि अहंकार अंतःउद्भूत है और अहंकारवश अन्य की बात सुनना या मानना मुश्किल होता है, अतः सत्त्वावजय ही लाभदायक है। अहंकार से दूर रहना भी मानसिक रोगों का निदान-परिवर्जन है।

स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये आयुर्वेद एकीकृत किन्तु बहु-आयामी और वैयक्तिक बचाव रणनीति का जनक है। इस उद्देश्य की पूर्ति आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन-वाजीकर और औषधि की एकीकृत और बहु-आयामी व्यवस्था से संपन्न होती है।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**


**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# करीरी में पहलवानों ने की जोर आजमाइश

**टोडाभीम** (निस)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत करीरी-गाजीपुर के गांव करीरी में स्थित भैरों बाबा की सप्तमी पर पूर्वी राजस्थान के लगने वाले ऐतिहासिक लक्खी मेले में शनिवार को ग्राम पंचायत के सौजन्य से विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।

भैरो बाबा के लक्खी मेले के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल में आखिरी कुश्ती दो लाख 51 हजार रूपये की हुई जिसमें आखरी मुकाबला हरकेश पहलवान हाथरस एवं मनीष पहलवान हरियाणा रोहतक के बीच बहुत ही रोचक मुकाबला हुआ जिसमे हरकेश पहलवान विजयी रहा। आखिरी कुश्ती के विजेता हरकेश पहलवान को आयोजन समिति ने दो लाख 51 हजार रूपये का नकद पुरुस्कार दिया। इस विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना ने किया।

- **कुश्ती दंगल में कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लिया**
- **कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती भी करवाई गई**



**टोडाभीम विधायक पीआर मीणा ने भीड़ को संबोधित किया।**

भैरों बाबा के मेले पर आयोजित कुश्ती दंगल में 250 से अधिक कुश्तियां करवाई गई जिसमें राजस्थान सहित अन्य प्रांतों से आये पहलवानों ने जोर आजमाईश की। इस विशाल कुश्ती दंगल में राजस्थान प्रान्त के जिला भरतपुर, करौली, दौसा, अलवर, धौलपुर, सवाई माधोपुर सहित दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित कई प्रान्तों के पहलवानों ने हिस्सा लिया।

कुश्ती दंगल में एक साथ कई कुश्तियां करवाई गई। कुश्ती दंगल देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी आई। कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती भी करवाई गई। कुश्ती दंगल में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना ने दस करोड़ की लागत से बनवायाये गए स्टेडियम की सीढ़ि यों का फीता काटकर उद्घाटन किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएसी के पर्याप्त पुलिस जाप्ते के साथ एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना, पुलिस उपाधीक्षक फूलचंद मीना, तहसीलदार पृथ्वीराज मीना, थानाधिकारी रामखिलाड़ी मीना, बालघाट थाना प्रभारी धर्मसिंह गुर्जर, नादौती थानाधिकारी बनेसिंह गुर्जर, महावीरजी थानाधिकारी अबिजित कुमार मीना, नायब तहसीलदार दिनेश मीना सहित चप्पे-चप्पे पर पुलिस व आरएसी के जवान तैनात रहे। दंगल में मुख्य अतिथि राजयसभा सांसद किरोडीलाल मीना, क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना, पूर्व विधायक घनश्याम महर, पंचायत समिति प्रधान कल्पना मीना, पालिका अध्यक्ष अमृता सियाराम, दुल्हेराम मीना, सेवानिरवृत कमिश्नर तेजराम मीना, सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त एलआर मीना, पूर्वमंत्री रामस्वरूप मीना, आप पार्टी के करौली जिला प्रभरी आशाराम मीना, भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे रामराज मीना,पूर्व प्रधान मुकेश मीना, राघव मीना, पूर्व जिला प्रमुख एवं बौल सरपंच सगरबाई मीना, डॉ रामकेश मीना,भामशाह रामनिवास मीना, क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नेता व पूर्व जिला प्रमुख शिवदयाल मीना, राजेन्द्र शेखपुरा, सहित सैंकड़ों जनप्रतिनिधी एवं लाखों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# भर्तृहरि मेले में रोज आ रहा 1500 लीटर देसी घी

**अलवर**, (निसं)। सरिस्का के जंगल में महाराजा भर्तृहरि की तपोभूमि। अलवर शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर जयपुर रोड पर जंगल में बाबा भर्तृहरि का धाम है। यहां इन दिनों मेला चल रहा है। मेले में हर साल बडी तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मालाखेडा थाना अधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि मेले को लेकर पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया है। ताकि भक्तजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। मेले में पुलिस प्रशासन द्वारा 800 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं ताकि असामाजिक व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा कुछ पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भीड़ के बीच में रहकर जेब कतरों पर निगरानी रखने का कार्य कर रहे हैं।



**मेले के दौरान आने वाले देसी घी को ड्रमों में भरते सेवक।**

खास बात ये है कि बाबा भर्तृहरि के धूने के लिए भक्त देसी घी लेकर आते हैं। मवेशियों की खैरियत के लिए यहां मन्नत मांगी जाती है। मवेशी पहली बार दूध देते हैं तो यहां भेंट के रूप में घी चढाया जाता है। बाबा के धूने के लिए ग्रामीण श्रद्धालु भेंट के रूप में घी लेकर पहुंचते हैं। हालांकि अब अखंड धूना नहीं है। इसलिए घी को ड्रमों में स्टोर किया जा रहा है। मेले में इन दिनों रोजाना 70 से 100 टिन देसी घी के हिसाब से रोजाना करीब 1500 लीटर तक घी पहुंच रहा है। भर्तृहरि धाम के संत बाबा अशोक नाथ ने जानकारी देते हुए कहा कि देश में शायद ही ऐसा कोई मेला हो, जहां श्रद्धालु इतनी बडी मात्रा में देसी घी भेंट के तौर पर लेकर पहुंचते हैं। धाम से 80 से 100 किलोमीटर के एरिया के गांव के किसान गाय-भैंस के दुधारू होने पर 1 गिलास से लेकर 2 किलो तक देसी घी चढावे के तौर पर लाते हैं। बाबा अशोक नाथ की मानें तो भर्तृहरि मेले में रोजाना 1 लाख तक श्रद्धालु आते हैं।

80 परसेंट श्रद्धालु आस-पास के गांव-देहात के होते हैं। धाम में आकर ये मन्नत मांगते हैं और अनाज व घी लेकर आते हैं। पशु के बीमार होने, दूध न देने या कम देने पर पशुपालक मन्नत लेकर यहां आते हैं, मवेशी के ठीक होने पर घी चढ़ाते हैं।ऊ बाबा अशोक नाथ ने बताया कि मेले के 3 दिन में 4500 लीटर तक घी आ चुका है।

बहुत से भक्त एक साथ 10-10 टिन घी चढावे में दे जाते हैं। 2 सितंबर से शुरू हुआ यह लक्खी मेला 4 सितंबर तक चलेगा। मेला शुरू होने से कई दिन पहले और बाद तक श्रद्धालु आते हैं।

ग्रामीण श्रद्धालु मानते हैं कि बाबा भर्तृहरि की अखंड ज्योत के सामने मन्नत मांगने से वे पूरी होती हैं। ज्योत में देसी घी ही डाला जाता है। अखंड ज्योत में घी डालने के लिए भक्तों में होड लगती है। भर्तृहरि निवासी शंकर लाल ने बताया कि अब पुजारियों को पूरा घी मिल रहा है। मेले में आए ग्रामीणों ने बताया कि किसी कारण से गांव से कोई बाबा भर्तृहरि के मेले में न जा सके तो वह गांव से जाने वाले श्रद्धालु के हाथ देसी घी भेजता है। ताकि बाबा तक उनका भोग स्वरूप घी पहुंच जाए।

## गांव ख्याली बना सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

**चूरू/मलसीसर**, 2 सितम्बर (का.सं.)। झुंझुनू जिले के मलसीसर तहसील का गांव ख्याली सांप्रदायिक सौहार्द की एक बड़ी अनूठी मिसाल बन गया है। यहां के 36 कोम के लोगों ने इकट्ठे होकर राजस्थान का सबसे बड़ा कुंवर केशरोजी महाराज का मंदिर बनाया है। यहां आगामी 3 सितंबर को रात्रि जागरण का आयोजन होगा और इससे अगले दिन 4 सितंबर को मेले का आयोजन किया जाएगा।

भगतजी रंगपाल सिंह शेखावत ने बताया कि महाराज की कृपा से आज तक जितने भी श्रद्धालु आए हैं, सभी ठीक होकर ही गए हैं। गांव के ही निवासी कलाकार करणी सिंह ने बताया कि रात्रि जागरण में यहां पर सांपों के साथ नृत्य, शांकल नृत्य, निशान नृत्य का आयोजन किया जाता है। मंदिर में हर वर्ष सांप निकलते हैं, इस वर्ष भी अब तक चार काले सांप निकल चुके हैं।

# उत्तम शौच धर्म से मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है

दशलक्षण धर्म के प्रथम तीन धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव एवं आर्जव धर्म भावना से संबंधित है। आज चतुर्थ दिवस पर हम उत्तम शौच धर्म मना रहे है। उत्तम शौच सहित आगे के पांच धर्म उपाव यानी मोक्ष मार्ग की सीढ़िया है।

शौच धर्म का शाब्दिक अर्थ है शुद्धता एवं उत्तम शौच धर्म अर्थात आत्मा की पवित्रता। सम्यग दर्शन-आत्मा के श्रद्धान के साथ उत्तम शौच धर्म का नाम दिया जाता है। उत्तम शौच ही सम्यक चारित्र है, अंतश्चेतना की क्रांति है। शारीरिक शुद्धता/पवित्रता तो बहुत आसान है परंतु आत्मा की शुद्धता/पवित्रता के लिए लोभ कषाय को त्यागना पड़ता है।

इसीलिए कहा है - लोभ पाप का बाप बखाना अर्थात् सभी पापों की जड़ लोभ है। लोभ का अभाव एवं संतोष का भाव शौच धर्म कहा जा सकता है। लोभ कषाय के अभाव होने को शौच धर्म कहते हैं। विषयों के प्रति आसक्ति, भोग की वस्तुओं के प्रति आवश्यकता से अधिक झुकाव को लोभ कहते हैं। लोभ या लालच का संबंध केवल पैसे से ही नही है, अपितु किसी भी वस्तु के प्रति अधिक आसक्ति लोभ है। सारे पापों की जड़ यह लालच ही है लालची जीव किसी भी अवस्था में संतुष्ट नहीं होता वह तो सदैव ही असंतुष्ट रहता है, और असंतुष्ट जीव की लालसा, अदेय अपेक्षा कभी समाप्त नहीं हो सकती।

सामान्यतः जो लालची होगा वह अपनी विषय पूर्ति के लिए समय आने पर अवांछित प्रक्रिया चोरी, मायाचारी, छल-कपट, हिंसा, परिठाह, बैर-भाव भी करता ही रहेगा और इस तरह के कृत्य की आदत बनी रहेगी।

यही कारण है की इस लोभ से बचना परम आवश्यक है।

सामान्यत : शरीर की शुचिता, शुद्धता को ही पवित्र मान लेते है। जैन धर्म में शरीर की शुद्धता के बजाय परिणामों की शुद्धता पर बल दिया गया है।

आत्मा को पवित्र बनाने के लिए हमें तीनों योग मन, वचन और काय को लोभ से दूर रखना होगा। लोभ के भाव का त्याग करना होगा। आत्म गुणों का चिंतन और मनन ही शौच धर्म का लक्षण है।राग द्वेष, मोह रहित रहना शौच धर्म है।



**भागचंद जैन, मित्रपुरा**

आहार विहार, आचार विचार, व्यवहार की शुद्धता, भोजन की शुद्धता, रात्रि भोजन त्यागना, अनछने जल का त्याग, सभी जीवों पर करुणा,दया, मैत्री भावना आदि शौच धर्म के कुछ लक्षण हैं।

उत्तम शौच परमाणु शक्ति से भी अधिक शक्तिशाली है। इसका ज्वलंत उदाहरण अमर चांद दीवान का है।

गंगा निकलती है तब पवित्र होती है लेकिन बाहरी संसर्ग से अपवित्र हो जाती है। इसी प्रकार आत्मा पवित्र होती है लेकिन लोभ के वशीभूत होकर अपवित्र हो जाती है।

कविवर 'पंडित द्यानतराय जी' ने लिखा है :

**धरि हिरदै संतोष, करहु तपस्या देह सों।**
**शौच सदा निरदोष, धरम बड़ो संसार में।।**

जीव के हृदय अर्थात अंतर के परिणामों में संतोष होना चाहिए तथा देह से उसे सदैव तपस्या करनी चाहिए। शौच धर्म का पालन करने वाला सदैव निर्दोष होता है, इसलिये उसे सबसे बड़ा धर्म कहा गया है।

पण्डित की ने आगे लिखा हैं -

**प्रानी सदा शुचि शील-जप-तप, ज्ञान-ध्यान प्रभाव तें।**
**नित गंग जमुन समुद्र न्हाये, अशुचि-दोष स्वभाव तें।।**
**ऊपर अमल मल-भर्यो भीतर, कौन विधि घट शुचि कहे।**
**बहु देह मैली सुगुन-थैली, शौच-गुन साधु लहे।।**

प्राणी अर्थात जीव शील,जप-तप, ज्ञान-ध्यान के भावों से ही शुचि अर्थात स्वच्छ होता है। नित्य गंगा-यमुना अथवा समुन्द्रों के पूरे जल से भी यदि इस देह को स्वच्छ करने का प्रयास करेंगे तो भी यह स्वच्छ होने वाली नहीं है। यह ठीक उसी प्रकार है, जैसे कोई घड़ा ऊपर से तो स्वच्छ है हो तथा अंदर से उसमें मल भरा हुआ हो तो कौन उसे स्वच्छ कहेगा वैसे ही, यह देह भी ऊपर से तो सुंदर दिखाई देती है परंतु अंदर झांकने पर इसके समान अस्वच्छ वस्तु कोई नहीं है।

उत्तम शौच लोभ परिहारी, संतोषी गुण रतन भंडारी।

अर्थात् निर्दोष शुचिता से लोभ कषाय का हनन होता है और ज्ञानीजन इस मैली देह के राग को छोड़कर अनंत गुणों का पुलिंदा जो आत्मा तथा उत्तम शौच धर्म है, उसे धारण करते है।

**भागचंद जैन, मित्रपुरा**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।**

## राशिफल रविवार 4 सितम्बर, 2022



**पंडित अनिल शर्मा**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 9:43 तक, विष्कुम्भ योग दिन 2:23 तक, बव करण दिन 10:41 तक, चन्द्रमा रात्रि 9:43 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 9:43 से सूर्योदय तक है। रवियोग रात्रि 9:43 से आरम्भ होगा। आज दुर्गाष्टमी, राधाष्टमी व्रत, श्री दधीची जयन्ती है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:45 से 9:18 तक, लाभ-अमृत 9:18 से 12:26 तक, शुभ 1:56 से 3:28 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:41




**मेष**

अपनी योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।



**सिंह**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। पारिवारिक सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।



**धनु**

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा।




**वृष**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**कन्या**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**मकर**

आर्थिक/वित्तीय मामलों से संबंधित समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



**मिथुन**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधित समस्या का समाधान हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**तुला**

घर-परिवार के कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा और परिवार में पारिवारिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**कुंभ**

परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में सार्थक सफलता मिल सकती है।



**कर्क**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है।



**वृश्चिक**

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल- ऊंचा रहेगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBIT



You can't get emotional about coach's job, it will come to an end: Mickey

Indeed, yes. I look back on each assignment with pride and affection.

Adult's Dementia Risk

PSYCHOLOGY: Be Kind To Yourself

Self-compassion is being an ally to yourself rather than an enemy.



*कोलम्बिया में बर्ड वॉचर युर्गेन वेगा ने एक दुर्लभ हमिंगबर्ड की खोज की है जो गत एक दशक से लुप्त थी। सैंटा मार्टा सेबरविंग चिड़िया आखिरी बार 2010 में देखी गई थी। वैज्ञानिकों को आशंका थी कि, यह प्रजाति लुप्त हो गई है क्योंकि, इसके मुख्य आवास, उष्णकटिबंधीय वनों को कृषि के लिए काटा जाता रहा है। बड़े आकार की यह हमिंगबर्ड केवल कोलम्बिया के सिएरा नेवाडा की सैंटा मार्टा पहाड़ियों में ही मिलती है। इसके पुनः नज़र आने से ऑर्निथॉलजिस्ट बहुत खुश हैं। वैसे यह केवल तीसरी बार है जब इसकी तस्वीर ली गई है। पहली बार 1946 में, फिर दूसरी बार 2010 में वैज्ञानिकों ने रिसर्च के लिए जंगल में इसकी तस्वीरें ली थीं और हाल ही में ली गई तस्वीर तीसरी है। संरक्षण संगठनों, सेल्वा, प्रोकैट कोलम्बिया और वर्ल्ड पैरट ट्रस्ट के लिए काम करते समय वेगा को यह दुर्लभ चिड़िया नज़र आई। उपरोक्त संगठन, सैंटा मार्टा पहाड़ियों के स्थानिक पक्षियों का सर्वे करते हैं। वेगा ने कहा ''जैसे ही मैंने इस हमिंगबर्ड को देखा तो मुझे सैंटा मार्टा सेबरविंग का ख्याल आया। मैंने इसकी तस्वीरें भी लीं, हालांकि मुझे शक था कि यह लैज़्युलाइन सेबरविंग भी हो सकती है। जिसे लेकर अक्सर सैंटा मार्टा सेबरविंग का भ्रम हो जाता है।'' आई.यू.सी.एन. की रैड लिस्ट में सैंटा मार्टा सेबरविंग को ''क्रिटिकली एन्डेन्जर्ड'' (गंभीर रुप से संकटग्रस्त) वर्ग में रखा गया है और यह चिड़िया, रीवाइल्ड्स सर्च फॉर लॉस्ट बर्ड्स नाम के संरक्षण संगठन की टॉप टैन मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में भी है। यह संगठन उन प्रजातियों की खोज करता है जो दस साल से लम्बे समय से नज़र नहीं आई हैं। सैंटा मार्टा सेबरविंग बेहद दुर्लभ और एकान्तवासी पक्षी हैं। वेगा ने जो हमिंगबर्ड देखी वह नर थी और उन्होंने इसे इसके चमकीले हरे पंखों, सुर्ख नीले गले और मुड़ी हुई काली चोंच से पहचाना। यह पेड़ की शाखा पर बैठी थी और गा रही थी। संभवतया यह व्यवहार प्रणय या क्षेत्र की सुरक्षा से संबंधित था। इस खोज से पता चलता है कि, दुर्लभ व खतरे में आ चुकी प्रजातियों के बारे में हमें अभी बहुत कुछ जानना है। अब अगला कदम इस प्रजाति की आबादी की तलाश करना है, ताकि इनके संरक्षण के बेहतर प्रयास किए जा सकें।*

# नॉर्थ ईस्ट में नीतीश की पार्टी को भारी झटका

## 5 जे.डी.यू. के विधायकों का भाजपा में विलय हुआ

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ **बौखला कर नीतीश कुमार ने दिल्ली की यात्रा का प्रोग्राम बनाया। दिल्ली में नीतीश विपक्ष की एकता का अभियान चलायेंगे तथा विपक्ष के नेताओं से इस मुद्दे पर गंभीर मंत्रणा करेंगे। नीतीश का तर्क है, अगर विपक्ष एक होकर चुनाव नहीं लड़ेगा तो, विपक्षी दलों का वो ही हश्र होगा जो शिव सेना का महाराष्ट्र में तथा जे.डी.यू. का मणिपुर में हुआ।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। मणिपुर जेडी (यू) के पाँच विधायकों के सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाने के एक दिन बाद, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्णय लिया कि वे अगले सप्ताह 5 सितम्बर को यहाँ आयेंगे तथ विपक्षी एकता के अपने प्रयासों को गति देने के लिये, गैर-भाजपा दलों के नेताओं से भेंट करेंगे।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की पटना में नीतीश कुमार के साथ मीटिंग होने के बाद, विपक्षी एकता के प्रयासों को कुछ बल मिला है।

जेडी (यू) के वरिष्ठ नेताओं ने पटना में मीडिया को जानकारी दी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष में एकजुटता पैदा करने के प्रयास के अन्तर्गत, विभिन्न विपक्षी दलों के राजनेताओं के साथ मीटिंग करने के लिय, 5 सितम्बर को दिल्ली जायेंगे।

सूत्रों ने कहा कि ऐसी आशा है कि वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी मीटिंग करेंगे जो इस समय उनकी गठबंधन सरकार में शामिल हैं। वे दो दिन बाद बिहार लौट जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने भाजपा को गच्चा देने के बाद, नीतीश कुमार सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के सम्पर्क में बने हुये हैं।

जेडी (यू) चाहती है कि नीतीश कुमार जो सबसे ज्यादा लम्बे समय तक बिहार के मुख्यमंत्री बने हुये हैं, अब "राष्ट्रीय भूमिका" निभाएं। ऐसी संभावना है कि वे आम आदमी पार्टी प्रमुख तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से भी बातचीत करेंगे।

एक और प्रमुख नेता, जिनसे कुमार के भेंट करने की संभावना है, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला हैं, जिनसें नीतीश उस समय से परिचित हैं, जब ये दोनों नेता लोक दल में थे।

चौटाला अपने इंडियन नैशनल लोक दल को पुनर्जीवित करके, भाजपा को चुनौती देना चाहते हैं जो हरियाणा की सत्ता में लगातार दूसरी बार आई है।

इससे पूर्व, मणिपुर जनता दल (यूनाइटेड) के पाँच विधायकों के सत्तारूढ़ भाजपा मे मिल जाने के एक दिन बाद, कुमार ने विस्मय प्रदर्शित करते हुये कहा था कि क्या यह "संवैधानिक" है। इसके साथ ही, उन्होंने पूरी दृढ़ता के साथ यह भी कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिये विपक्ष एकजुट होगा।

बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा था, "जब हम एन.डी.ए. से अलग हुये थे, मणिपुर के हमारे सभी छः विधायक आये थे और हमसे मिले थे। उन्होंने हमें आश्वस्त किया था कि वे जेडीयू के साथ हैं। हमें यह सोचने की जरूरत है कि आखिर हो क्या रहा है। वे (भाजपा) पार्टियों के विधायकों को तोड़ रहे हैं, क्या यह संविधान सम्मत है?"

कुमार ने आगे कहा था, "2024 के चुनावों के लिये विपक्ष एकजुट होगा।"

ज़ाहिर है, पाँच जनता दल (यूनाइटेड) विधायकों के भाजपा में विलय से नीतीश कुमार और उनकी पार्टी को धक्का लगा है।

विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार मणिपुर विधानसभा के स्पीकर संवधिान की दसवीं अनुसूची के तहत जद (यू) के पाँच विधायकों का भाजपा में विलय स्वीकार करने को तैयार थे।

इनमें के.एच. जोएकिशन सिंह, एन. गुरसंगलूर मानाटे, मोहम्मद उद्दीन, थांगजाम, अरूण कुमार और एल.एम. खाउटे शामिल हैं।

हाल ही हुए विधानसभा चुनावों में, जिनके गत 10 मार्च को परिणाम घोषित किए गए थे, भारतीय जनता पार्टी ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 32 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था।

इससे पहले अरूणाचल प्रदेश में जद (यू) के कई विधायकों ने भाजपा में शामिल होकर नीतीश कुमार की पार्टी को झटका दिया था और 25 अगस्त को अरूणाचल प्रदेश के एकमात्र जद (यू) विधायक टैकी कासो की राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसकी वजह से कुल 60 विधायकों में से अब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'शबाना आजमी, नसीरूद्दीन शाह व जावेद अख्तर, टुकड़े-टुकड़े गैंग की ''स्लीपर सैल'' हैं'

## मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने फिल्म जगत की इन तीनों हस्तियों को टुकड़े-टुकड़े गैंग का एजेंट बताया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ **मिश्रा का तर्क है, ये लोग केवल भाजपा शासित राज्यों के मुद्दों को ही ''हाई लाइट'' करते हैं और कांग्रेस शासित प्रदेशों को घटनाओं पर चुप्पी साधे रहते हैं, उदाहरण के लिये, कन्हैया लाल की गर्दन काट कर हत्या व झारखण्ड में महिला को जिंदा जलाने की वारदातों पर उनकी जुबान नहीं खुलती।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। मध्य प्रदेश के मन्त्री नरोत्तम मिश्रा ने आज भारतीय फिल्मों के सुप्रसिद्ध कलाकारों-शबानों आज़मी नसीरूद्दीन शाह तथा जाने माने गीतकार जावेद अख्तर को "टुकड़े-टुकड़े गैंग" का एजेंट बताया। ज्ञातव्य है कि आर.एस.एस. भाजपा समर्थक अपने विरोधियों तथा आलोचकों को निशाना बनाते समय इसी शब्दावली का प्रयोग किया करते हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्थान पर मुख्यमंत्री पद सँभालने के आकाँक्षी इन मन्त्री महोदय ने इन अभिनेत्री-अभिनेता तथा गीतकार पर निशाना साधते हुये आरोप लगाया कि ये लोग केवल भाजपा-शासित राज्यों के मुद्दों पर ही मुखरित होते हैं।

मिश्रा ने कहा, "शबाना आज़मी, नसीरूद्दीन शाह तथा जावेद अख्तर जैसे लोग "टुकड़े-टुकड़े गैंग" को स्लीपर सैल के एजेंट हैं तथा ये केवल उन्हीं घटनाओं पर शोर-गुल करते हैं जो भाजपा-शासित राज्यों में घटित होती हैं।"

आर.एस.एस.-भाजपा ने "टुकड़े-टुकड़े" गैंग शब्दावली का प्रयोग 2015 के आरम्भ में उस समय शुरू किया था, जब भाजपा की विद्यार्थी शाखा ए.बी.वी.पी. के नेताओं ने अपने अपने प्रतिद्वन्द्वी जवाहर लाल नेहरू विश्व विद्यालय छात्र संघ के नेताओं को "टुकड़े-टुकड़े" गैंग का हिस्सा बताया था तथा कहा था कि ये लोग देश को बाँटना चाहते हैं।

आज़मी ने बिलकीस बानो केस के बारे में बहुत कुछ कहा हैं। ज्ञातव्य है कि गुजरात सरकार ने इस केस के अपराधियों को 15 साल जेल में रहने के बाद रिहा कर दिया था।

आज़मी ने एक समाचार चैनल को दिये एक इन्टरव्यू में कहा था," (बिलकीस बानो के लिये) मेरे पास इसके सिवा कोई शब्द नहीं है कि मैं बहुत अधिक शर्मिन्दा हूँ। इसके अलावा, मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं।"

भाजपा नेता तथा मन्त्री मिश्रा ने आज़मी पर आरोप पर लगाया कि आज़मी उन घटनाओं के बारे में कुछ नहीं बोलतीं, जो कांग्रेस-शासित राज्यों में घटित होती हैं।

मंत्री ने कहा, "राजस्थान में कन्हैया लाल की हत्या कर दिये जाने या झारखंड में एक महिला को ज़िन्दा जला दिये जाने पर कुछ नहीं कहा था।"

उन्होंने आगे कहा, "टुकड़े-टुकड़े गैंग या अवार्ड-वापसी गैंग को ये चीजें बिल्कुल दिखाई नहीं देतीं। यह चीज़ उनकी खराब मानसिकता को उजागर करती है। इन लोगों को कोई सभ्य या धर्म निरपेक्ष कैसे कह सकता हैं ?

अभी हाल ही में, बिलकीस बानो केस के 11 अपराधियों की रिहाई के निर्णय का महिला एवं विद्यार्थी ग्रुप विरोध कर रहे थे, उनमें आज़मी शामिल हो गई थीं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सिब्बल की शिकायत?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने एडवोकेट विनीत जिन्दल के इस निवेदन को अस्वीकार कर दिया है कि सर्वोच्च

■ **एटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की शिकायत खारिज कर दी है। यह शिकायत अधिवक्ता विनीत जिंदल ने सिब्बल द्वारा सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ दिए गए हालिया बयानों के आधार पर दर्ज की थी।**

न्यायालय के कुछ फैसलों के खिलाफ वरिष्ठ एडवोकेट तथा राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल द्वारा हाल ही में दिये गये बयानों को लेकर, उनके खिलाफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगर अमेरिका ने ताईवान को हथियार बेचे तो, चीन भी जवाबी कार्यवाही करेगा'

## चीन के वॉशिंगटन स्थित दूतावास ने वक्तव्य देकर अमेरिका को चेताया

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ **अमेरिका का इस बारे में कहना है कि, हाल ही में चीन ने ताईवान के चारों तरफ, आक्रामक मिलिटरी ड्रिल की, इस उत्तेजनात्मक कार्यवाही से ताईवान की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है, अतः अमेरिका ताईवान की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिये ताईवान को ये हथियार बेच रहा है।**

■ **जैसा कि विदित ही है, अमेरिका ने ताईवान को 1.1 अरब डॉलर के हथियार व अन्य रक्षात्मक सामान बेचने का निर्णय लिया है।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। इसे एक संभावित विस्फोटक सैन्य कार्यवाही के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका ने ताईवान को 60 एंटी शिप मिसाइल्स और 100 एयर टू एयर मिसाइल्स सहित 1.1 बिलियन डॉलर के सैन्य उपकरणों की बिक्री प्रस्तावित कर चीन पर एक और उत्तेजनात्मक प्रहार किया है।

विदेश एवं रक्षा नीति के विशेषज्ञ इस घटनाक्रम को "विस्फोटक" मानते हैं क्योंकि चीन भी हाथ पर हाथ धर कर बैठने वालों में से नहीं है।

वास्तव में वॉशिंगटन स्थित चीन के दूतावास ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि यदि ताईवान को हथियारों की बिक्री की जाती है तो स्थिति के अनुसार आवश्यक जवाबी कार्रवाई की जाएगी। ए.एफ.पी. और बी.बी.सी. के अनुसार दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि हथियारों की संभावित बिक्री से अमेरिका-चीन संबंध गंभीर रूप से बिगड़ जाएंगे।

अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रैजेंटेटिव्स की स्पीकर नैंसी पेलोसी के पिछले माह हुए ताईवान दौरे के बाद चीन ने इस द्विपीय राष्ट्र के चारों और आक्रामक मिलिटरी ड्रिल्स की थीं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने उसके बाद ताईवान के लिए मिलीटरी हार्डवेयर पैकेज मंजूर किया था। पेलोसी हाल ही के वर्षों में ताइपे का दौरा करने वाली अमेरिका की हाईएस्ट रैंकिंग नेता है।

समाचार एजेंसी रॉयटर की एक रिपोर्ट कहती है कि हथियारों की प्रस्तावित बिक्री में एयर टू एयर और सतह से सतह पर मार करने वाली साइड विण्डर मिसाइल्स हैं, जिनकी कीमत करीब 85.6 मिलियन डॉलर है। इसके अलावा करीब 355 मिलियन डॉलर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रक्षा रत्नों की बिक्री?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने शनिवार को ट्वीट किया कि कितना बड़ा विरोधाभास है कि भाजपा सरकार, जो रक्षा क्षेत्र में "आत्मनिर्भरता" की घोषणा एवं दावे करती है, रक्षा -क्षेत्र के तीन

■ **कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने रक्षा क्षेत्र की तीन बड़ी स्वदेशी कम्पनियों को बेचने की सरकार की योजना पर निशाना साधा।**

रत्नों बी.ई.एम.एल., गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स तथा एम.आई.डी.एच.ए.एन.आई. को बेच रही है।

उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से, ये तीनों ही अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्होंने देश को बहुत अच्छी सेवाएं दी हैं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्र व तेलंगाना के बीच छींटाकशी और तेज हुई

## इस बार छींटाकशी की शुरूआत वित्त मंत्री सीतारमन की राशन की दुकान पर पोस्टर नहीं लगे होने पर की गई टिप्पणी से हुई

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

■ **सीतारमन ने इस बात पर आपत्ति जतायी कि, राशन की दुकान पर मोदी की फोटो वाला पोस्टर नहीं लगा था।**

■ **सीतारमन के अनुसार, जब राशन की दुकान से मुफ्त चावल मिलने की स्कीम का अधिकांश पैसा केन्द्रीय सरकार देती है, तो दुकान पर मोदी की फोटो वाला पोस्टर लगाना वाजिब है। सीतारमन ने कलैक्टर को भी आड़े हाथ लिया, जब वह तुरंत जवाब नहीं दे सका कि, मुफ्त चावल वितरण की स्कीम का पैसा कहाँ से और कितना आता है।**

■ **तेलंगाना के मंत्री के.टी. रामाराव ने राज्य सरकार का पक्ष पेश करते हुए, कटाक्ष किया कि, केन्द्र सरकार को व अन्य राज्य सरकारों को तेलंगाना को धन्यवाद देना चाहिये, राज्य से आयकर, जी.एस.टी., कस्टम, एक्साइज़ के मार्फत लगभग छयालिस हजार करोड़ रूपये केन्द्र को भेजने के लिये, जबकि तेलंगाना को केन्द्र से विभिन्न योजनाओं में केवल 28 हजार करोड़ रूपये ही प्राप्त होते हैं।**

■ **तेलंगाना के मंत्री के अनुसार, अगर तेलंगाना एक रूपये केन्द्रीय सरकार की रैवेन्यु में देता है तो, उसे केवल 46 पैसे ही केन्द्र से मिलते हैं।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। तेलंगाना में राशन की दुकान पर मोदी का पोस्टर नहीं होने से चुनावाधीन इस राज्य में आर्थिक काम काज को चर्चा का मुद्दा बना दिया है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने तेलंगाना में राशन की एक दुकान में मोदी का पोस्टर नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई और गरीबों को चावल देने पर राज्य के योगदान को लेकर उन्होंने जिलाधीश से सवाल जवाब किए इसके बाद तीखी बयानबाजी शुरु हो गई। राज्य के नेताओं ने तथ्यों व आंकड़ों के आधार पर वित्त मंत्री पर जोरदार प्रहार किए।

तेलंगाना की यात्रा के दौरान केन्द्रीय वित्त मंत्री ने एक राशन की दुकान का दौरा किया तथा मोदी का पोस्टर नहीं देखकर वे नाराज हो गईं और वहां मौजूद अधिकारियों को फटकारा कि खाद्यान्न वितरण का सबसे ज्यादा पैसा केन्द्र सरकार खर्च कर रही है। उन्होंने जिला कलैक्टर को फटकारा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि इसमें राज्य सरकार का योगदान कितना है। उनके लहजे को लेकर राज्य में सत्तारूढ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस.) के अधिकांश नेताओं ने उनकी कड़ी आलोचना की।

राशन की दुकान में मोदी का पोस्टर नहीं होने पर उनका गुस्सा समझ में आता है क्योंकि इससे गरीबों को मुफ्त अनाज देने का श्रेय लिया जा सकता है। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी चुनावों में भाजपा का वोट बैंक बन गए हैं।

केन्द्रीय वित्त मंत्री के इस व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए टी.आर.एस. के कार्यकारी अध्यक्ष तथा राज्य के उद्योग एवं आई.टी. मंत्री के.टी. रामाराव ने तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर प्रहार किया और घोषणा की कि भाजपा शासित राज्यों को तेलंगाना जो टैक्स केन्द्र को अदा करता है, उसके लिए भाजपा शासित राज्यों को तेलंगाना का शुक्रिया अदा करना चाहिए। केन्द्रीय वित्त मंत्री का दावा था कि चूंकि मुफ्त चावल योजना के लिए सबसे ज्यादा पैसा केन्द्र सरकार देती है, इसलिए राशन की दुकानों में प्रधानमंत्री मोदी का पोस्टर होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कलैक्टर की की ड्यूटी है कि वो यह सुनिश्चित करे कि राशन की दुकानों में मोदी के पोस्टर लगे हों।

कलैक्टर की उनके गरिमापूर्ण व्यवहार के लिए प्रशंसा करते हुए के.टी.आर. ने वित्त मंत्री के इस लैक्चर का जवाब देने के लिए तथ्यों और आंकड़ों का हवाला दिया कि मोदी सरकार दानदाता कैसे है।" उन्होंने दावे से कहा कि तेलंगाना द्वारा देश को दिए गए प्रत्येक एक रूपए में से उसे बदले में 46 पैसे मिले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020-21 के वित्त वर्ष में तेलंगाना ने 46 हजार 117 करोड़ रूपयों का अंशदान दिया जबकि उसे केन्द्र सरकार से बदले में 28 हजार 163 करोड़ रूपए ही मिले। इसके बाद उन्होंने इनकम टैक्स, सैन्ट्रल एक्साइज, कस्टम्स ड्यूटी, सर्विस टैक्स और सी.जी.एस.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'केस लिस्टिंग'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। बार काउन्सिल ऑफ इंडिया (बी.सी.आई.) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने इस बात के लिये भारत के नये मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित की भूरि-

■ **बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने भारत के नई चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित की जोरदार प्रशंसा की, जिन्होंने आते ही सुप्रीम कोर्ट में केस लिस्टिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित कर दी है।**

भूरि प्रशंसा की है कि वे सर्वोच्च न्यायालय में केसों की लिस्टिंग की बड़ी समस्या, जो पिछले कई सालों से यथावत बनी हुई है, को ठीक कर रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के चार जजों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में शनिवार को 265 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी जयपुर में नए करोना संक्रमितों की संख्या में कमी आ रही है। लगातार तीसरे दिन भी शनिवार को जिले में सौ से कम नए संक्रमित मिले हैं।

वहीं राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 265 नए मरीज सामने आए हैं। इस बीच साढ़े चार सौ से ज्यादा संक्रमित ठीक हुए हैं।

प्रदेश में शनिवार को 26 जिलों में 17 हजार 629 जांचों पर 265 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को इनकी संख्या 262 रही थी। इधर राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या सौ नीचे बनी हुई है।

इसके चलते पिछले चौबीस घंटों में जिले में 68 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 26, अजमेर व अलवर में 16-16, डूंगरपुर में 15, प्रतापगढ़ में 14, दौसा और नागौर में 12-12, सीकर और चित्तौड़गढ़ में 11-11, भीलवाड़ा व पाली में 8-8, झालावाड़, कोटा व राजसमंद में 6-6, उदयपुर में 5, भरतपुर व झुंझुनूं में 4-4, बांसवाड़ा, बूंदी व सिरोही में 3-3, बीकानेर, जालोर और सवाई माधोपुर में 2-2 तथा हनुमानगढ़ व टोंक में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

■ राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है, वहीं साढ़े चार सौ से अधिक संक्रमित ठीक हुए हैं।

प्रदेश में पिछले कई दिनों बेहतर रिकवरी हो रही है। शनिवार को भी राज्य में 463 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 2133 रह गए हैं।

राजधानी जयपुर में भी आज 157 रोगियों के स्वस्थ होने से 695 एक्टिव केस रह गए हैं। इसके अलावा जोधपुर को छोड़कर बाकी अन्य जिलों में डेढ़ सौ से कम मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9628 संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

जयपुर में शनिवार को 26 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 11 नए मरीज जगतपुरा इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा सांगानेर में 9, मानसरोवर में 6, मालवीय नगर में 5, झोटवाड़ा में 4, बस्सी व दुर्गापुरा में 3-3, गोपालपुरा व विद्याधर नगर में 2-2 तथा आमेर, बरकत नगर, चाकसू, चौमूं, देव नगर, गांधी नगर, हरमाड़ा, जवाहर नगर, कोटपूतली, महेश नगर, सांभर, शास्त्री नगर, सोड़ाला, तिलक नगर, तोपखाना और विराट में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 7 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

## उत्तम शौच लक्षण भक्ति भाव से मनाया

**जयपुर।** दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के चल रहे दशलक्षण महापर्व में चौथे दिन शनिवार को वीतराग धर्म का उत्तम शौच लक्षण भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर जयकारों से गुंजायमान हो उठे।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रात: श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा के बाद दशलक्षण धर्म की विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में दशलक्षण महापर्व के दौरान चल रहे दस दिवसीय श्रावक संस्कार साधना शिविर में आयोजित धर्म सभा में गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ने उत्तम शौच लक्षण पर प्रवचन दिया, जिसमें बताया गया कि शौच मतलब पवित्रता, शुचिता, आत्मा की शुद्धि। लोभ पाप का बाप है। लोभ का विसर्जन आवश्यक है।

# 'बाढ़ व सूखे से बचाने के लिए एक ग्राम पंचायत को मॉडल बनाया जाएगा



डॉक्टर नीलम गोयल ( भारत की परमाणु सहेली ) और विप्र गोयल ( आईआईटी खड़गपुर ) ने अग्रवाल प्रदेश महासभा में मॉडल ग्राम पंचायत निर्माण पर सेमिनार का आयोजन किया।

**जयपुर।** डॉक्टर नीलम गोयल (भारत की परमाणु सहेली) और विप्र गोयल (आईआईटी खड़गपुर) ने अग्रवाल प्रदेश महासभा में मॉडल ग्राम पंचायत निर्माण पर सेमिनार का आयोजन किया

भारत देश को बाढ व सूखे से बचाने के लिए पूरे भारत की ढाई लाख ग्राम पंचायतों में से 1 ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के लिए अग्रवाल प्रदेश महासभा विद्याधर नगर में सेमिनार का आयोजन किया गया।

डॉ. नीलम व विप्र ने बताया कि पूरे भारत का 60फीसदी भूजल स्तर पिछले 10 वर्षों में ही खत्म हो चुका है और भूजल का 90फीसदी दोहन सिंचाई में हुआ है। इससे जमीन में पानी बहुत नीचे चला गया है और राजस्थान राज्य का 75 फीसदी भूभाग डार्क जोन घोषित हो गया है। दूसरी तरफ बारिश का 65 प्रतिशत पानी, नदी-नहर-नालों से होता हुआ, गाँव-गाँव से व्यर्थ ही समुद्र-सागरों में चला जाता है। यानी हमारी जमीन के ऊपर का पानी व जमीन के अंदर का पानी खत्म हो चुका है।

■ अग्रवाल प्रदेश महासभा में मॉडल ग्राम पंचायत निर्माण पर सेमीनार का आयोजन हुआ

ऐसे में आने वाले समय में पानी की एक बहुत बड़ी समस्या का सामना हमें करना होगा। इसलिए समय रहते हमें इस समस्या के समाधान के लिए हमें हर खेत की 5 फीसदी जमीन पर जलखेत बनाकर पूरे भारत के सामने 1 ग्राम पंचायत को मॉडल बनाकर एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत करना होगा ताकि भारत को बाढ़ व सूखे से निजात मिलेगी और बारिश का पानी व्यर्थ बह कर नही जाएगा।

किसान एक फसल की जगह तीन फसल लेगा। कार्यक्रम में अग्रवाल प्रदेश महासभा के अध्यक्ष रधेश्यम अग्रवाल ने परमाणु सहेली डाक्टर नीलम गोयल व विप्र गोयल के द्वारा बनाए जा रहे माडल ग्राम पंचायत के लिए पूर्ण सहयोग का वादा किया व नठमल बंसल, लखन गोयल, बजरंग गुप्ता, मक्खनलाल कांडा, प्रह्लाद गुप्ता आदी सभी कार्यकारी सदस्यों ने सराहना की।

## श्री रामचंद्रजी मंदिर में विराजे श्रृंगारित लखदातार

**जयपुर।** श्री राधे राधे सेवा परिवार, चांदपोल बाजार का 15वां वार्षिकोत्सव शनिवार को चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन रामचंद्रजी मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फूलों से सजे मंदिर प्रांगण में श्याम प्रभु का दरबार सजाकर अखंड ज्योत प्रज्वलित की।

कोलकाता के कारीगरों ने फूल और गोटा पत्ती से राजमहल में विराजमान लखदातार का ऐसा मनमोहक श्रृंगार किया। इस पर श्रद्धालुओं की नजर श्याम प्रभु को एकटक निहारती रहीं। वहीं छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। रंग-बिरंगी रोशनी के बीच दूधिया सफेद कुर्ता-पायजामा पहने श्याम भक्तों के समूह ने आयोजन में श्याम मय बना दिया। श्री राधे राधे सेवा परिवार, चांदपोल बाजार के अध्यक्ष प्रतीक गोयल और महामंत्री चेतन अठावाल ने बताया कि वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आयोजित भजन संध्या का श्रीगणेश कलिकाल वंदित खाटू नरेश श्रीश्याम प्रभु की महाआरती से हुआ। इसके बाद पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के बीच गोविंद शर्मा ने आओ-आओ जी गजानंद भजन के माध्यम से प्रथम पूज्य गणपति की वंदना कर कार्यक्रम के निर्विघ्न रूप से संपन्न होने की प्रार्थना की। मामराज अठावाल ने गुरु वंदना गाकर गुरू भक्ति की महिमा का बखान किया। अमित नामा ने हारे के सहारे आजा...भजन सुनाकर करोड़ों लोगों के आराध्य श्याम प्रभु को रिझाया। पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु श्रोतागण भजन की मधुर स्वर लहरियों में गोते लगाते हुए श्याममय हो गए। महेश परमार ने मन की बातां सांवरिया ने... गाकर भजन प्रवाह को बनाए रखा। मनीष गर्ग घी वाला ने भजनों की इस रसगंगा को अपने चिर परिचित भजनों से उपस्थित जन समूह को नृत्य करने के लिए मजबूर कर दिया।

■ श्री राधे राधे सेवा परिवार का 15 वां वार्षिकोत्सव का समापन

## आंगनबाड़ी में मनाया नन्ही बच्ची का जन्मदिन

**जयपुर।** नागरिक सेवा समूह मुरलीपुरा की ओर से मुरलीपुरा की आंगनबाड़ी नंबर चार में कुमारी कविया के जन्मदिन पर इतने उपहार भेंट किए कि उपहार घर ले जाना मुश्किल हो गया। रिक्शे में रखकर उपहार घर ले जाने पडे। समूह से जुडे लोगों ने प्रारंभ में बच्ची के जन्मदिन पर खुशियों के दीप जलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहुतियां अर्पित कीं। इसके बाद सभी ने पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया। इसके बाद शुरू हुआ उपहार देने का सिलसिला जो काफी देर तक चला। पार्टी वियर ड्रेस, कुर्सी-टेबल सैट, कैरम बोर्ड, स्टडी टेबल, गोलक, क्यूब बॉक्स, टेडी बियर, स्कूल बैग, पानी की बोतल, पिकनिक बैग,होला हूप रिंग, मंत्र जप मशीन, घंटी, बांसुरी सहित अन्य उपहार भेंट किए गए। इतने अधिक उपहार देखकर बच्ची और अभिभावकों के चेहरे खिल गए। बच्ची के अभिभावकों ने कहा कि उनकी बेटी के जन्मदिन पर समाज के सभी वर्गों का सहयोग और स्नेह देखकर हम अभिभूत है।

# छह लाख रूपए की लूट का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी की भांकरोटा थाना पुलिस ने इलाके में हुई छह लाख रूपए की लूट का खुलासा कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की पूरी रकम और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया आरोपित राजू भोपा (35) निवासी दादरी हरियाणा हाल जुई कलां, विजय कुमार (28) निवासी बुहाना झुंझुंनू और राज भोपा (26) निवासी किशनगढ़ जिला अलवर हाल भिवानी को भिवानी से गिरफ्तार किया है।

एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत ने बताया कि अलवर निवासी भवानी उर्फ रमेश 29 अगस्त को साथी राज भोपा के साथ जयपुर आया था। ज्वैलर्स के यहां गहने गिरवी रखकर छह लाख रुपए लेकर जा रहे थे।

■ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की पूरी रकम और वारदात में काम ली बाइक बरामद की

सिरसी रोड बिंदायका में बाइक सवार दो लड़कों ने उनका टेंपो रोक लिया। ज्वैलर्स के वापस बुलाने की कहकर नीचे उतार मारपीट कर छह लाख रुपए लूट ले गए।

पुलिस ने पीड़ित के साथी राज से पूछताछ करने पर शक हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर राज ने लूट में शामिल होना स्वीकार लिया। पुलिस ने उसके दोनों साथियों को भी पकड़ लिया।

## ठग गिरफ्तार

**जयपुर।** विशेष अपराध एवं साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक शातिर साइबर ठग को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया गिरफ्तार शातिर साइबर ठग मयंक राजा पार्क दिल्ली का रहने वाला है। आरोपित लोगों को फोन कर क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त कर मोबाइल पर लिंक भेजकर सर्वर डाउन होने का बहाना बनाता है और फिर ओटीपी प्राप्त कर लाखों रूपए की ठगी करता था।

## सार-समाचार

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की शिप्रा पथ थाना पुलिस ने शनिवार को शातिर पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। यह लोगों को विदेश भेजने के नाम पर रूपए हड़पते थे। आरोपित दंपति की एसओजी को काफी दिनों से तलाश थी। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया गिरफ्तार आरोपित अनुराग शर्मा (53) और उसकी पत्नी अनिता शर्मा (45) ग्रीन फील्ड होम्स, पटेल नगर, मुहाना हाल ईको विलेज नोएडा यूपी के रहने वाले हैं। आरोपित अनुराग शर्मा पूर्व में शेयर मार्केट का काम करता था। जिसमें नुकसान होने पर उसने विदेश भेजने के नाम पर लोगों से रूपए हड़पने की वारदात करना शुरू कर दिया। आरोपित मध्यप्रदेश, गुजरात, नई दिल्ली, नोएडा यूपी में कई लोगों कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं।

### हुक्का बार पर छापा

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की श्याम नगर थाना पुलिस ने इलाके स्थित में अजमेर रोड स्थित कलस्टर कैफे में एक हुक्का बार पर छापा मार मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया अजमेर रोड स्थित कलस्टर कैफे में हुक्का पिलाने की सूचना पर पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक बना कर भेजा गया था। उसका इशारा मिलते ही टीम ने कैफे में दबिश दी, जहां पुलिस ने कैफे मैनेजर आशीष यादव निवासी अजीतगढ़, पुनीत निवासी आजमगढ़ यूपी और भूपेन्द्र सिंह निवासी बांदीकुई को हुक्का पिलाते गिरफ्तार किया है। वहीं मौके पर हुक्का पी रहे 31 व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में चालान काट करीब 6 हजार रूपए की राशि वसूली गई है।

### 'टूटा टाइगर' पुस्तक का विमोचन

**जयपुर।** श्रीलंका में लिट्टे की समस्या के दौरान श्री श्री रवि शंकर के मध्यस्थता के प्रयासों के दौरान हुए अनुभवों की अब तक की अनसुनी कहानियों को समेटे हुए द टाइगर्स पॉज़ का हिंदी संस्करण टूटा टाइगर पुस्तक के लेखक आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक स्वामी विरूपाक्ष जयपुर दौरे पर हैं। इसे गरुड प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। आज आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान के जयपुर चैप्टर के द्वारा स्वामी विरुपाक्ष जी के साथ मीडिया से चर्चा का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग एपेक्स सुरेश कालानी एवम नरेश ठकराल के द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया।

### राधाष्टमी पर बधाई गान आज

**जयपुर।** सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित शुक संप्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में रविवार को शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्री राधाष्टमी महोत्सव एवं आचार्य महाप्रभु स्वामी श्री श्याम चरण दास महाराज का छठी महोत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को शुक संप्रदायाचार्य पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में दोनों महोत्सवों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बडे भैया ने बताया कि रविवार को शाम 7 बजे से किशोरी जी के प्राकट्यय की बधाइयां गाईं जाएंगी।

### मां-बेटी सहित तीन गिरफ्तार

**जयपुर,(कासं)।** कोटा से जयपुर आई किशोरी से गैंगरेप के मामले में खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मां-बेटी सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ईस्ट डॉ.राजीव पचार ने बताया कि मानव तस्करी विरोधी यूनिट की सूचना पर खानिया बंधा आगरा रोड स्थित मकान में बंधक किशोरी को दस्तयाब किया गया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कोटा स्थित घर में गुस्से से यहां आ गई थी, जहां चौकीदार महेन्द्र ने सुनीता जाटव के मकान में रखा और उसने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इस काम में महेंद्र का साथ सुनीता और उसकी बेटी ने दिया। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महेन्द्र कुमार (45) निवासी गांव अपरोडा नगर भरतपुर और महिला सुनीता (45) निवासी गांव खेडीमेडा टोडाभीम करौली को गिरफ्तार कर एक किशोरी को निरुद्ध किया है।

### दो युवक नेवटा बांध में डूबे

**जयपुर।,(कासं)।** राजधानी के सेज थाना क्षेत्र स्थित नेवटा बांध में दो युवक पानी में डूब गए, जिनका फ़िलहाल पता नहीं लग सका है। वहीं दो युवक तैर कर पानी से बाहर आ गए। सिविल डिफेंस टीम ने शनिवार रात को रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया। थानाधिकारी सत्यपाल सिंह ने बताया रामनगर सोडाला निवासी गौरव जसोरिया अपने बनीपार्क निवासी दोस्त के साथ नेवटा बांध घूमने गया था। यहां एक नाव वाले से अंदर घुमाने की कहकर दोनों उस पर सवार हो गए। नाविक के साथ एक स्थानीय युवक भी नाव में सवार था। इस दौरान पानी के बीच दोनों युवक सेल्फी लेने लगे तो नाव का बैलन्स बिगड़ गया, जिससे चारों युवक पानी में गिर गए। नवी और गौरव पानी में तैर कर बाहर आ गए, लेकिन दो युवको का पता नहीं चल सका है। सिविल डिफेन्स ने देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं लगी।

### रामचरिमानस पाठ शुरू

**जयपुर।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित नगर निगम ऑफिस के पास रामजी टेंट एंड इवेंट हाउस में शनिवार को रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। विद्याधनगर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर के महंत बालकिशन दास महाराज ने पूजा-अर्चना कर पाठ का श्रीगणेश किया। मुकेश जोशी एवं अन्य ने राम दरबार की आरती उतारी।

## रुपए लूटने वाले तीन बदमाश पकड़े

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की भांकरोटा थाना पुलिस ने रिंग रोड के पास ट्रेलर चालक से तीन सौ रूपए लूटने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास लूट में इस्तेमाल स्कार्पियो कार बरामद की है। डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि आरोपी विवेक उर्फ भूरिया (25) निवासी चौथ का बरवाड़ा, पोलू उर्फ गोलू (20), बबलू उर्फ कीडा (35) निवासी दूनी जिला टोंक, सूरज (20) निवासी पंडेर जिला भीलवाड़ा हाल सभी प्रहलादपुरा शिवदासपुरा को मुखबिर की सूचना पर रिंग रोड के पास नेवटा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों ने 29 अगस्त की रात महापुरा बस स्टैंड के पास सड़क किनारे ट्रेलर खड़ा कर टायर चेक कर रहे चालक गोपाल सिंह के साथ वारदात की थी। आरोपी उससे मारपीट कर चाकू की नोंक पर 300 रूपए लूट ले गए थे।

## सुरक्षा व सुविधा के साथ हो राज्य में धार्मिक मेलों का आयोजन

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में धार्मिक मेलों के सफल व सुरक्षित आयोजन हेतु राज्य सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसके लिए धर्म-गुरूओं और सामाजिक संस्थानों के साथ समन्वय कर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों व तीर्थ स्थानों के विकास हेतु पेयजल, शौचालय, पार्किंग, सड़क मार्गों, आधारभूत संरचनाओं का विकास सहित सभी मांगों पर सरकार द्वारा विचार किया जाएगा तथा इसके लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

गहलोत शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर धार्मिक स्थलों पर मेलों तथा अन्य आयोजनों में सुरक्षा एवं प्रबंध के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बैठक का विशेष मकसद धर्म गुरूओं तथा मेलों के आयोजन से जुड़े लोगों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त करना था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि धार्मिक मेलों के आयोजन में इस प्रकार की व्यवस्था की जाए कि दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि मेलों के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन तथा मेला समिति में अच्छा समन्वय आवश्यक है। दोनों के बीच नियमित अंतराल पर बैठकें होती रहनी चाहिए।

गहलोत ने कहा कि बड़े तीर्थ स्थलों के साथ छोटे मंदिरों में प्रबंधन संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए राज्य सरकार इनके प्रतिनिधियों से भी संवाद स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि सभी मेलों में एम्बुलेन्स, फायरब्रिग्रेड तथा सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मंदिरों के दर्शन में बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं को प्रमुखता दी जाए तथा सुरक्षा के प्रबंध चाकचौबन्द हो।

श्रद्धालुओं की ज्यादा आवक वाले

## जेलों में विभिन्न कार्यों के लिए 35.81 करोड़ रूपए की मंजूरी

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की विभिन्न जेलों में आवश्यक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, नवीन निर्माण कार्यों एवं उपकरण खरीद के लिए 35.81 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

गहलोत की इस स्वीकृति से प्रदेश के 7 जिला कारागृहों में 20.78 करोड़ रूपए की लागत से अतिरिक्त बैरक का निर्माण होगा। विभिन्न केन्द्रीय व जिला कारागृहों में सुरक्षा के लिए 3.68 करोड़ रूपए की लागत से वॉच टॉवर बनेंगे। केन्द्रीय कारागृहों कोटा, चूरू व झुंन्झुनूं में अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 2.46 करोड़ रूपए तथा अजमेर, टोंक, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा व हनुमानगढ़ में मुलाकात कक्षों के आधुनिकीकरण के लिए 92.36 लाख रूपए का भी प्रावधान किया गया है।

# मध्यप्रदेश के दो अंतर्राज्यीय नकबजन गिरफ्तार

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी की बजाज नगर थाना पुलिस ने शनिवार को दो अंतर्राज्यीय नकबजनों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने सांगानेर, बजाज नगर, नागपुर सहित विभिन्न जगहों पर डेढ़ दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार ने बताया गिरफ्तार आरोपी अनूप सिंह (36) और अभिषेक सिंह (29) शाहपुरा थाना हबीबगंज जिला भोपाल एमपी के रहने वाले है। यह इतने शातिर है कि वारदात के वक्त एक दूसरे से संपर्क रखने के लिए वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं।

वहीं, चोरी की गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सूने मकानों की रेकी कर वारदात को अंजाम देते है। आरोपी फरार होते समय रास्ते में पड़ने वाले टोल टैक्सों पर गाडी की नंबर प्लेट बदलते रहते है।

■ आरोपियों ने जयपुर में डेढ़ दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि देव नगर निवासी सुरेंद्र कुमार का बड़ी चौपड़ पर नगीनों का कारोबार है। अप्रेल माह में उसने बेटे की शादी की थी। घर में शादी में मिली रकम सहित आभूषण रखे हुए थे। 20 अप्रेल को वह परिवार सहित होटल में खाना खाने गए थे।

इसी दौरान दोनों नकबजन घर के ताले तोड़ अंदर घुसे और अलमारी में रखे 30 लाख रूपए नकद और 70 लाख रूपए के जेवरात चुरा ले गए। वारदात में इस्तेमाल गाडी नागपुर में बरामद हुई थी।

# नेट थिएट पर भजनों की प्रस्तुति




नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में युवा भजन कलाकार आनंद पुरोहित ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी।

**जयपुर, (का.सं.)।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में आज उभरते युवा भजन कलाकार आनंद पुरोहित ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी की श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार आनंद ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध भजन प्रभु मेरे अवगुण चित ना धरो से कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उसके बाद उन्होंने मरहूम मोइनुद्दीन खान साहब जिनकी गायकी की स्व.लता मंगेशकर बहुत बड़ी प्रशंसक रही का बहुत ही लोकप्रिय भजन मनड़ो लागो मेरो यार फकीरी में, जो सुख पायो राम भजन में, सो सुख नहीं अमीरी में सुना कर लोगों का मन जीत लिया इसके बाद सब मिल गुरु को कीजे प्रणाम और अंत में ब्रिज के नंदलाल और ओं जी हरि कित गए कित गए नेहा लगा के गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

इनके साथ तबले पर युवा तबला वादक बरकत अली खान झांसी वालों ने असरदार संगतकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी।

# प्रदेश में इस वर्ष अगस्त तक तीन सौ से अधिक रिश्वत के मामले सामने आये

**जयपुर।,(कासं)।** प्रदेश में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस वर्ष अगस्त तक पीसी एक्ट के तहत 344 प्रकरण भ्रष्ट लोकसेवकों एवं उनके सहयोगी दलालों आदि के खिलाफ पंजीबद्ध किए है।

एसीबी के के अनुसार इनमें 316 मामले रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडे जाने के हैं और 16 प्रकरण आय से अधिक संपत्ति एवं 12 मामले पद के दुरुपयोग के शामिल हैं। एसीबी ने इस साल अगस्त तक 399 प्रकरणों में अनुसंधान का अंतिम परिणाम विशिष्ट न्यायालयों में प्रस्तुत किया जिनमें 316 मामलों में चालान पेश किया गया जबकि 83 प्रकरणों में एफआर लगा दी गई। इस वर्ष अब तक 479 प्रकरणों में एसीबी मुख्यालय द्वारा निस्तारण आदेश विस्तृत विवेचना के उपरांत पारित किए गए, जिनमें 327 ट्रेप, 32 आय से अधिक संपत्ति एवं 120 मामले पद के दुरुपयोग के शामिल हैं।

गत वर्ष 2021 में 325 प्रकरण पंजीबद्ध हुए थे। इनमें 290 ट्रेप, 15 आय से अधिक संपत्ति एवं 20 पद के दुरुपयोग के शामिल हैं। पिछले वर्ष एसीबी मुख्यालय से 470 मामलों के निस्तारण आदेश पारित हुए जिनमें 407 ट्रेप, 14 आय से अधिक संपत्ति एवं 49 पद के दुरुपयोग के शामिल हैं जबकि 293 मामलों में अनुसंधान का अंतिम परिणाम न्यायालयों में प्रस्तुत किया गया जिनमें 247 चालान एवं 46 एफआर शामिल हैं।

वर्ष वर्ष 2020 में 187 मामले सामने आये जिनमें 163 ट्रेप, चार आय से अधिक संपत्ति एवं 20 पद के दुरुपयोग के शामिल हैं। एसीबी मुख्यालय द्वारा 130 मामलों में निस्तारण आदेश पारित किया जिनमें 109 ट्रेप, दो आय से अधिक संपत्ति एवं 19 पद के दुरुपयोग के हैं जबकि 145 मामलों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिनमें 121 चालान एवं 24 में एफआर शामिल हैं।

## इन्वेस्ट समिट 7-8 अक्टूबर को

**जयपुर।** राजस्थान में इंडस्ट्रियल ग्रोथ बढ़ाने और रोजगार जनरेट करने के लिए सरकार अगले महीने 7-8 अक्टूबर को इन्वेस्ट राजस्थान समिट जयपुर के सीतापुरा में करने जा रही है। लेकिन इस समिट से पहले सरकार के लिए बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्या सबसे बड़ी है। अधिकांश उद्योग धंधे महंगी बिजली, पानी की कमी और रोड-ड्रेनेज जैसी समस्याओं से परेशान है। इसको लेकर पिछले कुछ समय से प्रदेश के कई बड़ी कंपनियां राजस्थान छोड़कर जा चुकी है। उद्योग भवन में आज एक मीडिया ब्रीफ में बात करते हुए उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने भी इस बात को माना कि इसमें हमारा लक्ष्य 10 लाख करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट को लाना है।

# जेके लोन अस्पताल से गायब हुए मां-बेटे मिले

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में जेके लोन अस्पताल में मां-बेटे के गायब होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में तत्परता के साथ कार्रवाई करते हुए 24 घंटों में दोनों को सीकर से दस्तयाब कर लिया।

पुलिस उपायुक्त डॉ राजीव पचार ने बताया कि परिवादी विक्रम सिंह की ओर से 2 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि उसने 27 अगस्त को अपने 11 महीने के बेटे को जेके लोन अस्पताल में भर्ती कराया था। जेके लोन अस्पताल में बेटे का उपचार चल रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी उसके साथ अस्पताल में थी। 2 सितंबर को दोपहर में मां-बेटे को देखा तो वह अस्पताल में नहीं मिले।

जब यह मामला पुलिस के सामने आया तो पुलिस ने तत्काल मामले को गंभीरता से लिया। मां-बेटे को दस्तयाब करने के लिए टीमें बनाई गई। पुलिस टीमों ने सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर तलाश करना शुरू किया। वहीं महिला के बारे में पडताल की गई तो सामने आया कि महिला आसाम की रहने वाली है व दलाल के माध्यम से उसकी शादी हुई है। ऐसे में पुलिस ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए महिला व उसके बेटे की तलाश की। शुक्रवार रात भर पुलिस ने जेके लोन, एसएमएस अस्पताल, सिंधी कैंप व रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज निकाले। जिसके आधार पर शनिवार को पुलिस ने मां-बेटे को दस्तयाब किया। इसके बाद दोनों को परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया।

बता दें, पिछले दिनों एसएमएस अस्पताल से एक बच्चा चोरी होने का मामला सामने आया था। जिसके बाद जयपुर पुलिस की ओर से बच्चे को दस्तयाब करने के लिए सर्चिंग अभियान चलाया गया था। पुलिस ने बच्चा चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और बच्चे को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था।



## Read A New Book Month

When a person opens the pages of a new book, they can easily find themselves swept up in a delightful world of unique and interesting characters and stories, or maybe just compelling information. The best books, even instructional ones, guide the reader through a storyscape that builds up and shares the vision of something the author wanted to share with the people of the world. Read A New Book Month is the perfect opportunity to pick up that novel you've been meaning to start.



#PSYCHOLOGY

# Be Kind To Yourself

If you're like many people who put unfair pressure or expectations on themselves, you may know these kinds of self-critical thoughts well.



Imagine you've been planning for a high-stakes situation, such as a difficult conversation with a friend, an important sports game, or a presentation for your company's leadership team. You've spent months rehearsing what you'll say or do. But then, once you're in front of your friend, the game starts, or you face your colleagues and superiors - you choke.

No words come out. You stiffen and miss your shots.

Anxious, embarrassed, you're terrified you'll lose your friend, get dropped from the team, or miss your chance at the promotion. Afterwards, you run somewhere private to cry or squirm, or both.

As you stand there, tears flowing and stomach churning, you're hit with a flurry of thoughts:

*Seriously?*

*She'll never speak to me again. / I'll never get picked for the team again. / I'm never getting promoted.*

*How did I mess that up when I practised for so long?*

*What made me think I was worthy in the first place?*

*I'll never succeed at anything.*

If you're like many people who put unfair pressure or expectations on themselves, you may know these kinds of self-critical thoughts well. This doesn't mean you like them, but they've frequented your mind nonetheless.

### Self-criticism Doesn't Work

When we respond with self-criticism in moments of emotional pain, we're making a deliberate effort to reduce our suffering. In terms of evolution, self-criticism developed as a response to social emotions, such as shame, humiliation and guilt, with the purpose being to increase our sense of control, self-protect from others' judgment, redirect our anger, and motivate ourselves to change our behaviour next time. In short, self-criticism is an evolved strategy to stay part of the in-group in order to survive.

People believe that the harsher they are on themselves, the more motivated to change – and consequently accepted by others - they'll be. If they just push themselves harder in the face of painful emotions, they'll come out the other side stronger. If they hold themselves to impossible standards, they're sure to meet them eventually. Their overarching belief is that self-criticism, in all its forms, means getting better, working harder, and achieving more.

But it's not that simple. Self-criticism doesn't increase your sense of control, but rather tricks your brain into feeling in control. Instead of protecting you from others' judgment, self-criticism subjects you to your own. While it may redirect anger, this means emotions are suppressed rather than expressed. And while some will say they need self-criticism to motivate themselves to change, this goes against a core tenet of behaviourism: that punishment is not as powerful as reinforcement.

Fortunately, there's a smoother, less travelled road you can choose to take, and it's the antidote to self-criticism. This is self-compassion.

### Beneficial Alternative

Psychologist and self-compassion experts explain compassion as being open to and moved by one's own suffering, experiencing feelings of caring and kindness toward oneself, taking an understanding, non-judgmental attitude toward one's inadequacies and failures, and recognising that one's experience is part of the common human experience.

In short, self-compassion is being an ally to yourself rather than an enemy.

Self-compassion involves three closely connected components: self-kindness, common humanity, and mindfulness. Self-kindness is as it sounds: it's the act of treating yourself kindly, rather than with harsh criticism. Common humanity involves acknowledging that humans are flawed works-in-progress who are all connected to each other, if only through the fact that they all struggle in some way. Finally, mindfulness is the process of neither pushing away nor clinging to any thought or feeling - it's the experience of simply observing everything as it is.

Those higher in self-compassion judge themselves less, experience less depression and anxiety, use more adaptive coping strategies, are motivated to grow for intrinsic reasons (as opposed to for social approval), are more self-accepting, feel more socially connected, and report greater life satisfaction. Compared with those low in self-compassion, people high in self-compassion also fare better physically: they experience fewer symptoms of illness, lower-intensity pain and better-quality sleep.

These benefits are attributable, at least in part, to self-compassion's ability to deactivate the body's threat system (which is associated with insecurity and defensiveness) and to activate its self-soothing system (which is associated with feelings of safety). Self-compassion triggers the release of oxytocin, a hormone that is involved in regulating stress and calming the nervous system.



# You can't get emotional about coach's job, it will come to an end: Mickey

#INTERVIEW

Affable Mickey Arthur, who has coached four Test-playing nations, has "tried to be as open and upfront as possible." Moreover, the 54-year-old has "never tried to be somebody" he is not. For Mickey, "the trust of players is paramount and can never be taken for granted"



John Michael Arthur.



Lokendra Pratap Sahi
Senior Journalist

John Michael Arthur, or just Mickey Arthur, is a vastly experienced coach. Few can match his CV, which includes working with four Test-playing nations.

Having played over 100 FC matches and scoring in excess of 6,500 FC runs surely made it easier for Mickey when he began wearing the coach's hat.

Mickey (54) spoke to this Columnist for around an hour from Derby, where he has dropped anchor professionally. Mickey's wife, Yvette, and their three children are in Perth.

Excerpts...

***Q: South Africa, Australia, Pakistan, Sri Lanka... And, now, head coach and director of cricket at Derbyshire. Has been a remarkable journey, Mickey...***

**A:** Indeed, yes. I look back on each assignment with pride and affection, having worked with four National teams at different stages in my growth as coach... Derby called me late last year and the County has had a good 2022, often punching above its weight. Restructuring was needed and that has been done... I'd, of course, always wanted to coach in England.

***Q: How different is it to coach a National team as opposed to coaching a County?***

**A:** Slight difference, most definitely. With National teams, it's more tactical. Away from International cricket, it's more technical and probably more hands-on. If you're with a National team, the players are already developed. If it's a team in domestic cricket, the players are still developing. However, the principles and philosophy of coaching remain the same. Only the challenges vary.

***Q: You've been working with International players for almost two decades. While the principles and philosophy of coaching haven't changed, what about newer challenges?***

**A:** Cricket and the players have evolved from the time I began coaching National teams (May 2005). Today, the influence of white-ball cricket is much more pronounced. The pace has changed and, as a result, the Test format has become attractive. The brand of cricket is more appealing... Look, all three formats have something unique to offer.

***Q: It's interesting that you mention philosophy in the same breath as the principles of coaching...***

**A:** (Passionately) My core belief has been to create an environment for excellence... For the players to have the best facilities, the best knowhow for fitness... An environment where they can grow. That's my philosophy of coaching.

***Q: Have you admired a coach?***

**A:** The late Eddie Barlow. I tried to implement his philosophy, while doing things my way. The environment has to be great, else even the best plans won't be implemented.

***Q: Tracked coaches from other disciplines?***

**A:** I've spoken to Jake White, a former Springboks coach... In Australia, I made it a point to interact with AFL and Rugby League coaches... In England, I've spent time with some football coaches... Fascinating that the principles of coaching are the same.

***Q: It's rare for a coach to work with four Test-playing nations... What did each assignment teach you?***

**A:** A few words on each National team would be in order...

**SOUTH AFRICA:** Graeme Smith and I evolved together, trying to become the best version of captain and coach, respectively. It was my first exposure to International cricket and a rich learning experience. With South Africa, it was more about developing the team and a leadership style. I was fortunate to work with incredible players.

**AUSTRALIA:** When I took the job, I thought I could coach the way I went about things in South Africa. But I had to be patient, observe and then bring in the style I wanted Australia to adopt.

**PAKISTAN:** Because of the difference in culture, I had to initially sit back and study the environment. I had to give myself more time before working on specifics with Pakistan.

**SRI LANKA:** Little bit of the same as in Pakistan, for the culture in Sri Lanka is different to what I'd been exposed to in South Africa and in Australia. If I have to rate myself, I'd become the best version of the coach I could be when I took up the job (December 2019).

***Q: Will you elaborate on the 'best version' bit?***

**A:** I became more confident of the methods used. I was more confident of delivering, making the players buy into what I wanted to encourage... With South Africa and Australia, I'd focused on high performance. With Pakistan and Sri Lanka, I did have to push and prod... Certain aspects are strictly non-negotiable where I'm concerned: Fitness, punctuality, grace... Little things can make a huge difference.

***Q: Did you get a free hand in all Test-playing nations?***

**A:** In most places... Certainly at the start in South Africa... In Australia, there were too many layers and levels... As for Pakistan and Sri Lanka, I did get a free hand, but you've got to produce results. In both places, I had the space to operate.

***Q: Revealing that you had the freedom in Pakistan, where foreign coaches may not always be well received...***

**A:** The local vs foreigner debate will continue, but Shaharyar Khan and Najam Sethi, the first two Board chairmen I worked with, allowed complete space. Later, Ehsan Mani.

***Q: With the benefit of hindsight, would you have done something differently with the National teams?***

**A:** At each place, I was at different stages in my career, different stages of development. With South Africa, I was basically learning on the job... Australia... Yes, I would do certain things a lot differently... Maybe, even with Pakistan and Sri Lanka. That said, the philosophy I hold dear wouldn't change.

***Q: When you talk of 'different stages of development' as coach, there must still have been a common thread...***

**A:** I tried to be as open and upfront as possible. Never tried to be somebody I am not, never tried to hide behind a face which wasn't mine. The trust of players is paramount and can never be taken for granted. Just being the person and coach I am would be the common thread.

***Q: As coach, you naturally build a rapport with most players, some may even become friends for life. Hard to sever ties?***

**A:** Every coach knows that, one day, it will come to an end. So, you can't get emotional about the job. Nevertheless, it's hard to break off. Most of my players are still in contact with me. A bond develops.

***Q: South Africa, Australia, Pakistan, Sri Lanka... Which assignment was the hardest to switch off from?***

**A:** The only time I was sacked was by Australia and that end (June 2013) was abrupt... Looking back, I had the best time with Pakistan. Yet, when my contract was not renewed (July 2019), I felt I'd taken the team to a certain level, but much remained to be done. It was the same when my two-year contract with Sri Lanka ended, last December.

***Q: I understand you'd been confident of a renewal with Pakistan. What happened?***

**A:** After the 2019 World Cup, I had a meeting with Mani and Board CEO Wasim Khan in London and came away confident I'd be offered an extension. I was, in fact, told as much. Then, when I attended the Cricket Committee meeting chaired by Wasim Akram, I realised the Board's tune had changed and the move was to get a local coach. The temperature at that meeting was distinctly different to that in London. I sensed I wouldn't get what I'd been assured of.

***Q: Your innings with Sri Lanka was the shortest - two years. Was there no discussion regarding an extension?***

**A:** Maybe, had the world been different, I would have pushed for it. As it turned out, Covid-19 broke out a month or two after I began my assignment (December 2019) and, right through, I had to stay in the 'bubble'. I went through lockdowns and spent 284 days in the 'bubble'. Owing to the threat of Covid-19, I didn't see my family for two years... I loved Sri Lanka and its passionate people, but it was a tough lifestyle for those two years. Let me add the potential there is enormous.

***Q: Players too existed in the same 'bubble'...***

**A:** You're right and I felt for them. As they were all together, there was never any switching off. Used to be hotel-ground-hotel... It was demanding, for there was no way of releasing pressure.

***Q: You've spoken about Pakistan and Sri Lanka... What about South Africa? Did the quota system cramp you?***

**A:** On the contrary, we used that to our advantage. We got the best quality from different ethnic groups. But, yes, I did have to operate within boundaries.

***Q: With Australia, were you a rigid headmaster?***

**A:** Oh, no... It's wrong to suggest that. What is correct is that certain things are non-negotiable... You know, I'm generally a good guy and my man-management skills have not been found wanting. It's a small world and word gets around. If you're lacking, you won't land any assignment. You have to keep evolving.

***Q: Have coaches become soft targets or captains go first after performing poorly in a high-profile tournament or series?***

**A:** (Laughs) Both are in the firing line! Let's say it goes with the territory, part of the job.

***Q: How much of a difference can a coach actually make?***

**A:** Massive, but off the field. I always reached an agreement with my captains that I'd take care of everything off the field, help in preparation and selection, but he had to be his own man on the field. Shared responsibility.

***Q: What goes into the making of successful teams?***

**A:** Plenty... Vision, strategy and working towards promoting a particular brand of cricket... You need to put pillars in place, around which players work towards succeeding. There will always be boundaries, but the environment within must be conducive. Should bring the best out of each player.

***Q: Rahul Dravid, whom you had to plan against during your time with South Africa and Australia, will soon complete a year as India's head coach. Could he, at the end of his tenure, have the success he had as an iconic batsman?***

**A:** Dravid can... His understanding of the game is exceptional and should be remembered as an outstanding coach.


***Q: As batsman, Dravid had the qualities to emulate. Which ones would be helping him in his latest role?***

**A:** Dravid had an excellent work ethic and I'm sure he demands the same of his players. Above all, Dravid is such a nice guy and that quality must be helping in man management.

***Q: Finally... A regret you never coached India?***

**A:** Would have loved to, definitely. But whenever I could have applied, I was already working elsewhere. The chance, therefore, never came.

writetoarbit@rashtradoot.com



John Michael Arthur.



Graeme Smith.



Rahul Dravid.




#LIFESTYLE

# Adult's Dementia Risk



The link between sedentary behaviour and dementia risk persists even among participants who are physically active.

Adults 60 and older who sit for long periods watching TV or engaging in other passive, sedentary behaviours may be at increased risk of developing dementia, according to a new study.

The risk is lower for those who are more active while sitting-engaging in behaviours like reading or using a computer.

"It isn't the time spent sitting, per se, but the type of sedentary activity performed during leisure time that impacts dementia risk," says lead author David Raichlen, who was previously on the University of Arizona faculty and is now a professor of biological sciences and anthropology at the University of Southern California.

"We know from past studies that watching TV involves low levels of muscle activity and energy use compared with using a computer or reading," Raichlen says. "And while research has shown that uninterrupted sitting for long periods is linked with reduced blood flow in the brain, the relatively greater intellectual stimulation that occurs during computer use may counteract the negative effects of sitting."

The link between sedentary behaviour and dementia risk persists even among participants who are physically active, the research shows.

"Although we know that physical activity is good for our brain health, many of us think that if we are just more physically active during the day, we can counter the negative effects of time spent sitting," says co-author Gene Alexander, a professor in the psychology department at the University of Arizona and Evelyn F. McKnight Brain Institute.


"Our findings suggest that the brain impacts of sitting during our leisure activities are really separate from how physically active we are, and that being more mentally active, like when using computers, may be a key way to help counter the increased risk of dementia related to more passive sedentary behaviours, like watching TV."

Researchers used self-reported data from the UK Biobank, a large-scale biomedical database of more than 500,000 participants across the United Kingdom, to investigate possible correlations between sedentary, leisure activity, and dementia in older adults.

More than 145,000 participants aged 60 and older-all of whom did not have a diagnosis of dementia at the start of the project-used touchscreen questionnaires to self-report information about their levels of sedentary behaviour during the 2006-2010 baseline examination period.

After an average of nearly 12 years of follow-up, the researchers used hospital inpatient records to determine dementia diagnosis. They found 3,507 positive cases.

"Our ability to ask and answer these research questions is a testament to large-scale biomedical databases linked to medical records, such as the UK Biobank," says co-author Yann Klimentidis, an associate professor of epidemiology and biostatics in the University of Arizona Mel and Enid Zuckerman College of Public Health. "They increasingly allow us to gain new insights into risk factors for dementia and many other diseases."




The team adjusted for certain demographics-such as a person's age, sex, race/ethnicity, and employment type-and lifestyle characteristics-such as exercise, smoking, alcohol use, and time spent sleeping and engaging in social contact-that could affect brain health.

The results remained the same even after the scientists accounted for levels of physical activity. Even in individuals who are highly physically active, time spent watching TV was associated with an increased risk of dementia. In contrast, leisure-time spent using a computer was associated with a reduced risk of developing dementia.


"Our study shows that physical activity doesn't fully mitigate the risk of dementia from too much sitting in the same way it does for other diseases, however what we do while we're sitting matters," Raichlen says.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कन्टेनर ने आगे खड़ी तीन गाड़ियों के टक्कर मारी

## एक व्यक्ति की मौत व एक गंभीर घायल

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दूध डेयरी के सामने शनिवार अलसुबह एक कन्टेनर चालक ने एक पिकअप व ब्रेजा कार सहित तीन गाडियों के टक्कर मार दी। इससे पिकअप में सवार एक व्यक्ति की जहां दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार दूध डेयरी के सामने चाय की थडी पर तीन-चार गाडियां खडी थी। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से आ रहे एक कन्टेनर चालक द्वारा रोड पार कर रहे एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में गाडी का संतुलन बिगड गया, जिसने खडी गाडियों के टक्कर मार दी। उक्त घटना को लेकर स्थानीय थाने में ईसराईल पुत्र चांद खां निवासी उटडा अजमेर ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार प्रात: 05 बजे उसका भांजा ईसमाईल पुत्र समीर खां, संदीक खां पुत्र समशु खां व ईकबाल पुत्र बशीर खां तीनों एक पीकअप गाड़ी द्वारा हरा धनिया दिल्ली खाली करके उटडा गांव आ रहे थे। तभी राजमार्ग पर दूध डेयरी के सामने पीकअप चालक सदीक ने गाडी को साईड में खडी करके कागज चैक कर रहा था। उसी समय पीछे से एक कन्टेनर चालक तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाता आया और पीकअप के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ईसमाईल व ईकबाल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद वहां खड़े लोगों में एकदम से चीख-पुकार मच गई।



कोटपूतली में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कन्टेनर।

- **राजमार्ग पर लगा लम्बा जाम, पुलिस ने क्रेन की सहायता से हटवाए वाहन**

घटना के बाद हाईवे पर एक तरफ जाम भी लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया व घायलों को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ चिकित्सकों ने ईसमाईल को मृत घोषित कर दिया वहीं ईकबाल का उपचार जारी है।

# लापता महिला की सड़ी गली लाश मिली

## गुस्साए कुशवाह समाज ने हत्या व सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर भरतपुर-हिण्डौन स्टेट हाइवे पर जाम लगाया

**बयाना, (निसं)।** बयाना के चहल रोड निवासी एक महिला की शनिवार सुबह निकट के गांव थानाडांग रोड स्थित बाजरे के एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में सड़ी-गली लाश मिलने से सनसनी मच गई। यह महिला तीन दिन पहले लापता हुई बताई।

परिजनों की माने तो गत एक सितम्बर को यह महिला जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने जाने और एक परिचित की बीमारी पुत्री की मिजाज पुर्षी के लिए जाने की कहकर गई थी। जिसकी आज लाश मिली। घटना के विरोध में गुस्साए कुशवाह समाज के लोगों ने हत्या व सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए भरतपुर-हिण्डौन स्टेट हाइवे स्थित बयाना के गांधी चौक चौराहे पर पत्थर डालकर जाम लगा दिया। लोगों ने सड़क पर टैंट लगाकर धरना शुरू कर दिया। जो शाम को पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की कई घंटों की समझाईश व मशक्कत के बाद शाम करीब 6 बजे समाप्त हो सका था।

जाम लगा रहे कुशवाह समाज के लोगों की मांग थी कि दुश्कर्म व हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता व एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की। सूचना पर भरतपुर एडीएम आर के यादव, एडिशनल एसपी राजेन्द्र वर्मा, एसडीएम त्रिलोकचंद मीना, तहसीलदार अमित शर्मा, कोतवाली प्रभारी हरीनारायण मीणा आदि मौके पर पहुंचे और जाम लगा रहे लोगों से समझाइश की। आपको बता दें कि शनिवार सुबह बयाना के चहल रोड निवासी गुड्डी (38) पत्नी भवानी कुशवाह का शव सड़ी गली हालात में रुदावल थाना इलाके में थाना डांग के जंगलों में मिला है। महिला एक सितंबर को पड़ौसी के घर जाने की कह कर घर से निकली थी। उसके बाद से वह घर नहीं लौटी। आज जब महिलाएं जंगल की तरफ लकडी लेने गई तो उन्होंने चरी के खेतों में महिला की लाश पड़ी देखी।



गांधीचौक चौराहे पर महिला की हत्या के विरोध में कुशवाह समाज की ओर से जाम लगाया गया।

# मजदूरी के लिए बिहार से पाली ले जा रहे 8 बच्चों को रेस्क्यू किया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को आरपीएफ थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मजदूरी के लिए बिहार से बच्चों को पाली के बिलाड़ा गांव में ले जा रहे 8 बच्चों को रेस्क्यू कर 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 4 नाबालिग हैं, जिन्हें बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी थाने में दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अजमेर के आरपीएफ थाना अधिकारी लक्ष्मण गौड ने बताया कि देश में ट्रेनों के माध्यम से होने वाले बाल श्रमिकों की तस्करी को रोकने के लिए आरपीएफ के डीजी संजय चंद्र के दिशा निर्देशों पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को अजमेर रेलवे सुरक्षा बाल की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। अजमेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से उतरे बच्चों के एक समूह देखकर आरपीएफ पुलिस टीम ने संदिग्ध मानते हुए बच्चों के साथ उतरे दो युवकों से जब पूछताछ की तो पता चला कि बच्चों को बिहार के मुजफ्फरपुर से बालश्रमिक के लिए ले जाया जा रहा है।

आरपीएफ पुलिस टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए बच्चों को लेकर आने वाले 2 युवकों बिहार के रहने वाले ललन कुमार पुत्र शिवन सरदार व साथी महेश सरदार पुत्र मुसहरू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। आरपीएफ पुलिस अधिकारी ने जीआरपी थाने में दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जांच जीआरपी थाना पुलिस कर रही है।

थानाधिकारी गौड ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी युवकों ने बताया कि 8 में से 4 नाबालिग हैं। इन्हें मजदूरी के लिए बिहार के मुजफ्फरपुर से पाली जिले के बिलाड़ा गांव स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में मजूदरी करवाने के लिए ले जाया जा रहा था। सूचना मिलते ही आरपीएफ आईजी अरोमा सिंह ठाकुर भी अजमेर पहुंची और उनकी मौजूदगी में इन बच्चों को सीडब्ल्यूसी को सौंपा गया। वहीं पकड़े गए आरोपी बिहार निवासी ललन कुमार और महेश सरदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब पूछताछ के माध्यम से बाल श्रमिकों की इस मानव तस्करी के पूरे गिरोह का खुलासा करने में जुट गई है।

# हल्ला बोल रैली में भाग लेने रवाना हुए कांग्रेसी

**उदयपुर, (कासं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा महंगाई के खिलाफ दिल्ली में रविवार को आयोजित 'हल्ला बोल विशाल रैली' को लेकर देश से कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे और केंद्र सरकार के खिलाफ महंगाई को लेकर घेरने का प्रयास करेंगे।

इसी क्रम में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा के नेतृत्व में शनिवार सांय 4 बजे मोहता पार्क चेटक सर्किल से हजारों कार्यकर्ताओं को बसों द्वारा दिल्ली के लिए रवाना किया। कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख ने बताया कि शहर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कांग्रेस का तिरंगा झंडा दिखाकर बसों को दिल्ली रवाना किया। इस अवसर पर त्रिलोक पूर्बिया, गोपाल नागर, नासिर भाई, मो. अय्यूब, जय प्रकाश निमावत, नजमा मेवाफरोश, मनीष शर्मा सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इधर, विधानसभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण से सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को बसों, कारो और निजी वाहनों द्वारा रवाना हुए। पूर्व विधायक एवं गिर्वा प्रधान सज्जन कटारा एवं एआईसीसी सदस्य डॉ विवेक कटारा से हरी झंडी दिखाकर इन्हें रवाना किया। कटारा ने बताया कि आज महंगाई से पूरा देश जूझ रहा है, सिलेंडर के दाम हो या खाने-पीने की वस्तुएं सभी का दाम दुगुने से ज्यादा हो गया है। इसी को लेकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गिर्वा ओनार सिंह सिसोदिया, श्याम सुंदर नागदा, निर्भय सिंह देवड़ा, घनश्याम धाबाई, माधव सिंह चौहान, सरपंच चुन्नीलाल मीणा, प्रकाश मीणा, लालू मीणा, नारायण मीणा ाादि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिर कलम करने की धमकी देने वाला यूपी से हिरासत में लिया

**भीलवाड़ा, (निस)।** शहर में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को सिर तन से जुदा करने की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसका पूरा परिवार डरा और सहमा हुआ रहने लगा, लेकिन आज इस परिवार के लिए राहत की खबर आई है। कड़ी मशक्कत के बाद सुभाष नगर थाना पुलिस ने धमकी देने वाले युवक को यूपी से हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक़ इंजीनियर तीन दिन पहले ही उसके पिता की तबियत खराब होने के चलते पुणे से भीलवाड़ा आया था। गुरुवार को धमकी भरा एक पत्र उसे उसके घर के बाहर बालकनी में मिला जिसमें उसे धर्म बदलने पर दबाव देने की बात लिखी है।

साथ ही बात नहीं मानने पर सिर तन से जुदा करने की बात भी लिखी हुई थी। इस लेटर के मिलने के बाद से ही इंजीनियर का पूरा परिवार अपने घर में ही बंद था। वहीं भीलवाड़ा पुलिस ने भी इस मामले को काफी गंभीरता से लिया। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को उत्तरप्रदेश से पियूष गुप्ता को डिटेन कर लिया है। साथ ही पुलिस अब इस लेटर को डालने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। सुभाष नगर थाना प्रभारी नंदलाल रिणवा ने बताया कि कि शहर के विद्युत नगर निवासी विजय अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि वह पुणे में एक बैंक में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

- **सॉफ्टवेयर इंजीनियर को मिली थी धमकी**
- **धमकी मिले पत्र में धर्म बदलने पर दवाब बनाया गया था**

चार दिन पहले ही उसे पिता पूरणचंद की तबीयत खराब होने के कारण वह भीलवाड़ा आया था। गुरुवार दोपहर को उसके घर के बाहर की तरफ बनी बालकनी में उसे एक लेटर मिला है जिसमें अपना व अपने बच्चों को धर्म बदलवाने के लिए लिखा हुआ है। साथ ही लेटर में यह भी लिखा हुआ है कि अगर विजय बात नहीं मानता है तो उसका सर कलम कर दिया जाएगा। इस लेटर के मिलने से पहले विजय के पास एक कॉल भी आया था। जिसका जिक्र भी लेटर में किया गया था। पुलिस ने इस संबंध में कर्रवाई करते हुए फोन करने वाले युवक पियूष गुप्ता को उत्तरप्रदेश से डिटेन कर लिया है और उसे भीलवाड़ा लाया जा रहा है।

# लम्बे समय से बरसात नहीं होने पर फसल चौपट

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में मानसून के समय बोई गई बाजरा मूंग व ग्वार की फसल लंबे अंतराल से बाद भी बारिश नहीं होने से फसलें मुरझा कर चौपट होने लगी हैं। उपखंड के भाकरां के किसान हरिसिंह मील, बनवारी लाल मेहरा, प्रवीण कुमार भेरी व नरेंद्र सिंह मेहरा आदि ने बताया माह जुलाई 2022 में क्षेत्र में मानसुन की अच्छी बारिश होने से फसलें परवान पर थी। लेकिन लगभग एक हफ्ते से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद अभी तक वर्षा नहीं होने से बाजरे की फसल, जिसकी अगेती बुवाई की थी, वह भी पूरी नहीं पकने से एवं साथ में पछेती बोई गई बर्बाद होने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक-दो दिन में बारिश अगर नहीं हुई तो बाजरे की पूरी की पूरी फसल चौपट हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के भाकरां, राघा बडी, राघा छोटी, थान मठुई, ढाणी खुडानी, जीराम का बास, जाटुवास व गागडवास सहित राजगढ तहसील के अधिकांश गाँवों में पछेती बोई गई बाजरे की फसल शत-प्रतिशत तक फसल खराब हो चुकी हैं।

- **बाजारा, मूंग व ग्वार की फसल बारिश नहीं होने से नष्ट होने लगी है**



बरसात के अभाव में भाकरां गाँव में सुखती बाजरे की फसल।

# अपहरण एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** नाबालिग का अपहरण कर पीड़ित के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीड़िता ने आरोपी सेठ जी की कुण्डाल निवासी प्रकाश मीणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि एक माह पूर्व गांव आया आरोपी मेरा अपहरण कर अपने घर सेठ जी की कुण्डाल ले गया। जहां उसने बंधक बना कर मेरे साथ दुष्कर्म किया। चार दिन पूर्व मौका मिलने पर आरोपी के चंगुल से निकल कर घर लौट कर परिजनों को घटना की जानकारी देकर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। मामले की जांच गोवर्धन विलास थानाधिकारी चेलसिंह कर रहे है।

# छात्रों ने स्टेट हाईवे पर लगाया जाम

**हिण्डौन सिटी, (का.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा किए गए व्याख्याताओं के तबादले से नाराज विद्यार्थियों ने शनिवार को हिंडौन-बयाना मार्ग पर जाम लगाया। ढिंढोरा गांव में स्थित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संस्कृत के व्याख्याता ओमप्रकाश के तबादला होने से नाराज थे छात्र। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।

उल्लेखनीय है कि हाल ही राज्य सरकार वशिक्षा विभाग की ओर से स्कूल व्याख्याताओं के स्थानान्तरणकी सूची जारी की है जिसमें हजारों व्याख्याताओं के स्थानान्तरणकियेगये गये है। ढिंढोरा गांव में स्थित राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संस्कृत के व्याख्याता ओमप्रकाश के तबादला होने से नाराज होकर स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। ढि ंढ ोरा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल के संस्कृत के व्याख्याता ओमप्रकाश का चलते सत्र में राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण कर दिया है। जिससे अब उनकी पढ़ाई बाधित होगी। उनकी मांग थी कि व्याख्याता का तबादला निरस्त किया जाए।

मांग को लेकर स्कूल के सभी विद्यार्थी शनिवार को हिंडौन-बयाना स्टेट हाईवे पर आ गए तथा सड़क पर पेड़ डालकर जाम कर दिया। जिसके बाद छात्रों ने सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान सूरौठ थाना पुलिस एवं हिंडौन कोतवाली, हिण्डौन नई मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा कई घंटे की समझाइश के बाद जाम खुलवाया।

# रजिस्टर्ड डाक से आए पार्सल से सामान हुआ गायब

**खेतड़ी, (निसं)।** कस्बे के पोस्ट ऑफिस में रजिस्टर्ड डाक से आए पार्सल में सामान गायब होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला ने पोस्ट ऑफिस में शिकायत दर्ज भी करवाई। लेकिन उसका कोई समाधान नहीं हुआ। जिस पर उसने भारतीय डाक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा कर उसके गायब हुए सामान को वापिस देने की मांग की है। राजकीय अजीत अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत पूनम सैनी ने बताया कि उसके जीजा राजवीर सिंह विशाखापट्टनम में नेवी में कार्यरत हैं। जिन्होंने 26 अगस्त को बच्चों के खाने का सामान व आठ साड़ियां भारतीय डाक से रजिस्टर्ड करवा पार्सल भेजा था। पार्सल रजिस्टर्ड करवाने के दौरान उसका वजन 6 किलो 800 ग्राम था।

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पूनम सैनी के पास खेतड़ी पोस्ट ऑफिस से फोन आया। जिसमें पार्सल प्राप्त कर लेने के लिए कहा। जब महिला पूनम सैनी पोस्ट ऑफिस पहुंची और पार्सल को प्राप्त किया तो उसका पार्सल अंदर से खुला हुआ पाया गया। जिसकी जांच की तो पार्सल में भेजी गई आठ साड़ियां गायब मिली। साड़ियों के गायब होने व पार्सल को रास्ते में खोलने की बात को लेकर जब उन्होंने ने पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर से इसकी शिकायत की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और रास्ते में ही पार्सल किसी के द्वारा खोलने की बात कही। जब महिला ने पोस्ट ऑफिस में उसका वजन दोबारा से करवाया तो उसका वजन 4 किलो 30 ग्राम ही पाया गया। पार्सल को कार्टून में पैक करके उसके बाद बाहर से कट्टे की सिलाई की गई थी। लेकिन किसी ने उसके पार्सल के अंदर लगे कार्टून को खोलकर सामान निकाल लिया।

पोस्ट मास्टर द्वारा महिला की शिकायत पर कोई स्थाई समाधान नहीं करने पर पीड़ित महिला ने भारतीय डाक विभाग के पोर्टल पर शिकायत कर उसका सामान वापस दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में कार्यक्रम होने के कारण अपनी बहन से कुछ साड़ियां मंगवाई थी। जिनमें दो-तीन साड़ियां काफी महंगी भी थी। पीड़ित महिला ने बताया कि यदि पोस्ट विभाग द्वारा जल्द ही कोई समाधान नहीं किया गया तो थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई जाएगी।

- **पोस्ट ऑफिस में शिकायत करने पर नहीं हो रहा समाधान**
- **महिला ने डाक विभाग में शिकायत दर्ज करवा की सामान लौटने की मांग**

# गवरी नृत्य देखने के लिए उमड़ी भीड़

**आकोला, (निसं)।** इन दिनों भादवा माह मे गवरी नृत्य की धूम मची हुई है। रंगीला चौक में शनिवार को गवरी नृत्य का आयोजन हुआ। गवरी नृत्य को देखने क्षेत्र से बडी संख्या मे महिलाए व पुरूष व बच्चो ने उत्साह से गवरी नृत्य का आनंद लिया। गवरी के कलाकार भोपा जी नारायण भील ने बताया कि गवरी में 35 कालाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य नाटक का मंचन प्रस्तुत कर ग्राम वासियों का मनमोहक लिया।

भील समाज के लोग द्वारा भादवा माह मे गवरी नृत्य दौर एक माह तक चलता है। भील समाज के लोगों ने बताया कि मेवाड़ में गवरी नृत्य प्रसिद्ध खेल मना जाता है। जो मेवाड़ के राजा महाराजा के समय से परम्परागत तरीके से मंचन करते है। गवरी नृत्य मे प्रमुख शिव पार्वती व कान्हा गुजरी प्रसंग, घर सुखसमाधान, राजा रानी, कालूकीर, चोर सिपाही, देवी अंबा, वरजु काजरी हटिया डालमा आदि खेलों का आयोजन कर ग्रामीणों को दिन भर बैठने को मजबूर कर दिया। ऐसी मान्यता है कि गांव में गवरी नृत्य करने से माताजी की कृपा से मौसमी बीमारियो एवम महामारी नही फैलती है तथा क्षेत्र मे खुशहाली व सुख समृद्धि रहती है। यहा गवरी का समापन नवरात्रि शुरू होने से एक दिन पहले हो जाता है।

- **मेवाड़ में गवरी नृत्य प्रसिद्ध खेल मना जाता है**

# ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत होने पर चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

## 15 घंटे बाद बनी सहमति पर महिला का हुआ अंतिम संस्कार

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बे के एक निजी अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही के आरोप में महिला की मौत के मामले में मिनीसचिवालय राजगढ शनिवार को शाम तीन बजे तक छावनी में तब्दील रहा। वहीं प्रकरण में सहमति नहीं बनने तक दिनभर एसडीएम कोर्ट में ग्रामीणों की काफी भीड़ रही तथा दिनभर उपखण्ड अधिकारी राजगढ के चौम्बर में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व पुलिस अधिकारियों की बैठक का दौर जारी रहा।

इसी दौरान उपखण्ड अधिकारी राजगढ निखिल पोद्दार, सीएमएचओ मनोज कुमार शर्मा, बीसीएमओ डॉ. मनोज झाझडिया, तहसीलदार राजगढ इमरान खान एवं नायब तहसीलदार सहित पुलिस के उच्चाधिकारी एडीशनल एसपी राजगढ अशोक बुटोलिया, डीवाईएसपी राजगढ बृजमोहन असवाल, तारानगर डीवाईएसी ओमप्रकाश गोदारा, राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा आरएसी के जवान व राजगढ थाना पुलिस केसाथ दिनभर मामले में पैनी नजर रखे रहे। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पूनियां, पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, नीमां सरपंच मानसिंह रैबारी सहित लम्बोर बड़ी सरपंच कालूराम मीणा व अन्य ग्रामीणजनों की दिनभर वार्ता चली। वहीं शनिवार शाम तीन बजे के आसपास अपनी माँ की मौत मामले में मृतका के पुत्र व अन्य लोगों एवं प्रशासन की मौजूदगी में हुए समझौते के बाद प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस के आलाधिकारियों ने राहत की सांस ली तथा देर शाम मृतका केसर देवी 45 वर्ष पत्नी रणधीर सिंह प्रजापत निवासी गांव रड़वा तहसील राजगढ के शव का घटना के 15 घंटे बाद पोस्टमार्टम करवाया गया।

मृतक महिला के पुत्र मुकेश कुमार पुत्र रणधीर सिंह गांव रड़वा निवासी की रिपोर्ट पर मामले में मृतक महिला केशर देवी को ऑपरेशन के दौरान बेहोशी की दवा अधिक देने व ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों पर गलत ऑपरेशन करके हत्या करने का आरोप लगाया लगाने पर राजगढ थाने में आरोपी चिकित्सकों के खिलाफ 174 सीआरपीसी के तहत प्रकरण दर्ज कर किया गया है। वहीं थाना अधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि दर्ज मामले में मुकेश कुमार पुत्र रणधीर सिंह निवासी रड़वा तहसील राजगढ जिला चूरू ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है।दर्ज मामले में आरोप लगाया कि बेहोशी की दवा अधिक देने तथा ऑपरेशन करने वाले डॉ. की गलत ऑपरेशन के कारण उसकी माता की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबन्ध में उपखण्ड अधिकारी राजगढ निखिल पोद्दार का कहना है कि राईका अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मृत्यू होने के आरोप उनके परिजनों द्वारा लगाया गया था, जिसकी विभागीय जाँच की जा रही है, तथा प्रशासन दोनों दोनों पक्षो की वार्ता करवाई गई है तथा वार्ता में बनी आपसी सहमति के बाद आगे की कार्यवाही जारी है।



ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत को लेकर परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाने के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने समझौता वार्ता की।

- **ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों की टीम के खिलाफ मामला दर्ज**

# हैडकांस्टेबल पर रेप का आरोप

## लिव इन में आरोपी के साथ रही है पीड़िता

- पीड़िता के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला आरोपी ने दर्ज कराया था

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पुलिस लाइन में पदस्थापित एक हैडकांस्टेबल पर रेप के आरोप में ममला दर्ज हुआ है। पीड़िता श्रीगंगानगर की रहने वाली है। उसका आरोप है कि आरोपी हैड कांस्टेबल उसे घुमाने के लिए मंसूरी ले गया और वहां उसके साथ रेप किया। आरोपी और पीड़िता के बीच पिछले तीन-चार साल से जान पहचान है। दोनों लंबे समय तक साथ रहे हैं। कुछ समय पूर्व हैडकांस्टेबल ने पीड़िता के खिलाफ ब्लैकमेल करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में युवती को गिरफ्तार भी किया गया था। अब युवती ने संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ रेप करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

युवती ने महिला थाने में दर्ज मामले में आरोप लगाया कि आरोपी हजारी सिंह से उसकी पुरानी जान पहचान है। कुछ समय पहले आरोपी उसे घुमाने के लिए मंसूरी ले गया तथा श्रीगंगानगर, मंसूरी और कई अलग-अलग जगह पर आरोपी ने उससे रेप किया। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि आरोपी हजारीसिंह और युवती के बीच पुरानी जान पहचान है। दोनों कुछ समय तक साथ भी रहे हैं। साथ रहने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और हजारीसिंह ने पीड़िता पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगा दिया। इस मामले में आरोपी ने पीड़िता के उसे ब्लैकमेल करने के प्रमाण भी पेश किए। इस पर जांच की गई और इस मामले में युवती की गिरफ्तारी भी हुई। अब संबंधित युवती ने हैड कांस्टेबल पर रेप का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। इसकी जांच की जा रही है।

## सरकारी स्कूल का पीटीआई बच्चियों पर रखता गंदी नजर

- प्रधानाचार्य ने छात्राओं की शिकायत पर पॉक्सो में केस दर्ज कराया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के रातानाड़ा इलाके में एक सरकारी स्कूल में कार्यरत पीटीआई के खिलाफ उसके ही प्रधानाचार्य ने पॉक्सो का केस दर्ज कराया है। छात्राओं ने प्रधानाचार्य को शिकायत दी कि पीटीआई सर गंदी नजर रखते है। पुलिस ने अब इसमें अनुसंधान आरंभ किया है।

रातानाड़ा पुलिस ने बताया कि एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उनकी स्कूल का एक पीटीआई छात्राओं पर गलत नीयत रखता है। इस बारे में पहले भी छात्राओं ने शिकायत दी थी। उसे नजरअंदाज कर दिया गया। मगर पीटीआई अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इस पर प्रधानाचार्य की तरफ से रातानाड़ा थाने में पॉक्सो में केस दर्ज करवाया गया है।

# तीन दोस्तों की बाइक बस से टकराई, दो की मौत

## बाइक पर पूनरासर जा रहे थे तीन दोस्त, धोरे पर गिरने से तीसरा बचा

**बीकानेर, (कासं)।** पूनरासर मेले में हिस्सा लेने जा रहे बीकानेर के तीन युवकों की बाइक एक बस से जा टकराई जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त हो गई है और परिजनों को भी सूचना कर दी है।

सेरुणा और पूनरासर के बीच सिंगल रोड पर आज मेले के कारण काफी भीड़ है। इसी मार्ग पर तेज गति से चल रही एक बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। इनमें हनुमान रामावत की मौके पर ही मौत हो गई। वो बस के टायर की चपेट में आ गया था। वहीं अमित सोनी की गंभीर रूप से घायल था, उसे अस्पताल ले गया। जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक हनुमान रामावत बीकानेर के नत्थूसर बास एरिया में विवेकनाथ बगीची के पास रहने वाला था। अमित सोनी मुरलीधर व्यास कॉलोनी और एक तीसरा मित्र भुवनेश सुथार महाराजा गंगा सिंह युनिवर्सिटी के पास विश्वकर्मा कॉलोनी का रहने वाला है। तीनों की उम्र महज 21 से 22 वर्ष के बीच है। तीनों मेले में दर्शन करके वापस लौट रहे थे। हादसा होने के साथ ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घायल को तुरंत एक अन्य वाहन से बीकानेर के लिए रैफर किया गया। सेरुणा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को सीज कर लिया है जबकि शव हटाकर रास्ता साफ करवाया है।

मृतक का शव सेरुणा पीएचसी पहुंचाया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। भुवनेश ने ही अपने दोनों मित्रों के घर पर फोन करके जानकारी दी कि हादसा हो गया है। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंच रहे हैं। सेरुणा थानाधिकारी रामचंद्र ढाका ने बताया कि रामावत तो ट्रक के नीचे ही आ गया था। जिससे तुरंत मौत हो गई। वहीं दूसरे की अस्पताल के रास्ते में मौत हुई। वहीं भुवनेश को खास चोट नहीं आई।

## रेप के मामले में झूठा फंसाने वाली युवती गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** रेप के मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपए ऐंठने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवती ने कुछ महीने पहले एक मेडिकल स्टोर संचालक और दो अन्य के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया था। बाद में बयानों से पलट गई थी। युवती ने जिनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। उनसे 52 हजार रुपए ऐंठे थे। दो महीने पहले भी युवती ने युवकों को एक बार फिर रेप के मामले में फंसाने की धमकी देकर एक लाख रुपए की मांग की। पीड़ित युवकों ने युवती के खिलाफ ही मामला दर्ज करवा दिया। मामले में जांच के बाद पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर इलाके का है।

रायसिंहनगर इलाके के गांव नौ पीएस की एक युवती ने करीब तीन महीने पहले कस्बे के मेडिकल स्टोर संचालक विक्रम सिंह, विजय जाट सहित तीन लोगों के खिलाफ रेप के आरोप में मामला दर्ज करवाया था। मामले में युवती बाद में बयानों से पलट गई। लेकिन इस मामले को निपटाने की एवज में विक्रम, विजय जाट सहित तीन आरोपियों से 52 हजार रुपए हड़प लिए। इस मामले में युवती के बयानों से पलट जाने और घटना से इनकार कर देने पर मामले में एफआर लगा दी गई लेकिन करीब दो माह पहले एक बार फिर युवती के विक्रम और उसके दो साथियों को दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर एक लाख रुपए की मांग की। इस पर विक्रम और उसके साथियों ने युवती के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया। अब पुलिस ने युवती को गिरफ्तार किया।

# नाकाबंदी कर गौ वंश से भरी पिकअप जब्त की, गोतस्कर फरार



शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में गोवंश से भरी पिकअप को जब्त किया।

- पिकअप के केबिन से 10 लीटर हथकढ़ देशी शराब भी पुलिस ने जब्त की
- पुलिस को पिकअप की जांच में पांच सांड व एक गाय जिन्दा मिलीं

**बहरोड/शाहजहांपुर, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाडी क्षेत्र के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में स्थानीय थाना पुलिस व गौरक्षकों के प्रयासों से शुक्रवार रात एक पिकअप में आधा दर्जन गोवंश भरकर ले जाते गोतस्करों को नाकाबंदी कर मोलावास से जब्त किया।

जब्त पिकअप के केबिन से 10 लीटर हथकढ़ देशी शराब भी पुलिस ने जब्त की है। थानाधिकारी विक्रम सिंह चौधरी के अनुसार शुक्रवार रात स्थानीय गोरक्षकों व मुखबिर की सूचना अनुसार गोवंश से भरी पिकअप नीमराणा से जाट बहरोड की ओर आने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस द्वारा नाकेबंदी के दौरान आई पिकअप के चालक ने कूडी तिबारा के बाबा फूलनाथ आश्रम के समीप से कच्चे मार्ग से मोलावास की ओर भागे । जिनका पीछा पुलिस जीप व गौरक्षक दीपेश चौधरी प्रदेशाध्यक्ष भगवा रक्षा वाहिनी, अंशु बावल, नीरज सानौली, कन्हैया, विक्रम, ऋषिपाल, प्रमोद, अंकुर, योगेश, कृष्ण शर्मा, चीनू, विजय आदि के प्रयासों से मोलावास राउमावि के समीप नाली के पास पिकअप छोडकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए गौतस्कर फरार हो गए।

पुलिस ने पिकअप की जांच की तो पांच सांड व एक गाय जिन्दा मिले। जिन्हें क्रूरतापूर्ण मुंह बांध कर ठूंस ठूंस कर भरी हुई थी। जिन्हें बाबा खेतानाथ गौशाला मुण्डनवाडा खुर्द में पहुंचाया गया। साथ ही लंपी संक्रमण की जांच पशु चिकित्सकीय टीम से कराते हुए जिलाध्यक्ष रामनिवास थानेदार ने एकांत में रखवाया। साथ ही पिकअप में जांच के दौरान केबिन में 10 लीटर हथकढ शराब भी जब्त की है। पुलिस ने गौतस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पिकअप जब्त की व अवैध शराब तस्करी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

शाहजहांपुर थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि रात्रि के अंधेरे में बढ़े बाजरे की खेती की वजह से अपराधी भागने में सफल रहे।

# एटीएम बदलने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया



बगरू थाना पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- गिरोह के कब्जे से 34 बैंकों के 142 एटीएम कार्ड, स्वैप मशीन, 25 हजार नकद सहित लग्जरी कार जब्त की
- आरोपी दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 26 वारदातों को अंजाम देकर 13 लाख रुपए हड़प चुके हैं

**जयपुर, (निसं)।** नजर चुरा कर एटीएम बदलने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना सहित तीन बदमाशों को बगरू थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने विभिन्न बैंकों के भारी मात्रा में एटीएम कार्ड्स, स्वैप मशीन, नकदी सहित लग्जरी कार जब्त की है।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार सरगना तोफीक खान (33) इसके साथी सद्दाम हुसैन (29) और सोहेल खान (22) थाना पुन्हाना जिला नूंह हरियाणा के रहने वाले हैं। गिरोह के कब्जे से 34 बैंकों के 142 एटीएम कार्ड, स्वैप मशीन, 25 हजार नकद सहित लग्जरी कार जब्त की गई है। आरोपित दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 26 वारदातों को अंजाम देकर 13 लाख रुपए हडप चुके हैं।

एसीपी (बगरू) देवेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरोह का तरीका शातिराना है। गिरोह एटीएम में रूपए निकालने आने वाले सिर्फ सॉफ्ट टारगेट को ही चुनता, जिनको मशीन प्रोसेस के बारे में कम जानकारी होती थी। ऐसे व्यक्ति को देखते ही आरोपित बूथ में घुस जाते और जैसे ही व्यक्ति जाने लगता पीछे से आईएमटी बटन दबा देते। उसे ट्रांजेक्शन पूरा नहीं होने की कहते। अकाउंट से रुपए निकल जाएंगे कहकर डराते। दोबारा एटीएम कार्ड डालने की कहते और चुपके से पिन नंबर देख लेते। ट्रांजेक्शन नहीं होने पर मदद के नाम पर एटीएम कार्ड बदल लेते। इसके बाद बडे आराम से रूपए निकाल फरार हो जाते।

थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बदमाश इतने शातिर है कि पीड़ित की आंखों के सामने ही महज कुछ सेकेंड्स में कार्ड चेंज कर पार हो जाते थे। इसी दौरान उनका एक साथी कार्ड यूज करने वाले का पिन नंबर देख लेता था। जब तब यूजर का कार्ड ब्लॉक होता उससे पहले ही स्वैप मशीन का यूज कर पूरा पैसा निकाल लेते। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# बाप पटवारी को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

- 14 हजार रुपये पहले ही ले लिए
- जमीन तरमीम के लिए मांगी थी रिश्वत राशि
- दस्तावेजों को भी खंगाला जा रहा है

**जोधपुर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की टीम ने शनिवार की सुबह जिले के बाप क्षेत्र के देदासरी गांव के पटवारी मोहनलाल पालीवाल को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा है। उसने यह रिश्वत राशि जमीन की तरमीम करने की एवज में मांगी थी। परिवादी से उसने बीस हजार रुपए की मांग की। इस मामले में वह चौदह हजार रुपए पहले ही ले चुका था।

एसीबी स्पेशल यूनिट के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि नूरे की भुर्ज का पटवारी मोहनलाल पालीवाल, जिसके पास देदासरी का अतिरिक्त चार्ज है, उसकी जमीन की तरमीम करने की एवज में रिश्वत मांग रहा है। उसने बताया कि कुल बीस हजार की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन होने के दौरान उसने कुछ रुपए लिए। परिवादी से वह चौदह हजार रुपए ले चुका था। शेष राशि लेने के लिए वह दबाव बना रहा था।

**शनिवार सुबह भेजा रिश्वत राशि देने :-** एसीबी एएसपी राजपुरोहित ने बताया कि परिवादी को पटवारी मोहनलाल के पास पांच हजार रुपए के साथ भेजा गया। पटवार भवन के निकट उसे पांच हजार रुपए देते ही पहले से वहां पर पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव के नेतृत्व में तैयार एक टीम ने उसे पकड़ लिया। उसकी जेब से रंग लगे पांच हजार रुपए भी बरामद कर लिए गए। उन्होंने बताया कि पटवारी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। साथ ही उसके घर की भी अब तलाशी भी ली जा रही है। फिलहाल कोई विशेष जानकारी घर से नहीं मिली है। दस्तावेजों को भी खंगाला जा रहा है।

## अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित वसुंधरा अस्पताल प्रबंधन और उसके डॉक्टर्स के खिलाफ इलाज में कोताही बतरने और मरीज की मौत का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। पीड़ित ने अपनी मां के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट से मिले इस्तगासे पर केस दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सेक्टर 8 नंदनवन निवासी जायेब पुत्र सरफराज की तरफ से केस दर्ज करवाया गया । इसमें बताया कि उसकी मां गत दिनों बीमार होने पर उन्हें वसुंधरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। मगर उसकी मां की 14 जून को उपचार के बीच मौत हो गई थी। कोर्ट से मिले इस्तगासे पर अब चौहाबो पुलिस वसुंधरा अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर्स के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ की है।

# देसूसर में ऊंट-घोड़ी ने दिखाए करतब और किया नृत्य कला का प्रदर्शन



देवनारायण मंदिर पर हुए भजन संध्या कार्यक्रम में ऊंटों नें करतब दिखाएं।

**झुंझुनूं, (निसं)।** देसूसर के भरगड़ों की ढ़ाणी स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में रात्रिकालीन भजन संध्या हुई। जिसमें प्रसिद्ध गायक त्रिवेणी नाम से प्रकाशचंद्र गुर्जर एवं बीरबलसिंह ने विभिन्न प्रकार के भजनों से श्रोताओं को सुबह तक बांधे रखा। कॉमेडियन कैलाश, डांसर सिमरन, जिया, पूजा की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दूर दराज से भी श्रद्धालु आए। ग्रामीण महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

मेले में रस्साकसी, ऊंट व घोड़ी नृत्य प्रतियोगिता हुई। जिसमें ऊंट व घोड़ी विभिन्न प्रकार के नृत्य कला एवं करतब का प्रदर्शन करते रहे। ऊंट नृत्य में सहीराम छाबड़ी प्रथम, सुभाष सुलताना द्वितीय, भैरू किशोरपुरा तृतीय, घोड़ी नृत्य में मुकेश बिलवा प्रथम, बंटी बगड़ द्वितीय, सुनील श्योपुरा तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सरपंच हरफूल सिंह की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह में मेले के दौरान बगड़ थानाधिकारी श्रवण कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सचिन कांटीवाल एवं युवा पत्रकार रणजीत गुर्जर कोहली का देवनारायण मंदिर कमेटी की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# ग्रामीणों ने दो घंटे तक फ्री किया रेवाड़ी-नारनौल टोल प्लाजा

## 10 किलोमीटर आस-पास के गांवों के वाहनों को टोल फ्री करने की मांग



रेवाड़ी नारनौल एनएच के टोल प्लाजा काठूवास पर आस-पास के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

**अलवर, (निसं)।** मांढण थाना क्षेत्र के काठूवास में रेवाडी-नारनौल राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौजूद टोल-प्लाजा पर स्थानीय लोगों का टोल टैक्स कटने से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। शनिवार को ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा करते हुए दो घंटे तक सभी लाइन को टोल फ्री कर दिया और प्लाजा के साथ लगते हुए 10 किलोमीटर के गांवों के वाहनों को टोल फ्री करने की मांग की। ग्रामीणों और टोलकर्मियों में जमकर बहस हुई। ग्रामीणों ने कहा कि अगर रविवार तक लोगों को संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो क्षेत्र के लोग एकत्रित होकर कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे।

जन सेवा संगठन से पदाधिकारियों ने बताया कि रेवाडी-नारनौल स्टेट हाइवे स्थित काठूवास के टोल प्लाजा पर टोल के नजदीक 10 किलोमीटर के क्षेत्र के गांवों के लोगों के लिए पसर्नल व कमर्शियल वाहनों को बिल्कुल टोल फ्री किया हुआ था, लेकिन अब टोल प्लाजा का ठेका दूसरी कंपनी ने ले लिया है। 28 अगस्त को दूसरी कंपनी के ठेकेदार ने आस-पास के गांवों को जो टोल फ्री सुविधा थी, उसको समाप्त कर दिया। जैसे ही फास्ट टैग से स्थानीय लोगों के रूपए कटने लगे तो ग्रामीणों में रोष पनप गया। ग्रामीण टोल पर एकत्रित हुए और टोल फ्री की सुविधा दोबारा से चालू करने की मांग की। सुबह भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए और 10 किलोमीटर के क्षेत्र के गांवों को टोल फ्री करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। टोलकर्मियों व लोगों के बीच बातचीत हुई लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।काठूवास टोल के नजदीक गांव मनेठी, पाडला, कुंड, बासदूदा, खोल, माजरा, महतावास, काठूवास, हुडिया खुर्द, परतापुर, हुडिया कलां, जैतपुर, चंदपुरा, गणियार, बजाड सहित अनेक गांव आते हैं।

टोल पर प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मांढण पुलिस थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने लोगों से बड़े ही सख्त लहजे से पेश आए, जिससे ग्रामीण भड़क गए और दोबारा से वहीं बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर स्थानीय वाहनों को टोल फ्री नहीं किया तो ग्रामीण शांतिपूर्वक ढंग से धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। जैसे ही ग्रामीण अपनी मांग को लेकर काठूवास के टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया, तो दो घंटे तक पूरा टोल फ्री रहा।

मुकेश सिंह चौहान, मैनेजर, टोल प्लाजा, काठूवास का कहना है कि देवेन्द्र शर्मा एंड कंपनी ने अभी ठेका लिया है। टोल प्लाजा के साथ लगते 10-15 किलोमीटर के क्षेत्र के गांव लोगों को जो नेशनल हाइवे सुविधा देता है, वहीं दी जाएगी। पर्सनल वाहन को टोल फ्री किया जाएगा, वो भी वाहनों की डिटेल देने के बाद। इसके लिए उन वाहनों की डिटेल टोल प्लाजा पर जमा करवानी होगी। कमर्शियल बडे वाहन फ्री नहीं होंगे, बल्कि 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी, ग्रामीणों से रविवार तक समय मांगा है।

## जेईई-एडवांस्ड की प्रोविजनल आसंर की जारी

**कोटा, (निसं)।** आईआईटी मुम्बई द्वारा आयोजित की जा रही जेईई-एडवांस्ड की प्रोविजनल आसंर की शनिवार को जारी कर दी गई। आसंर-की में पेपर-1 व पेपर-2 के दो प्रश्नों में बोनस अंक दिए गए हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा जारी की गई आसंर-की और आईआईटी मुम्बई द्वारा जारी की गई आसंर की पूरी तरह से मिली है।

दो प्रश्न फिजिक्स के हैं, जिनमें बोनस अंक दिए गए हैं। इसमें पेपर-1 में प्रश्न नं.15 इलेक्ट्रो मैग्नेटिक इंडक्शन एण्ड अल्टरनेट इन करंट टॉपिक से है। वहीं दूसरा प्रश्न पेपर-2 में प्रश्न संख्या-17 है जो कि एरर टॉपिक से है, इसमें भी बोनस अंक दिए गए हैं। इसी तरह कैमेस्ट्री पेपर-2 में प्रश्न संख्या 11 में पी-ब्लॉक टॉपिक के प्रश्न में दो विकल्पों को सही माना गया है। जारी की गई प्रोविजनल आंसर-की में इंटीजर के आसंर की रेंज भी बढ़ाई गई है।

माहेश्वरी ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड परीक्षा की प्रोविजनल आंसर-की से मिलान करने के बाद 4 सितम्बर तक फीडबैक दे सकेंगे। आंसर पर आपत्ति भी दर्ज करवाई जा सकेगी। इसके बाद 11 सितम्बर को आल इंडिया रैंक व परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

## रिफ का आगाज 6 अक्टूबर से

- देश विदेश के तकरीबन 250 कलाकार हिस्सा लेने आएंगे

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में एक बार फिर से संगीत की स्वर लहरियां सुनने को मिलेगी। कोविड के बाद फिर से मेहरानगढ़ फोर्ट में रिफ का आयोजन होगा। 6 अक्टूबर से रिफ का आयोजन होना प्रस्तावित है। देश विदेश के तकरीबन 250 कलाकार इसमें हिस्सा लेने आएंगे। रिफ का यह अंतरराष्ट्रीय मंच एक बार फिर से सजाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार जोधपुर रिफ यह 13वां आयोजन होगा जो कि 6 से 10 अक्टूबर तक चलेगा।

शहर में 15 साल से कलाकारों और संगीत प्रेमियों को लुभाते आ रहे जोधपुर रिफ में सुबह के शांतिपूर्ण माहौल में गूंजती स्वर लहरियां और देर रात तक चलने वाले संगीत कार्यक्रम श्रोताओं को बांधे रखते हैं। इस आयोजन के माध्यम से देश-विदेश के लोक कलाकारों को एक मंच प्रदान किया जाता है। इस आयोजन के चीफ पेटर्न जोधपुर के पूर्व नरेश गजसिंह है। कोरोना के कारण वर्ष 2020 व 2021 में इसका आयोजन नहीं हो पाया था।

**बेहतरीन जुगलबंदी देखने को मिलेगी :-** दो साल बाद हो रहे आयोजन में इस बार इसमें कई नए तरह के संगीत व बेहतरीन कलाकारों के बीच आपसी जुगलबंदी देखने को मिलेगी। इस बार राजस्थान के लोक संगीत कलाकारों का एक नया बैंड देखने को मिलेगा। इन कलाकारों ने लोक संगीत को ऑरिजनल लोक गीतों को आधुनिक संगीत के साथ जोड़ते हुए नए प्रयोग किए हैं।

**मैक्सिकों व कालबेलिया नृत्य करेगा झूमने पर मजबूर:-** इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इसमें राजस्थानी लोक कलाकारों के साथ ही मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र व मेघालय का खासी लोक संगीत की आपस में बेहतरीन जुगलबंदी देखने को मिलेगी। वहीं डांस के शौकीन लोगों को मैक्सिको के परम्परागत डांस के साथ ही कालबेलिया डांस की बारीकियों को समझने का मौका मिलेगा।

## संक्षिप्त

### कैलाश शर्मा वाईस प्रेसीडेण्ट

**सांभरझील, (निसं)।** समाजसेवी कैलाश शर्मा को उत्तर पश्चिम भारत के



प्रमुख कारोबारी संगठन राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से बेहतर अनुभव को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें सीनियर वाईस प्रेसीडेण्ट के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। इसके अलावा उन्हें शुभ बिजनेस आईकॉन अवार्ड की ग्राण्ड ज्यूरी ने भी सेवा का मौका दिया है। शर्मा सांभर के मूल निवासी है। उनकी नियुक्ति पर सैंकडों चाहने वालों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों से जुडे लोगों के अलावा सोशल मीडिया पर भी शुभकामनाएं व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है।

### पूर्व प्रधानाचार्य का विदाई समारोह

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** उपखण्ड के ग्राम आलीसर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कि पूर्व प्रधानाचार्य एवं वर्तमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नागौर अनीता बागडी का शनिवार को विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम गोविन्दगढ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पीईईओ क्षेत्र के समस्त शिक्षकों सहित ग्रामीणों ने प्रधानाचार्य का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा बंधवा कर माल्यार्पण कर सम्मान पूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर दिलीप कुमार शर्मा, कार्यवाहक प्रधानाचार्य, कैलाश चंद्र यादव, व्याख्याता श्री राम मोयल, राम नारायण जाट, कैलाश चंद्र बुनकर, घनश्याम मौर्य, मालीराम कुमावत, बाबूलाल मीणा, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक महेश रोलानिया, भीमाराम रेगर, अशोक कुमार, राम लाल वर्मा, आशा वर्मा, नानूराम बुनकर सहित स्थानीय ग्राम पंचायत के सैकडों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गोवर्धन धाम की पदयात्रा रवाना

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** श्री गोवर्धन धाम पदयात्रा समिति के आयोजकों के सानिध्य में बौंली नगर के खेडापति बडे बालाजी प्रांगण से श्री गोवर्धन धाम की 32वीं पदयात्रा रवाना हुई। इस दौरान आचार्य हेमराज दीक्षित ने श्री गोवर्धन धाम झांकी के समक्ष बौंली नगर पालिका चेयरमैन कमलेश देवी जोशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी ओमपकाश जोशी से विधिवत पूजा अर्चना कराकर पदयात्रा का शुभारंभ किया। यह बौंली नगर से श्री गोवर्धन धाम की 32वीं पदयात्रा है जिसमें मुख्यालय सहित आसपास के अनेकों गांव के श्रद्धालु पदयात्रा की मनोकामना पूर्ण करने आते हैं। पदयात्रा समिति आयोजक नवल किशोर बाजाज, सुशील मंगल, कैलाश जयप्रकाश सेन, रामस्वरूप गुर्जर, वीरसिंह पुरबिया, ताराचंद शर्मा, मोहन माली, हरिओम सैनी, ने बताया कि पदयात्रा आठ दिवस में श्री गोवर्धन धाम पहुंचेगी वहां पर बौंली की ओर से भंडारा दिया जाएगा।


**अन्तिम अरदास**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **सरदार हरपाल सिंह बांगा** (Retd. RBI) का स्वर्गवास 31.8.22 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु अन्तिम अरदास दिनांक 4.9.22 को सायं 4 से 5 बजे गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, राजापार्क, जयपुर में होगी।
**शोकाकुलः** दलजीत कौर बांगा (पत्नी), सुनीत कौर (पुत्री), हरविंदर सिंह बांगा, बलजीत सिंह बांगा (भाई), परम प्रीत सिंह (दोहिता) एवं समस्त बांगा परिवार।

**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया **श्रीमती सुशीला देवी** (धर्मपत्नि श्री रामगोपाल शर्मा) का स्वर्गवास 2.9.22 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 4.9.22 को सायं 4 से 5 बजे तक हमारे निवास स्थान ब्राह्मणों की ढाणी, ओमेक्स सिटी, ठीकरिया, अजमेर रोड पर रखी गई है।
**शोकाकुल-** भंवर लाल (जेठ), रूपनारायण, नाथूलाल, जगदीश, कैलाश, श्रवण, मुकेश (देवर), रमेशचन्द, राजेन्द्र, राजू, बुद्धिप्रकाश, संजय, बाबूलाल, दिनेश, सूर्यनारायण, विष्णु, मनोज, कुलदीप, अनिल, लोकेश, योगेन्द्र, आरव (पुत्र) एवं समस्त चुलेट परिवार ठीकरिया। पीहर पक्ष- बजरंग लाल, बद्रीप्रसाद, हरिओम, एवं समस्त लाटा परिवार बिचून वाले। मो. 9929003775


# पावटा में एक ही रात में दो स्थानों से लाखों के जेवर व नगदी पार



चोरी की वारदात का पता पीड़ित परिवार को जाग होने पर चला।

- लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए

**पावटा, (निसं)।** नगर पावटा व आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। दो दिन पूर्व जहां पावटा नगर के वार्ड क्रमांक छह में एक महाजन के आवास में फायरिंग करते हुए दो लोगों को घायल कर लाखों के जेवरात की लूट में पुलिस जांच कर रही है।

इधर शुक्रवार रात ग्राम पंचायत लाडाकाबास की सेढू सिंह की ढाणी में दो किसानों के मकानों को निशाना बनाते हुए घर के पीछे सीढी लगाकर व जंगला तोडकर हजारों रुपए की नकदी एवं करीब 3 लाख के जेवरात चोरों ने पार कर दिए। इस तहर पावटा नगर व आसपास के क्षेत्रों मे लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खडे हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लाडाकाबास की सेढू सिंह की ढाणी निवासी जगदीश यादव मोटण पिता सुरजाराम के घर के पीछे सीढी लगाकर घर में घुसकर बाहर की कुंडी लगाकर सोना चांदी के आभूषण व नई बाइक लाने के लिए जुडे करीब 55-60 हजार रुपये की नकदी व सुरेंद्र यादव पिता बनवारी लाल के घर के पीछे लगे जंगले को तोडकर बाहर की कुंडी लगाकर करीब 2 लाख की कीमत के सोना चांदी के आभूषण व बच्चों की स्कूल फीस के लिए जोडे 50-55 हजार रूपये व एक मिक्सी ले गए। जिसका पता पीडित परिवारों को सुबह जाग होने पर घर के बाहर लगी कुंडी व बिखरे सामान से लगा। वही ग्रामीणों ने चोरी की सूचना ग्राम पंचायत लाडाकाबास सरपंच सरोज यादव व पूर्व सरपंच मदन यादव को दी। सरपंच सरोज यादव व पूर्व सरपंच मदन यादव ने घटना स्थल पर पहुँचकर घटना की सूचना दूरभाष के जरिये प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह व कोटपूतली डीएसपी संध्या यादव को दी। सूचना पर मौके पर पहुँचे प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव मय जाप्ता ने मौका मुवायना किया व कैलाश, ठेकेदार पप्पू, बाबूलाल, महेंद्र पंच, जगदीश, सोहनलाल, बसंतीलाल, प्रकाश, धर्मपाल सहित ग्रामवासियों से विस्तार से घटना की जानकारी ली। वही प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने मामले के जल्द ही खुलासे का आश्वासन दिया।

सरपंच सरोज यादव व पूर्व सरपंच मदन यादव सहित ग्रामीणों ने ऐसी घटनाओ की कडे शब्दों में निंदा करते हुए रोष व्यक्त किया। ऐसी घटनाओं की पूनरावर्ती होने पर बडा आंदोलन करने करने की चेतावनी देते हुए कहाँ कि पुलिस चोरों के सामने बेबस नजर आ रही है। नगर में चोरी की घटना हो रही है और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल खडे हो रहे हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही लूट व चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है।

## उपराष्ट्रपति आठ सितंबर को खाटूश्याम आयेंगे

- जिला कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड आठ सितंबर को खाटूश्यामजी पहुंच बाबा श्याम के दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना करेंगे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार शेखावाटी में आ रहे उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन व्यवस्था में जुटा है।

शनिवार को जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने खाटूश्यामजी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कस्बें की पार्किंग स्थल में बन रहे हेलीपैड का निरीक्षण कर सार्वजनिक निर्माण विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा पांच सितंबर तक हेलीपैड तैयार करने के निर्देश भी दिए।इसके साथ ही जिला कलेक्टर यादव ने वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर पर कार्यवाहक उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी से चर्चा की तथा कहा कि तिरूपति बालाजी की तर्ज पर तीन कैटेगरी में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था की जाए।इसके लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी व प्रशासन तालमेल बिठाकर इस दर्शन व्यवस्था को अंजाम दिया जाए।इसके साथ ही जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की अल्का मील को पांच सितंबर तक हैलीपेड सुपुर्द करना है ताकि दिल्ली से आने वाली टीम निरीक्षण के दौरान तैयारी पूर्ण मिल सके। इस दौरान नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह चंदेलिया, पटवारी जगदीश प्रसाद बिजारणियां सहित कर्मचारी मौजूद थे।

## सांसद के अभद्र व्यवहार से भड़के बी.डी.ओ. ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**टोंक, (निसं)।** टोंक-सवाई माधोपुर से भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया की ओर से शुक्रवार को भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सांसद ने सभी विभागों से उनकी विभागीय योजनाओं में प्रगति पर चर्चा की। बैठक में ब्लॉक डवलपमेंट ऑफिसर (बी.डी.ओ) के साथ अभद्र व्यवहार और अशोभनीय टिप्पणी से

- कार्य बहिष्कार की चेतावनी

नाराज बीडियो ने अब सांसद के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शनिवार को कलेक्टर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा नाम ज्ञापन सौंपा है और साथ ही सांसद के साथ किसी भी तरह की बैठकों के बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

दरअसल सांसद के अमर्यादित व्यवहार और अशोभनीय टिप्पणी को लेकर शनिवार को टोंक जिले के सभी पांचों बी.डी.ओ में से दो महिला बी.डी.ओ ने सांसद के व्यवहार और भाषा पर आपत्ति जताई व कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे और अपनी नाराजगी जाहिर की।



बी.डी.ओ ने सांसद के दुर्व्यवहार व अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ कलेक्टर से कार्रवाई की गुहार की।

ज्ञापन में लिखा है कि शुक्रवार को टोंक-सवाई माधोपुर से भाजपा सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी की बैठक आयोजित की गई जिसमें सांसद ने सभी विभागों से उनकी विभागीय योजनाओं में प्रगति पर चर्चा की लेकिन जब ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की योजनाओं पर चर्चा की शुरुआत हुई तो सांसद ने योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करने की बजाय टोंक जिले के समस्त विकास अधिकारियों को लक्षित कर अशोभनीय और अमर्यादित व्यवहार किया। साथ ही मांग आधारित विभागीय योजनाओं में दबाव बना डालकर लक्ष्य निर्धारित करवाया गया। राज्य सरकार के अधिकारियों को काफी बुरा भला कह कर अपमानित किया गया। सांसद के इस व्यवहार से समस्त जिले के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

मामले में बीडियो ने सांसद के दुर्व्यवहार व अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ कलेक्टर से कार्रवाई की गुहार भी की है। इस पर कलेक्टर ने मामले में सरकार से बात करने की बात कही है। वही ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री को भी भेजी गई है।

## एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**टोंक, (निसं)।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ की ओर से महिलाओं ने बिलकिस बानो केस अहमदाबाद में सामूहिक बलात्कारियों व हत्यारों को माफी की नीति के तहत रिहा किए जाने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन दिया। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ की ओर से मर्सर जहां, इशरत जहां, नाजमा, फरहीन, फरीदा, शकिला, शाईस्ता आदि ने ज्ञापन में विरोध करते हुए मांग की कि रिहा किए गए सभी आरोपियों की सजो माफी नीति में नही लिया जाएं और सभी आरोपियों पर उनकी सजा बरकरार रखी जाएं, उनको दुबारा उनको जेल में डाला जाएं।

## स्काउट गाइड सांस्कृतिक विरासत के वाहक : रक्षा मिश्र

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित संस्कृत कॉलेज परिसर सभागार में आयोजित दो दिवसीय स्काउट आजीवन सदस्यों की संगोष्ठी वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि स्काउट गाइड हमारे मानवीय दायित्व एवं सांस्कृतिक विरासत के वाहक होने के साथ मेहनत एवं कठिन परिश्रम करने का संदेश देते हैं।

दो दिवसीय आजीवन सदस्यों की दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन वार्षिक अधिवेशन में हुआ जिसमें सभी आजीवन सदस्यों ने भारत स्काउट गाइड संगठन को आगे बढाने का संकल्प लिया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा, सीबीईओ गोविंद नारायण माली, शिक्षा उपनिदेशक सीताराम शर्मा, वयोवृद्ध स्काउट बृज मोहन द्विवेदी, प्रधान पुरुषोत्तम जोशी, उप प्रधान ओमप्रकाश चतुर्वेदी, उप प्रधान कमलेश त्रिवेदी, उप प्रधान डॉ वरुण गौड, गाइड कमिश्नर अंजना त्यागी ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। सम्मान समारोह में मॉडल स्कूल डिडवाना की प्रिंसिपल बिनाका खंडेलवाल ने सर्वश्रेष्ठ स्काउट ट्रूप का पुरस्कार प्राप्त दिया।

महात्मा गाँधी विद्यालय डिडवाना की प्रिंसिपल सोनिया व्यास, श्याम यूनिवर्सिटी, आदित्य महाविद्यालय रामगढ पचवारा, संस्कृत महाविद्यालय, गौरव ग़ोयल, उमेश सोनी, बलराम मीना को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व वार्षिक अधिवेशन में सचिव श्रीकान्त शर्मा ने प्रतिवेदन पढा एवं कोषाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने आय व्यय प्रस्तुत किया। टैलेंट शो में हेमाक्षी मीना एवं अभिनव त्रिपाठी को विजेता घोषित किया गया। इससे पूर्व आयोजित सांस्कृतिक संध्या में अनुश्री पब्लिक स्कूल को स्कूल चले हम, क्रिएन्जा प्रिपेटरी स्कूल को स्वच्छ भारत मिशन, राबाउमावि लालसोट को राजस्थानी लोकनृत्य प्रतियोगिता के लिये सम्मानित किया गया।

भारत स्काउट गाइड के वार्षिक अधिवेशन में कश्मीर यात्रा के हवाई टिकट प्राप्त होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। सीबीईओ गोविंद नारायण माली के नेतृत्व में 11 सदस्यीय दल कश्मीर की हवाई यात्रा करेंगे। कार्यक्रम में टोडा ठेकला प्रिंसिपल रामबाबू ज्योति, मदन पारीक, चौथमल मीना, अरविंद शर्मा, मनोज मीना, नीरज शर्मा, रामनिवास मीणा, अरविंद मीना, महेश बालाहेडी, अनुराग प्रिय शर्मा, शशि शर्मा, चंद्रकांता सैनी, वीरेंद्र जैन, अविनाश शर्मा आदि शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष

**नारायणपुर, (निसं)।** नारायणपुर सहित अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के ग्रामीण आज भी सरकार द्वारा चलाई जा रही खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिलने से गरीब परिवार भोजन के अधिकार से वंचित है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने के लिए ग्रामीणों द्वारा कई बार आवेदन करने के बाद आज तक पात्र परिवारों के नाम खाद्य सुरक्षा योजना में नहीं जुड पाए। इसके चलते राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा, जिससे सरकार व प्रशासन के खिलाफ लोगों का रोष बना हुआ है। प्रशासन की सुस्त चाल के चलते खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने के लिए ग्रामीणों द्वारा लगाई गई अपीलों का निस्तारण भी नहीं हो पा रहा है जबकि कस्बे के प्रभावशाली लोग आज भी योजना का लाभ ले रहे है। पात्र परिवारों ने सरकार व प्रशासन से जल्द खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोडने की मांग की है।

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** नैनवां (बूंदी जिले) में वृद्ध महिला के पैर काटकर लूटपाट करने वाले आरोपियों की 24 घंटे में भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं आरोपी पुलिस की शिथिलता के चलते पकड से दूर बने हुए हैं। जिसके कारण सैनी समाज सहित अन्य में आक्रोश है। सैनी समाज उनियारा तहसील अध्यक्ष प्रभू लाल सैनी तथा शहर अध्यक्ष तेजपाल सैनी ने बताया कि मामले को लेकर तहसील स्तरीय सैनी समाज की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# मालपुरा में लम्पी संक्रमण जागरूकता को लेकर किसान संवाद कार्यशाला

**मालपुरा, (निसं)।** लम्पी संक्रमण के प्रति जागरूकता व गौवंश को बचाने को लेकर शनिवार को केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में एक दिवसीय लम्पी संक्रमण जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, प्रधान सकराम चौपडा, युवा नेता व उन्त किसान गोपाल गुर्जर, संस्थान निदेशक डॉ.अरूण कुमार तोमर एवं पशु चिकित्सा अधिकारी नोडल प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने विधानसभा क्षेत्र के 500 से अधिक किसान व पशुपालकों से सीधा-संवाद कर गौवंश में फैल रहे लम्पी संक्रमण को लेकर आवश्यक चर्चा व सुझाव दे केन्द्र व राज्य सरकार की और से गौवंश को बचाने एवं लम्पी संक्रमण के महामारी का रूप लेने से पूर्व रोकथाम के प्रयासों की जानकारी दी। सांसद




लम्पी संक्रमण जागरूकता को लेकर अविकानगर में किसान संवाद कार्यशाला में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, प्रधान सकराम चौपड़ा आदि ने शिरकत की।

- संस्थान द्वारा किये गये कृषि उपयोगी सामग्री किट का वितरण

जौनापुरिया ने कहा कि जिस प्रकार कोरोना संक्रमण जैसी महामारी पर समय रहते केन्द्र सरकार ने टीका सहित संसाधनो के जरिए कोरोना पर काबू पाया था। इसी प्रकार किसान व पशुपालक लम्पी के प्रति जागरूक रहकर चिकित्सकों की सलाह के साथ-साथ आयुर्वेदिक पद्धति का उपयोग कर गौवंश को बचाये। विधायक चौधरी ने कहा कि गाय बचेगी तो गोपाल बचेगा साथ ही विधायक ने गौवंश के लिए आरक्षित चरागाह पर अतिक्रमण के बजाय चरागाह को आरक्षित रखे। जिस प्रकार पशुपालक भैंस व अन्य दुधारू पशुओं की सार सम्भाल करता है उसी प्रकार सर्वगुणों से सम्पन्न गाय की भी देखभाल करे। उसे सडकों पर लावारिस छोडने के बजाय उसकी रक्षा करे। गोपाल गुर्जर ने अविकानगर संस्थान की नवीन व उन्नत शोध तकनिकों का जागरूक रहकर लाभ लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया। साथ ही क्षेत्र की उन्नति के लिए सांसद व विधायक के समक्ष बिसलपुर बांध की ऑवरफलो पानी को टोरडी सागर मे डलवाने तथा अविकानगर मे ऊन खरीद केन्द्र खुलवाये जाने की बात कही। कार्यशाला के पश्चात संस्थान की और से उन्नत पशुपालकों व किसानों को भेड, खरगोश एवं किसान उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया।

## सार-समाचार

### ईमानदारी का परिचय दिया




**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में एक होकर अखबार बांटने वाले को एक मोबाइल मिला। वह मोबाइल अलग-अलग हिस्सों में मिला है। जिसको लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 23 के गोकुल शर्मा शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन पर 5 बजे सटल पर परिचित को छोडने के लिए गया था। इस बीच रास्ते में मोबाइल कहीं गिर गया। मोबाइल गिरने से बिखर गया, अंधेरा होने की वजह से मोबाइल दिखा नहीं। दिनेश कुमार ठठेरा अखबार बांटने वाले ने बताया कि काका मिष्ठान भंडार के सामने स्टेशन रोड पर एक मोबाइल का एक ढक्कन, बैटरी अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ मिला जिसको मोबाइल में बैटरी डालने पर चालू हो गया। चालू करने पर मोबाइल मालिक का फोन आया जिसको मोबाइल निशानी पर उनको लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है।

### शाकम्भरी माता की पदयात्रा रवाना

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित सियाराम बाबा की बगीची परिसर से शनिवार को प्रातः 10:15 बजे समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी तेजकरण सैनी के नेतृत्व में मां शाकंभरी की 23 वीं विशाल पदयात्रा निकाली गई। यात्रा से पूर्व पण्डित हनुमान प्रसाद शर्मा के द्वारा विशेष पूजा अर्चना करवाई गई। पूजा-अर्चना में यजमान के रूप में धन्ना लाल नोदल एवं तेजकरण सैनी रहे। वहीं यात्रा के दौरान अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य धन्ना लाल नोदल, फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड, महंत सत्यनारायण सैनी व रामपाल सैनी रहे। अतिथियों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात मन्दिर के महन्त त्रिलोकी दास महाराज व थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए सांभर के निकट स्थित शाकम्भरी माता के मन्दिर पहुंची। कार्यक्रम के दौरान सन्तोष कुमार स्वामी, पीन्टू गढवाल, गौ सेवक अमर चन्द सैनी, अश्विनी, गणेश सैनी, नरेन्द्र सैनी, कैलाश पापटवान, रामजी लाल चौधरी, मोनू सैनी आदि उपस्थित रहे।

### बीछाग्राम में चोरी की वारदात

**रामगढ पचवारा, (निसं)।** थाना क्षेत्र में चोर चोरी की वारदात को लगातार अंजाम देकर रामगढ पचवारा थाना पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। थाना क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की घटना से पीडित तो दुखी है ही वही उससे ज्यादा सिर दर्द पुलिस के पल्ले पड रहा है। थाना पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी चोर कहीं ना कहीं से रास्ता निकाल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लगातार रात्रि गश्त मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने सहित तकनीकी तंत्र को उपयोग में लेने के बाद भी थाना पुलिस के ये अज्ञात चोर हाथ में नहीं आने से ग्रामीणों के जेहन में पुलिस के प्रति कई सवालिया निशान खडे हो रहे हैं। बीती रात ग्राम पंचायत बीछा ग्राम की हाडोती ढाणी में लक्ष्मी नारायण के मकान में चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम दिया। अज्ञात नकबजनों द्वारा मकान की जाली को तोडकर मकान के कमरे में रखी अलमारी से करीब 15 सौ रुपए की नगदी चुरा ले गए। रामगढ पचवारा क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है ऐसे में रामगढ पचवारा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

### पचास विद्यार्थियों का सम्मान

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी के ग्राम टहटडा के पास बडवा के सुकला वाले बालाजी मंदिर परिसर में शनिवार को गोपालिया स्टेनो क्लासेज जयपुर की ओर से सरकारी सेवा में चयनित 50 उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महानगर टाइम्स के संस्थापक एवं संपादक गोपाल शर्मा, पूर्व मंत्री एवं बस्सी विधायक कन्हैयालाल मीणा, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य बेनी प्रसाद कटारिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रामदयाल सैन सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में सरकारी सेवा में चयनितों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दूरदर्शन केंद्र जयपुर मे कार्यरत ओमप्रकाश जायसवाल व अनिल गोपालिया की ओर से किया गया। इस दौरान सम्मान समारोह में आए सैकडों लोगों ने अंत में भोजन प्रसादी भी ग्रहण की।

### चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**चाकसू, (निसं)।** कस्बा पुलिस ने मुखबिर की मदद से निमोडिया गाँव में परचून की दुकान के किवाड खिसकाकर चोरी करने के आरोप में कृष्ण मोहन चौधरी उर्फ गणेश पुत्र रामप्रसाद चौधरी 27 निवासी निमोडिया को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी किये गए सिगरेट,बीडी, गुटखा एवं चांदी का सिक्का बरामद कर लिया। थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव ने बताया कि निमोडिया गाँव में परचून की दुकान करने वाले बाबू लाल जैन ने मामला दर्ज करवाया था कि कोई अज्ञात चोर उसकी दुकान के किवाड खिसकाकर दुकान में से सिगरेट, गुटखा,नकदी एवं चांदी का सिक्का चुरा ले गया। क्षेत्र में बढती चोरियों को देखते हुए टीम गठित की गई जिसने जरिये मुखबिर के आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की।

### सीएचसी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**राजगढ, (निसं)।** राजगढ के सामुदायिक चिकित्सालय में राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय निगरानी टीम ने दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीणा ने बताया कि राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय निगरानी टीम ने डॉक्टर नरोत्तम जांगिड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण झुंझुनू के नेतृत्व में टीम ने दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम में डॉक्टर सिया राम पुनिया एवं डॉ अमित कौशिक सहित अन्य ने लेबर रूम कुपोषण वार्ड सहित अनेक विभागों की बारीकी से जांच पडताल कर जायजा लिया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीणा नोडल अधिकारी डॉ महेश मीणा, डॉ जितेंद्र पाल,राजेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### नारायणी धाम की पैदल यात्रा रवाना

**फागी, (निसं)।** उपखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार में स्थित जगत शिरोमणि मंदिर से शनिवार को प्रातः प्रधान प्रेम देवी चौधरी एवं फागी सरपंच ओमप्रकाश खवास ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करने के बाद नारायणी धाम के जयकारे के साथ ध्वज को उठाकर पैदल यात्रियों के जत्थे को रवाना किया। पैदल यात्रा सेवा समिति के महामंत्री टीकमचंद सैन मांदी वालों ने बताया कि पैदल यात्रा का शनिवार को रात्रि विश्राम रेनवाल मांजी तथा रविवार को रात्रि विश्राम मानसरोवर में होगा। यात्रा की व्यवस्था सेन समाज के अनेक सेवाभावी, समाजसेवियों व गणमान्य लोगों ने कमान संभाल रखी है।


**कार्यालय नगर परिषद, टोंक**

क्रमांक- एमसीटी/2022-23/9715-18 दिनांक- 2.9.2022

**विज्ञप्ति/सूचना**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनिया/मोहल्लों के आवेदनकर्ताओं ने अपनी सम्पत्ति के पट्टे एवं अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है, 52 आवेदनों की सूची कार्यालय की उज्र आपत्ति दिनांक 02.09.2022 में अंकित है। उक्त सूची का अवलोकन नगर परिषद कार्यालय, टोंक/अग्निशमन केन्द्र, टोंक एवं सूचना केन्द्र के नोटिस बोर्ड तथा सम्बन्धित शाखा में किया जा सकता है।

सर्वसाधारण उक्त सूचियों का अवलोकन कर अपनी आपत्ति/दावा मय साक्ष्य/दस्तावेजों के 07 दिवस में सम्बन्धित शाखा में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात आपत्तियों पर विचार विमर्श नहीं किया जावेगा तथा सम्बन्धित आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा।

**आयुक्त, नगर परिषद, टोंक**



जो कमाऊ पूत होता है, वह लाडला होता है। उसे खूब दुलार मिलता है। विश्व क्रिकेट में भारत काफी ज्यादा रेवेन्यू बनाता है। पूरी दुनिया में चाहे कोई बायलेटरल सीरीज ही क्यों ना हो, अगर वहां भारतीय स्पॉन्सरशिप हो तो बोर्ड मालामाल हो जाएगा। **- मोहम्मद हफीज**

पाक के पूर्व क्रिकेटर, बीसीसीआई को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## रविन्द्र जडेजा



**भारत** के सीनियर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें घुटने की सर्जरी करानी होगी, जिसके कारण वह अनिश्चित समय तक खेल से बाहर रहेंगे। जडेजा एशिया कप में पाकिस्तान और हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ पहले दो मैचों में खेले थे। वह अपने हरफनमौला प्रदर्शन से टीम में जरूरी संतुलन देते हैं, जिससे 33 साल के इस अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर की अनुपस्थिति रोहित शर्मा की टीम के लिये बड़ा झटका होगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'जडेजा की दाहिने पैर के घुटने की चोट काफी गंभीर है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड ने 45वें टेस्ट मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की थी, जो उसने वेस्टइंडीज को 1955-56 में हरा अपनी हार का सिलसिला तोड़ा।









# आज फिर आमने-सामने होंगे भारत-पाक

दुबई, 3 सितंबर। भारत और पाकिस्तान एशिया कप 2022 में रविवार को एक हफ्ते बाद दोबारा आमने-सामने होंगे और पाकिस्तान पिछली हार का बदला लेने के लिए पूरा दमखम लगा देगा जबकि भारत अपनी जीत के क्रम को आगे बढ़ाते हुए अपने पड़ोसी प्रतिद्वंदी को इस बार करारी मात देने की पूरी कोशिश करेगा। दोनों टीमों के बीच सुपर-4 मुकाबला रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

पाकिस्तान ने पहले मैच में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद शुक्रवार के मैच में हॉन्ग कॉन्ग को 155 रन से मात देकर ज़ोरदार तरीके से सुपर-4 में प्रवेश किया। इस जीत के साथ बाबर आज़म की टीम ने अपना खोया हुआ आत्मविश्वास भी हासिल कर लिया है और अब वह एक बार फिर दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत से पिछली हार का बदला लेने के लिये तैयार है।

यदि टीम संयोजन की बात करें तो दोनों ही टीमों के कप्तान इस टूर्नामेंट में विकेट पर संघर्ष करते हुए नज़र आये हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म ने जहां दो मैचों में क्रमश: 10 और नौ रन बनाये हैं, वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का स्कोर 12 और 21 रन रहा है। ऐसे में दोनों ही टीमों को इस मैच में कप्तानी पारी खेलकर टीम के मज़बूत शुरुआत देनी होगी। भारतीय प्रशंसकों की नज़रें लोकेश राहुल पर भी होंगी जो चोट से उभरने के बाद कोई बड़ा स्कोर नहीं बना सके हैं। यदि लोकेश एशिया कप के बाकी मैचों में रन नहीं बनाते तो अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप 2022 के लिये टीम में उनकी जगह पर प्रश्न चिह्न लग सकता है।

भारत की विराट कोहली से बहुत ज्यादा उम्मीदें होंगी, जो पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं। उन्होंने एशिया कप के दो मैचों में 35 और 59 नाबाद के स्कोर के साथ अपने फॉर्म में वापस आने का संकेत भी दिया है। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ 261.54 के स्ट्राइक रेट से 68 रन बनाने वाले सूर्यकुमार यादव भी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी काबिलियत दिखाना चाहेंगे।

चोट के कारण एशिया कप से बाहर हुए रवींद्र जडेजा की भरपाई भारत को करनी होगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज जडेजा ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 29 गेंदों पर 35 रन बनाये थे और विकेट पर उनकी उपस्थिति के कारण कप्तान बाबर ने बाएं हाथ के गेंदबाज मोहम्मद नवाज़ को गेंदबाजी नहीं सौंपी थी। विकेट पर 11 ओवर गुज़ारने वाले जडेजा भारत की जीत का बड़ा कारक रहे थे और इस बार बाएं हाथ के हरफनमौला अक्षर पटेल को टीम में उनकी स्थान पर उतार सकते हैं।

दूसरी ओर, हॉन्ग कॉन्ग को 38 रन पर ऑलआउट करने के बाद पाकिस्तानी गेंदबाजों का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा और वह भारत के खिलाफ भी अपने इसी प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे। दुबई में रविवार को होने वाले मैच में शादाब खान और मोहम्मद नवाज़ पर सबकी नज़रें होंगी। युवा गेंदबाज़ शाहनवाज़ दहानी को अब तक टूर्नामेंट में सिर्फ एक विकेट मिला है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों को उनकी सटीक गेंदबाजी के आगे सचेत रहना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 मुकाबला रविवार को भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

## श्रीलंका ने अफगानिस्तान को चार विकेट से मात दी

शारजाह, 3 सितंबर। श्रीलंका ने कुशल मेंडिस (36) और दनुष्का गुनतिलका (33) की आतिशी पारियों की बदौलत अफगानिस्तान को एशिया कप 2022 में शनिवार को चार विकेट से हराया। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 20 ओवर में 176 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने पांच गेंदें रहते हुए हासिल करके सुपर-4 का पहला मैच जीता।

श्रीलंका ने इस जीत में टीम प्रदर्शन का शानदार नमूना पेश किया। किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अद्धर्शतक नहीं जड़ा, लेकिन मेंडिस, गुनतिलका, पथुम निसंका (35) और भानुका राजपक्षे (33) की छोटी मगर मूल्यवान पारियों ने टीम को जीत दिलायी। श्रीलंका ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को 13 रन पर पवेलियन लौटा दिया। इसके बाद गुरबाज और इब्राहिम ने दूसरे विकेट के लिये 93 रन की साझेदारी की। गुरबाज़ ने 84 रन की अपनी पारी में 45 गेंदें खेलकर चार चौके और छक्के लगाये, जबकि इब्राहीम ज़ादरान ने 40(38) रन की पारी खेली।

16वें ओवर में गुरबाज और 18वें ओवर में इब्राहीम का विकेट गिरने के बाद अफगानिस्तान के रनों की रफ्तार रुक गयी। पारी का 19वां ओवर अफगानिस्तान के लिये निराशाजनक रहा जहां उन्होंने सिर्फ तीन रन बनाकर कप्तान मोहम्मद नबी (01) और नजीबुल्लाह ज़ादरान (17) का विकेट गंवाया। राशिद खान ने आखिरी ओवर में नौ रन बनाते हुए अपनी टीम को 20 ओवर में 176 रन तक पहुंचाया।

श्रीलंका की ओर से दिलशन मदुशंका ने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि महीश तीक्षणा और असिता फर्नांडो को एक एक विकेट हासिल हुआ। वानिंदू हसरंगा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 23 रन दिये, लेकिन उन्हें कोई विकेट हासिल नहीं हुआ। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी और पहले विकेट के लिये 62 रन जोड़े। पथुम निसंका ने 28 गेंदों पर 35 रन बनाये।

## पाक को झटका, दहानी चोट के कारण बाहर

दुबई, 3 सितंबर। पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी एशिया कप सुपर-4 में भारत के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले मुकाबले से 'संदिग्ध' चोट के कारण बाहर हो गये हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को यह जानकारी साझा करते हुए कहा, शाहनवाज़ दहानी संदिग्ध साइड स्ट्रेन के कारण भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले एसीसी एशिया कप सुपर-4 मुकाबले के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। उन्हें शुक्रवार को हांगकांग के खिलाफ शारजाह में गेंदबाजी के दौरान चोट लग गई थी। पीसीबी ने कहा कि साइड स्ट्रेन चोट के कारण उन्हें 48-72 घंटे तक चिकित्सीय दल अपनी निगरानी में रखेगा। इसके बाद उनके टूर्नामेंट में प्रतिभागिता पर निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के शीर्ष तेज़ गेंदबाज़ शाहीन अफ़रीदी और मोहम्मद वसीम जूनियर पहले ही चोटिल होकर टीम से बाहर हो चुके हैं। शाहनवाज़ दहानी ने भारत के खिलाफ एशिया कप 2022 में हुए पहले मैच में चार ओवर डालकर 29 रन दिये थे। जबकि हांगकांग के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट भी झटका था। भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 मुकाबला रविवार को खेला जाएगा जो भारतीय समयानुसार शाम 0730 बजे शुरू होगा।

## यूएस ओपन : पहली बार चौथे दौर में पहुंची गॉफ

न्यूयॉर्क, 3 सितंबर। अमेरिका की कोको गॉफ़ ने अपनी हमवतन मेडिसन कीज़ को हराकर पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। गॉफ़ ने शुक्रवार को तीसरे दौर के मुकाबले में कीज़ को 6-2, 6-3 के सीधे सेटों में हराया। अमेरिकी खिलाड़ी अब अपने घरेलू ग्रैंड स्लैम में रविवार को चीन की 33 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी, जो तीसरे दौर में कनाडा की रेबेका मरीनो को 6-2, 6-4 से हराकर आ रही हैं। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह पहला यूएस ओपन चौथे दौर का मैच होगा और दोनों ही अब तक पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं हारी हैं। अपने करियर का तीसरा यूएस ओपन खेल रहीं गॉफ ने जीत के बाद कहा, पांच साल पहले, मैं यहां वीनस को खेलते हुए देख रही थी और मुझे लगता है कि सेरेना भी उस दिन खेली थीं। मैं अपने दोस्तों के सामने इतरा रही थी क्योंकि मुझे कोर्ट के पास वाली सीट मिली थी, और अब मैं कोर्ट में हूं।

## साकेत-युकी ने सत्र का 5वां चैलेंजर खिताब जीता

मोलोरका (स्पेन), 3 सितंबर। साकेत मायनेनी और युकी भांबरी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शनिवार को यहां राफा नडाल ओपन जीतकर इस सत्र का अपना पांचवां चैलेंजर खिताब अपने नाम किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में सर्गियो गोर्नेस और मार्क्रा बोर्तोलोती की स्पेनिश-इतालवी शीर्ष वरीय जोड़ी को हराया था। साकेत-युकी की जोड़ी ने फाइनल में चेक गणराज्य के मारेक जेंजेल और लुकास रोसोल की जोड़ी को 6-2 6-2 से हराकर चैलेंजर 80 टूर्नामेंट में जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 110वें स्थान पर काबिज युकी इस जीत से शीर्ष 100 में पहुंचने के लिये तैयार हैं। साकेत इस समय एटीपी युगल रैंकिंग में 98वें स्थान पर हैं। इस साल के शुरू में इस भारतीय जोड़ी ने सालिनास, चेक गणराज्य, पोर्तो और लेक्सिंगटन में चैलेंजर टूर्नामेंट में खिताब जीते थे। उन्होंने 2022 में भोपाल और नयी दिल्ली में दो आईटीएफ प्रतियोगिताओं में भी जीत दर्ज की थी।

## सुदेवा और तरुण संघा की बड़ी जीत

नयी दिल्ली, 3 सितंबर। श्याम कुमार के दो शानदार गोलों की मदद से तरुण संघा ने उत्तराखंड एफसी को 5-0 से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किये। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के दूसरे मैच में सुदेवा एफसी ने वाटिका एफसी को 3-0 से परास्त किया। तरुण संघा ने शुरू से ही हमलावर रुख अपनाया और पहले हाफ में चार गोलों की बढ़त बना ली। विजेता टीम के तीन गोल घाना के थेऔफिल्स, नाइजीरियन स्टेनले और मृणाल अधिकारी ने बांटे। डूरंड कप खेल कर लौटे वाटिका के खिलाड़ियों को जमने में समय लगा। सिनम सिंह, मैन ऑफ द मैच लालबियकलियना और रोशन ने विजेता सुदेवा के गोल जमाए।

# जिम्बाब्वे की ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत

-ऑस्ट्रेलिया को उसी की सरजमीन पर पहली बार एकदिवसीय मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की

टाउन्सविल, 3 सितंबर। ज़िम्बाब्वे ने रायन बर्ल (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को उसी की सरज़मीन पर पहली बार हराते हुए तीसरे एकदिवसीय मैच में शनिवार को तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ज़िम्बाब्वे ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया था और सिर्फ 142 रन पर ऑलआउट कर दिया था। कंगारू टीम के लिये सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने सर्वाधिक 94(96) रन की पारी खेली, जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 22 गेंदों पर 19 रन बनाये। इन दोनों के अलावा कोई भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।

ज़िम्बाब्वे के लिये बर्ल ने तीन ओवर में सिर्फ 10 रन देकर पांच विकेट लिये, जिसमें वॉर्नर का बहुमूल्य विकेट भी शामिल था। इसके अलावा ब्रैड इवान्स ने दो जबकि रिचर्ड एंगवारा, विक्टर न्यौची और सीन विलियम्स ने एक-एक विकेट लिया। ज़िम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाजों ने 142 रन के न्यून लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। तकुद्ज़वनाशे काइटानो और तदिवनाशे मारूमानी ने पहले विकेट के लिये 38 रन जोड़े। काइटानो ने 19 (25) रन और मारूमानी ने 35 (47) रन बनाये। मध्य क्रम के असफल होने के कारण ज़िम्बाब्वे का स्कोर 77 रन पर पांच विकेट हो गया और सिकंदर रज़ा (08) भी पवेलियन लौट गये थे, मगर रेगिस चकब्वा ने कप्तानी पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

चकाब्वा ने 72 गेंदों पर संयमपूर्वक 38 रन बनाने के दौरान एक भी जोखिम भरा शॉट नहीं खेला। उन्होंने टोनी मुन्योंगा के साथ 38 रन की साझेदारी कर मैच में ज़िम्बाब्वे की वापसी करवाई। ज़िम्बाब्वे की जीत से पहले मुन्योंगा और बर्ल (11) का विकेट गिरा, लेकिन अंत में ब्रैड इवान्स ने मिचेल स्टार्क की गेंद पर सिंगल लेकर मैच को समाप्त किया। यह ज़िम्बाब्वे की ऑस्ट्रेलिया में, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली जीत है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने इस हार के बावजूद तीन मैचों की शृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

## सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच बने लारा

हैदराबाद, 3 सितंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा को फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया। एसआरएच ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, ''क्रिकेट के दिग्गज ब्रायन लारा आगामी आईपीएल सीज़न के लिए हमारे मुख्य कोच होंगे।'' लारा की नियुक्ति के साथ ही एसआरएच और टॉम मूडी के बीच दीर्घकालिक संबंध समाप्त हो गया।

एसआरएच ने कहा, ''हमारे साथ टॉम का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। हम एसआरएच में उनके योगदान के लिए टॉम को धन्यवाद देना चाहते हैं। यह वर्षों से एक बहुत ही पोषित यात्रा रही है, और हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।'' मूडी एक साल को छोड़कर, 2013 में एसआरएच की स्थापना के बाद से टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहे हैं। टीम ने उनके मार्गदर्शन में आईपीएल 2016 का खिताब जीता और 2018 में उपविजेता रही।

## पाटीदार और ईश्वरन के शतक, भारत ने बनाये चार विकेट पर 492 रन

बेंगलुरू, 3 सितंबर। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (132 रन) और फॉर्म में चल रहे रजत पाटीदार (नाबाद 170 रन) के शतकों से भारत ए ने पहले अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार विकेट पर 492 रन बना लिये।

ईश्वरन ने शानदार शतक जड़कर समय पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को आकर्षित करने का मौका बनाया लेकिन पाटीदार दिन के खेल का आकर्षण रहे। भारत ए की टीम पहली पारी के हिसाब से 92 रन से बढ़त बनाये है और अब एक दिन का खेल बचा हुआ है।

ईश्वरन ने दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए आक्रामकता दिखाते हुए 194 गेंद में 132 रन बनाये। मुंबई इंडियंस के लिये सभी को प्रभावित करने वाले युवा एन टी तिलक वर्मा ने भी पारंपरिक प्रारूप में खेलते हुए बेहतरीन सांमजस्य बिठाया और वह पाटीदार के साथ पांचवें विकेट के लिये नाबाद 167 रन की साझेदारी के दौरान नाबाद 82 रन बना चुके हैं। भारत ए के लिये सभी भागीदारियां अहम रहीं लेकिन सरफराज खान (36 रन) बल्लेबाजों के मुफीद पिच पर बड़ी पारी खेलने से चूक गये जबकि वह अच्छी तरह बड़ा स्कोर बनाने की ओर थे।

ईश्वरन ने प्रियांक पंचाल (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 123 रन की भागीदारी निभायी थी। भारत ने तीसरे दिन सुबह दूसरे ही ओवर में रूतुराज गायकवाड़ (21 रन) का विकेट गंवा दिया जब रचिन रविंद्र (96 रन देकर दो विकेट) ने उन्हें विकेटकीपर कैम फ्लेचर के हाथों स्टंप कराया। भारत ए ने हालांकि तेजी से रन जुटाना जारी रखा। पाटीदार और ईश्वरन की जोड़ी ने 26 ओवर के अदंर 104 रन की साझेदारी कर ली थी। ईश्वरन (13 चौके, एक छक्का) ने अपना 16वां प्रथम श्रेणी शतक पहले सत्र में पूरा किया। बायें हाथ के कलाई के स्पिनर मिशेल रिपोन (101 रन देकर एक विकेट) ने बंगाल के सलामी बल्लेबाज को बोल्ड किया। सरफराज ने पाटीदार के साथ 64 रन की भागीदारी के दौरान पांच चौके लगाये।

## कार्यकारी समिति की 18 सितंबर को होने वाली बैठक के बाद स्टिमक पर फैसला करेगा एआईएफएफ

नयी दिल्ली, 3 सितंबर। भारतीय पुरुष सीनियर टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक के भविष्य का फैसला अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की 18 सितंबर को होने वाली बैठक के बाद होगा। स्टिमक का मौजूदा अनुबंध सितंबर में खत्म हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में जून में टीम नेक्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन कर 2023 एशिया कप का टिकट पक्का किया।स्टिमक ने इसके बाद एआईएफएफ से अपने अनुबंध पर जल्दी से निर्णय लेने का आग्रह किया था। उस समय एआईएफएफ के संचालन की



कमान उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) के पास थी। चौबे ने कहा कि पूर्व दिग्गज आई एम विजयन के नेतृत्व में शनिवार को तकनीकी समिति को नियुक्त किया गया है। यह समिति स्टिमक की देखरेख में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके बाद क्रोएशिया के कोच के करार को जारी रखने पर नयी कार्यकारी समिति फैसला करेगी। चौबे ने कहा, तकनीकी समिति राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार करेगी और इसे 18 सितंबर को सौंपेगी। कार्यकारी समिति रिपोर्ट पर चर्चा करेगी और स्टिमक पर भविष्य पर फैसला करेगी।''

## सैफ चैम्पियनशिप के लिये काठमांडू रवाना हुई महिला टीम

नयी दिल्ली, 3 सितंबर। भारतीय महिला फुटबॉल टीम छह सितंबर से होने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप के लिये शनिवार को काठमांडू रवाना हुई। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप की गत वर्ष की विजेता भारतीय टीम को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, मालदीव और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ब्लू टिग्रेस के मुख्य कोच सुरेन छेत्री ने कहा, खिलाड़ी चुनौतियों से वाकिफ हैं और हमें उम्मीद है कि हम दृढता से प्रदर्शन करेंगे। सीनियर और युवाओं का मिश्रण निश्चित रूप से हमें लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित होगा। भारत का सामना सबसे पहले सात सितंबर को पाकिस्तान से होगा, जिसके बाद वह 10 सितंबर को मालदीव और 13 सितंबर को बंगलादेश की टीम से मुकाबला करेगी। सभी मैच नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत ने टूर्नामेंट के लिये 23 खिलाड़ियों का चयन किया है। जिसमें गोलकीपर के रूप में अदिति चौहान, मैबम लिनथोइंगंबी देवी और सौम्या नारायणसामी को टीम में शामिल किया गया है।

## ऐसा लग रहा है कि भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेल रहे है : रिजवान

दुबई, 3 सितंबर। एशिया कप में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत का दूसरी बार सामना करने को लेकर उत्साहित पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनकी टीम के साथी मजाक में कह रहे है कि महाद्वीपीय टूर्नामेंट इन दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की श्रृंखला की तरह है। भारत और पाकिस्तान टीमें अगर 'सुपर फोर' चरण में शीर्ष पर रहती है तो दोनों का सामना अगले रविवार (11 सितंबर) को टूर्नामेंट के फाइनल में हो सकता है। भारत ने पिछले रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। रिजवान ने हांगकांग पर पाकिस्तान की 155 रन की विशाल जीत के बाद शारजाह में कहा, ''दोनों देशों के प्रशंसक अगले सप्ताह फाइनल में तीसरे मैच की उम्मीद कर रहे हैं। हमने मजाक में कहा है कि यह तीन मैचों की श्रृंखला (भारत और पाकिस्तान के बीच) की तरह है।''

## लीजेंड्स लीग में नहीं खेलेंगे गांगुली

कोलकाता, 3 सितंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अपने प्रशंसकों को निराशाजनक खबर सुनाते हुए शनिवार को कहा कि वह समय की पाबंदियों के कारण लीजेंड्स लीग में नहीं खेल पाएंगे और उन्होंने अपना नाम वापस लेने को फैसला किया है।गांगुली ने यूनीवार्ता से कहा, मैंने लीग से अपना नाम वापस लेने का फैसला किया है। मेरे पास अन्य प्रतिबद्धताएं हैं, इसलिये मुझे लीग में हिस्सा लेने का समय नहीं मिल पा रहा है। गांगुली को 16 सितंबर को इंडिया महाराजाज़ और वर्ल्ड इलेवन के बीच ईडन गार्डन्स में होने वाले प्रदर्शनी मैच में शामिल होना था। वह महाराजाज़ के कप्तान चुने गये थे।

## दमदार जीत के साथ मेदवेदेव, किर्गियोस तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क, 3 सितंबर। टॉप सीड डेनिल मेदवेदेव और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर यूएस ओपन 2022 के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है, जहां वे एक-दूसरे से सामना करेंगे। यूएस ओपन 2021 के विजेता मेदवेदेव ने शनिवार तड़के चीन के वू यिबिंग को तीसरे दौर में 6-4, 6-2, 6-2 के सीधे सेटों में हराया। मेदवेदेव ने इस टूर्नामेंट में चौथे दौर में पहुंचने तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मेदवेदेव चौथे दौर में किर्गियोस का सामना करेंगे, जो तीसरे दौर में अमेरिका के जेफ़री वुल्फ को हराकर 6-4, 6-2, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने पिछले महीने मॉन्ट्रियल में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में मेदवेदेव को हराकर उनके खिलाफ अपनी तीसरी जीत दर्ज की थी।

# टेनिस कोर्ट की महारानी, जिसने जीते 23 ग्रैंडस्लैम खिताब

## यूएस ओपन के तीसरे राउंड में हारी

न्यूयॉर्क, 3 सितंबर वह पिछले ढाई दशक से टेनिस कोर्ट की महारानी हैं और उन्होंने इस दौरान वह सब उपलब्धियां हासिल की जिनकी एक खिलाड़ी उम्मीद करता है। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का यूएस ओपन के तीसरे दौर में हार के साथ पेशेवर करियर भी समाप्त हो गया। सेरेना 26 सितंबर को 41 वर्ष की हो जाएंगी और अब वह अपना परिवार बढ़ाना चाहती हैं और व्यावसायिक कार्यों में ध्यान देना चाहती हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी शुक्रवार की रात को तीन घंटे से भी अधिक समय तक चले मैच में अजला टॉमलजानोविच से 7-5, 6-7 (4), 6-1 से हार गई।

सेरेना ने पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में जब उनका शॉट नेट पर लगा तो उनकी आंखें भी छलक उठी। उन्होंने मैच के बाद कहा,'' यह मेरे लिए अब तक का सबसे अविश्वसनीय सफर रहा है। मैं उस हर व्यक्ति की आभारी हूं जिसने सेरेना आगे बढ़ो, कह कर मेरा हौसला बढ़ाया।'' सेरेना ने अपने करियर में 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब और अपनी



बड़ी बहन वीनस के साथ 14 युगल खिताब भी जीते। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में सैकड़ों सप्ताह तक शीर्ष पर काबिज रही। उनके नाम पर चार ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य ट्रॉफी जीती और करोड़ों डॉलर की कमाई की।

इस दिग्गज खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर में अपना पहला मैच 14वां जन्मदिन मनाने के एक महीने बाद 28 अक्टूबर 1995 को खेला था। उन्होंने ग्रैंड स्लैम स्तर पर अपना पहला मैच 16 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीता था। उन्होंने तब छठी वरीयता प्राप्त इरिना स्पिरलिया को 6-7 (5), 6-3, 6-1 से हराया था, लेकिन अगले दौर में वह अपनी बड़ी बहन वीनस से हार गई थी।

सेरेना ने 17 साल की उम्र में मार्टिना हिंगिस को 11 सितंबर, 1999 को यूएस ओपन के फाइनल में 6-3, 7-6 (4) से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। यूएस ओपन 2001 में फाइनल में उनके सामने उनकी बहन वीनस थी जिनसे उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन 2002 के फ्रेंच ओपन में सेरेना ने अपनी बहन को हराकर दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता था। सेरेना ने इसके बाद विंबलडन 2002 में फिर से अपनी बड़ी बहन वीनस को हराकर खिताब जीता था। वह पहली बार आठ जुलाई 2002 को डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हुई थी। इसके बाद यूएस ओपन 2002 में भी दोनों विलियम्स बहनों के बीच खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें सेरेना ने बाजी मारी थी।

इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2003 में फिर से वीनस को हराकर खिताब जीता और इस तरह से लगातार चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतकर 'सेरेना स्लैम' पूरा किया। सेरेना ने 2003 में विंबलडन के फाइनल में फिर से वीनस को हराकर अपने खिताब का बचाव किया। इसके बाद वह बाएं घुटने की चोट से परेशान रही लेकिन उन्होंने 2005 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में लिंडसे डेवनपोर्ट को हराकर शानदार वापसी की। घुटने के ऑपरेशन के कारण सेरेना फिर से कोर्ट से बाहर रही। इस कारण उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2007 में 81 में नंबर की खिलाड़ी के रूप में भाग लिया। सेरेना ने इसके बाद 2008 में यूएस ओपन के फाइनल में एलेना जांकोविच, ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2009 में दिनारा सफीना और इसी साल विंबलडन फाइनल में वीनस को हराकर खिताब जीते। उनका 12वां ग्रैंड स्लैम खिताब 2010 का ऑस्ट्रेलियाई ओपन में था जहां उन्होंने फाइनल में जस्टिन हेनिन को हराया।

सेरेना ने 2010 में चौथी बार विंबलडन खिताब जीता लेकिन इसके बाद जर्मनी में वह चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट से बाहर बैठना पड़ा। इसके बाद वह फ्रेंच ओपन 2012 के पहले दौर में ही वर्जिनी रज्जानो से हार गई। यह पहला अवसर था जब वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। उन्होंने विंबलडन 2012 में खिताब जीतकर दो साल में पहली बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता और फिर इस साल यूएस ओपन का खिताब भी अपने नाम किया। उन्होंने अपना 16वां ग्रैंड स्लैम खिताब फ्रेंच ओपन 2013 के रूप में जीता था। सेरेना ने 2013 में ही यूएस ओपन में विक्टोरिया अजारेंका को हराकर फ्लशिंग मीडोज में पांचवां खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इसके एक साल बाद फिर से यूएस ओपन का खिताब जीतकर क्रिस एवर्ट और मार्टिना नवरातिलोवा के 18 ग्रैंड स्लैम खिताब की बराबरी की थी।

सेरेना ने 2015 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और विंबलडन में खिताब जीते लेकिन इस साल यूएस ओपन के सेमीफाइनल में रॉबर्टा विंसी से हारने के कारण उनका एक वर्ष में चारों ग्रैंड स्लैम जीतकर 'कैलेंडर स्लैम' पूरा करने का सपना अधूरा रह गया। इस अमेरिकी खिलाड़ी ने 2016 में विंबलडन चैंपियन बनकर स्टैफी ग्राफ के 22 ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी की थी। इसके बाद उन्होंने 2017 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर ग्राफ को पीछे छोड़ा था।

## राज्य सीनियर महिला फुटबाल शुरू

जयपुर, 3 सितम्बर। राजस्थान राज्य सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2022 के 42वें संस्करण का शुभारंभ रामनिवास बाग स्थित यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउंड न 2 पर सांसद दीया कुमारी जी ने किया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की 18 टीमों ने भाग लिया है। आज 8 टीमों ने नॉक आउट खेला।

## खेल कराटे लीग आयोजित

जयपुर 3 सितंबर। आज जयपुर स्थित एस.एम.एस इंडोर स्टेडियम में खेल कराटे लीग का आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 22 से अधिक राज्यों के 1600 सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल कराटे लीग ऑर्गेनाइजर, धनंजय त्यागी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रेसिडेंट, फोर्टी यूथ विंग और मैनेजिंग डायरेक्टर, जे डी ग्रुप, धीरेंद्र सिंह राघव थे।



*जाने माने मूर्तिकार बोगदान बोगदानोविच की रचना, तस्वीर में नज़र आ रहा विशालकाय स्टोन फ्लॉवर विश्व विख्यात है। क्रोएशिया के जसेनवैक शहर में इस स्मारक को देखने दुनियाभर से पर्यटक आते हैं और उन लोगों को याद करते हैं जो दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान इसी स्थान पर बने यातना शिविर में मारे गए थे। सन् 1966 में बनकर तैयार हुए सीमेंट के इस फूल की पांच पंखुड़ियाँ जसेनवैक यातना शिविर के बंदियों को समर्पित हैं। अन्य यातना शिविरों के विपरीत इस यातना शिविर का नियंत्रण नाज़ियों के हाथ में नहीं था, बल्कि क्रोएशिया की सरकार के हाथ में था जो उस समय नाज़ियों के साथ थी। यह यूरोप के सबसे बड़े यातना शिविरों में से एक था। यह तो पता नहीं है कि, यहां कितने लोग मारे गए, लेकिन तकरीबन 8 लाख लोगों को यहाँ पर यातनाएं दी गई थीं। इनमें से अधिकांश सर्बिया के लोग थे, जिन्हें ''प्योर'' (विशुद्ध) क्रोएशिया के निर्माण के लिए मारा गया। यह भयावह कैम्प 1945 में बंद हुआ और उसके बाद पूर्व युद्ध बंदियों ने इसे जला दिया। स्टोन फ्लावर के नीचे एक मकबरा भी है, जहां पीड़ितों के अवशेष हैं। इसका निचला भाग खुला हुआ है, जहाँ से लोग स्मारक के अंदर जाकर मृतकों को याद करते हैं।*

# चीन ने आई.एन.एस. विक्रांत की नौसेना को सुपुर्दगी पर भारत की खिल्ली उड़ाई

## चीन के सरकारी मीडिया ने कहा, भारत पहले अपने लोगों की गरीबी दूर करने पर ध्यान दे

- **चीन के सरकारी मीडिया, ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि, भारत पश्चिमी देशों की चापलूसी और झांसे में ना आये। चीन से भारत को कोई खतरा नहीं है, वह अपने लोगों की सलामती पर ध्यान केन्द्रित करे।**
- **ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि, पश्चिमी देश भारत के लोगों को भड़काना चाहते हैं, इससे उनके मन में चीन के खिलाफ बैर पनपेगा और सरकार पर बीज़िंग के खिलाफ फैसले लेने का दबाव बनेगा।**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। चीन शायद पूर्णत: स्वदेशी तकनीक से निर्मित विमानवाहक पोत आई.एन.एस. विक्रांत पर भारत की सफलता से खुश नहीं है। यही कारण है कि पहले तो ग्लोबल टाइम्स ने अपने तीसरे विमानवाहक पोत टाइप 003 फुजियान से तुलना कर खिल्ली उड़ाने की कोशिश की। बाद में उसने अपना स्टैंड बदलते हुए पश्चिमी देशों को लेकर भारत को समझाइश दे डाली। ग्लोबल टाइम्स ने अपने संपादकीय में लिखा कि भारत को पश्चिम देशों की चापलूसी से सतर्क रहना चाहिए। इस लेख में चीनी मीडिया ने कहा कि पश्चिमी देश भारतीय एयरक्राफ्ट कैरियर आई.एन.एस. विक्रांत के प्रमुख लक्ष्यों के रूप में चीनी नौसेना को पेश कर रहे हैं। वे भारत और चीन के बीच तनाव को भड़काना चाहते हैं। इससे भारतीय जनता के बीच चीन को लेकर एक राय कायम होगी और सरकार पर बीजिंग विरोधी फैसले लेने का दवाब बढ़ेगा।

ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारत के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत के शुक्रवार को कमीशनिंग को पश्चिमी मीडिया से काफी प्रशंसा मिली। सी.एन.एन. की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस विमानवाहक पोत ने भारत को दुनिया की नौसैनिक शक्तियों की एक कुलीन लीग में डाल दिया है। न्यूज एजेंसी ए.एफ.पी. ने एक लेख में इसे इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता का मुकाबला करने के सरकारी प्रयासों में एक मील का पत्थर बताया है। ग्लोबल टाइम्स ने आगे लिखा कि भारत के पहले घरेलू विमान वाहक के प्रमुख लक्ष्य के रूप में ''चीन के बहुत बड़े और बढ़ते बेड़े'' को प्रस्तुत कर, वे चीन और भारत के बीच तनाव और यहां तक कि टकराव को भड़काना चाहते हैं।

ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि यह वास्तव में भारत के लिए स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमताओं में अपनी प्रगति का जश्न मनाने का क्षण था। आई.एन.एस. विक्रांत का निर्माण भारत के लिए आसान नहीं रहा है। कोचीन शिपयार्ड में धूमधाम से आयोजित किए गए समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वदेशी विमानवाहक पोत को 2009 में बनाने का काम शुरू किया गया था, जिसमें 13 साल लग गए। उन्होंने भारत के दक्षिणी राज्य केरल के कोच्चि में नौसेना के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके देश ने एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है।

ग्लोबल टाइम्स ने सवाल किया कि, लेकिन क्या पश्चिम भारत के लिए वाकई खुश था? प्रधानमंत्री मोदी ने कमीशन समारोह में भारत के औपनिवेशिक युग से बचे ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रतीक के बिना देश के नए नौसैनिक ध्वज को भी फहराया। हालांकि, अधिकांश पश्चिमी रिपोर्टों में इसका शायद ही कभी उल्लेख किया गया था। ग्लोबल टाइम्स ने समझाइश देते हुए कहा कि भारत को पश्चिम की इस उकसावे को चीन के खिलाफ किसी सैन्य घटना में बदलने से बचना चाहिए।

# झारखण्ड के अधिकारियों व भाजपा सांसदों ने एक दूसरे पर एफ.आई.दर्ज करवाई

- **झारखण्ड में दो भाजपा सांसदों सहित नौ लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज हुई।**
- **भाजपा सांसदों ने दिल्ली पहुंचते ही झारखण्ड के अधिकारियों के खिलाफ अभद्रता और गाली-गलौज की एफ.आई.आर. दर्ज करवाई।**
- **मनोज तिवारी, कपिल मिश्रा और निशिकांत दुबे, दुमका छात्रा हत्याकांड मामले में परिजनों से मिलने चार्टर्ड प्लेन से देवघर पहुंचे थे। एयरपोर्ट से शाम छह बजे तक ही उड़ान की इजाजत थी, लेकिन सांसदों पर जबरन शाम पांच बजकर 30 मिनट पर एयर ट्रैफिक क्लियरैंस लेने का आरोप लगा है।**
- **इस घटना के बाद ही झारखण्ड के अधिकारी ने एयरपोर्ट की सुरक्षा का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज करवाई।**

देवघर/ नई दिल्ली, 3 सितम्बर। झारखण्ड पुलिस ने देवघर एयरपोर्ट की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में भाजपा के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे, उनके दो बेटों, सांसद मनोज तिवारी, देवघर हवाई अड्डे के निदेशक समेत नौ लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है। इन सभी पर देवघर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ए.टी.सी.) रूम में जबरन घुसने का आरोप है। सुरक्षा प्रभारी सुमन आनंद की शिकायत पर एक सितंबर को कुंडा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें कहा गया कि उक्त व्यक्तियों ने जबरन ए.टी.सी. कक्ष में प्रवेश करके कई सुरक्षा मानकों उल्लंघन किया और अधिकारियों पर टेक-ऑफ करने के लिए दबाव डाला। शिकायत पत्र में सभी पर दवाब बनाकर जबरन ए.टी.सी. क्लियरेंस लेने का भी आरोप लगाया गया है।

मामले में भाजपा सांसद ने भी दिल्ली में एफ.आई.आर. दर्ज कराई है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने देवघर डीसी मंजूनाथ और झारखंड पुलिस के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू थाने में जीरो एफ.आई.आर. दर्ज की। दुबे ने अपनी एफ.आई.आर. में कहा कि, देवघर पुलिस ने उनके 2 बेटों को गाली दी और डीसी के कहने पर जान से मारने की धमकी दी।

गौरतलब है कि, मनोज तिवारी, कपिल मिश्रा और निशिकांत दुबे दुमका छात्रा हत्याकांड मामले में परिजनों से मिलने चार्टर्ड प्लेन से देवघर पहुंचे थे। एयरपोर्ट से शाम छह बजे तक ही उड़ान की इजाजत थी लेकिन सांसद पर जबरन शाम पांच बजकर 30 मिनट पर क्लियरेंस लेने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद ही अधिकारी ने एयरपोर्ट की सुरक्षा का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज करवाई है।

कुंडा (झारखण्ड) थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि, दोनों सांसदों – निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी – और हवाई अड्डे के निदेशक सहित नौ लोगों पर आई.पी.सी. की धारा 336 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 447 (आपराधिक अतिचार के लिए सजा), 448 (घर-अतिचार के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# चिटफंड घोटाले में टी.एम.सी. नेता गिरफ्तार

कोलकाता, 3 सितंबर (वार्ता)। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) ने तृणमूल कांग्रेस नेता एवं हलीशहर नगर पालिका के अध्यक्ष राजू सहानी को कथित चिटफंड धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि साहनी को शनिवार को आसनसोल की सी.बी.आई. अदालत में पेश किया जाएगा। सी.बी.आई. की एक टीम ने साहनी को उत्तर 24 परगना में उनके हलीशहर स्थित घर से गिरफ्तार किया। उनके घर से 80 लाख रुपये नकद, पांच कारतूस के साथ एक बन्दूक और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गये।

सी.बी.आई. ने साहनी को शुक्रवार रात अक्टूबर 2018 में चिटफंड धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले की जांच के संबंध में गिरफ्तार किया था। उन पर सनमर्ग वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन नामक कंपनी के फंड की हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया गया है।

# श्रीलंका के भगौड़े पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे स्वदेश लौटे

## राजपक्षे दो महीने पहले आर्थिक संकट के खिलाफ जन विद्रोह के बाद देश छोड़कर भाग गये थे

- **पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे कोलंबो में एक राजकीय बंगले में रहेंगे। जिस क्षेत्र में राजपक्षे रहेंगे, उस क्षेत्र की सुरक्षा -व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक बड़ा सुरक्षा दल तैनात किया जाएगा। राजपक्षे जुलाई में भागकर मालदीव और सिंगापुर पहुंचे थे।**

कोलंबो, 3 सितंबर (वार्ता)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे देश में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के खिलाफ जन विद्रोह के बाद देश छोड़कर भाग जाने के दो महीने से भी कम समय में स्वदेश लौट आए हैं।

'डेली मिरर' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार राजपक्षे (73) शुक्रवार को श्रीलंका लौटे। वह करीब सात हफ्ते बाद श्रीलंका वापस आए हैं। जुलाई में वह आर्थिक संकट की वजह से लोगों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए देश छोड़कर भाग गए थे। वह भंडारनायके अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भारी सुरक्षा के बीच पहुंचे। मंत्रियों और राजनेताओं के स्वागत दल ने राजपक्षे को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। वह बैंकॉक से सिंगापुर होते हुए स्वदेश लौटे हैं।

पूर्व राष्ट्रपति कोलंबो में एक राजकीय बंगले में रहेंगे। जिस क्षेत्र में राजपक्षे रहेंगे, उस क्षेत्र सुरक्षा -व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक बड़ा सुरक्षा दल तैनात किया जाएगा। राजपक्षे जुलाई में मालदीव और सिंगापुर भागकर पहुंचे थे। सरकार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन के दौरान हजारों प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन और दो अन्य प्रमुख सरकारी इमारतों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद नौ जुलाई को वह श्रीलंका से भाग गए थे। सिंगापुर सरकार द्वारा तीसरी बार उनके वीजा का विस्तार देने से मना करने पर वह थाईलैंड के लिए रवाना हो गए थे। दैनिक अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि राजपक्षे तब तक कोलंबो में रहेंगे जब तक कि अमेरिकी सरकार द्वारा अमेरिकी ग्रीन कार्ड के लिए उनके आवेदन को मंजूरी नहीं मिल जाती।

रिपोर्ट में कहा गया है, '' राजपक्षे को एक पूर्व राष्ट्रपति के रूप में सभी विशेषाधिकार दिए जाएंगे।

## नॉर्थ ईस्ट में नीतीश की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाजपा के 49 विधायक हो गए हैं।

जद (यू) के 9 पार्षदों में से 8 भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब कुल 20 पार्षदों में से भाजपा के 18 पार्षद हो गए हैं। इसके अलावा जद (यू) के 18 जिला परिषद सदस्यों में से 17 ने भाजपा जॉइन कर ली है। अब कुल 241 जिला परिषद सदस्यों में से भाजपा के 206 सदस्य हैं। इसके अलावा जद (यू) के 119 ग्राम पंचायत सदस्यों में से सौ से अधिक भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब कुल 8 हजार 332 ग्राम पंचायत सदस्यों में से भाजपा के करीब 6 हजार 530 सदस्य हैं।

ये नवीनतम घटनाक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार का शासन चलाने के लिए एक ''महागठबंधन'' का गठन करने को लेकर भाजपा को तिलांजलि देकर तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस व अन्य पार्टियों से हाथ मिलाने के कई हफ्तों बाद सामने आए हैं।

इस घटनाक्रम से वाकिफ लोगों का कहना है कि बिहार में हाल ही में जो कुछ हुआ है, उसके बाद भाजपा ने जद (यू) पर पलटवार करने का निर्णय ले लिया है। वर्ष 2020 में भाजपा-जद (यू) ने एक गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ा था और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाकर अपनी सरकार बनाई थी।

क्षेत्रीय पार्टियों में यह भय घर कर गया कि विपक्ष अभी भाजपा का मुकाबला नहीं करेगा तो उसका वही हश्र होगा, जो महाराष्ट्र में शिवसेना का और मणिपुर में जद (यू) का हुआ है। भाजपा बिहार में भी नीतीश कुमार के निकट सहयोगी रहे आर.सी.पी. सिंह की सहायता से जद (यू) में विभाजन की कोशिश करती रही है। टी.एम.सी., टी.आर.एस. और आप जैसी कई क्षेत्रीय पार्टियां जहां कांग्रेस के विपक्ष के मोर्चे के नेतृत्व करने के खिलाफ हैं, वहीं बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के.सी.आर. राव और अरविन्द केजरीवाल के नीतीश कुमार के साथ मित्रवत संबंध हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस नेतृत्व ने गैर भाजपा पार्टियों को एकजुट करने का काम नीतीश पर छोड़ने का निर्णय लिया है और वह स्वयं संगठन को मजबूत कर और जनता के साथ पुन: सम्पर्क स्थापित कर पार्टी को पुनर्जीवित होने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

# मैक्सिको में फुटबॉल ग्राउण्ड में गोलीबारी, 4 की मौत

- **सशस्त्र हमलावरों ने ग्राउण्ड में घुसकर लोगों पर गोलियां बरसानी शुरु कर दीं।**

मेक्सिको सिटी, 3 सितम्बर (वार्ता)। मैक्सिको के मध्य प्रांत मोरेलोस में एक फुटबॉल मैच में सशस्त्र संदिग्धों ने गोलीबारी की, जिसमें एक पूर्व मेयर सहित कम से कम चार लोग मारे गए हैं।

यह जानकारी स्थानीय अभियोजक का कार्यालय ने दी। कार्यालय के मुताबिक गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरुवार (अन्तर्राष्ट्रीय समय के मुताबिक शुक्रवार को तड़के 2. 15 बजे) पर येकापिक्सटला शहर में हुई। कार्यालय के अनुसार सशस्त्र संदिग्ध आए और वहां मौजूद लोगों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

इस घटना में येकापिक्सटला के पूर्व मेयर रिफ्यूजियो अमारो लूना सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि इस घटना में करीब 10 लोग घायल हुए हैं। मेक्सिको के रक्षा मंत्रालय के अनुसार मोरेलोस में हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं। यह प्रांत अपहरण की घटनाओं के मामले में देश में पहले स्थान पर है।

# 'ऐसा हुआ तो एम्स की प्रतिष्ठा, मान्यता और पहचान खत्म हो जायेगी'

## एम्स दिल्ली की फैकल्टी एसोसिएशन ने देश के सभी 23 एम्स संस्थानों का नाम बदलने के केन्द्र सरकार के प्रस्ताव का भारी विरोध शुरु किया

- **एसोसिएशन ने कहा, ''पहचान नाम से जुड़ी होती है और अगर पहचान खो जाती है तो देश के भीतर और बाहर संस्थागत मान्यता भी खो जाती है। यही कारण है कि, ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और हार्वर्ड जैसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों का नाम सदियों से एक ही है।''**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। ऑल इण्डिया मैडिकल साइन्सेज़ (एम्स) दिल्ली की फैकल्टी एसोसिएशन ने देश के सभी 23 एम्स को विशिष्ट नाम देने के सरकारी प्रस्ताव का विरोध किया है और इस मुद्दे पर अपने सदस्यों की राय मांगी है।

एसोसिएशन ने तर्क दिया है कि, इस प्रस्ताव पर अमल से संस्थान की पहचान एवं प्रतिष्ठा समाप्त हो जाएगी।

सदस्यों के बीच प्रसारित एक नोट में एसोसिएशन ने कहा है कि, पहचान नाम से जुड़ी होती है और अगर पहचान खो जाती है तो देश के भीतर और बाहर संस्थागत मान्यता भी खो जाती है। यही कारण है कि, ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और हार्वर्ड जैसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों का नाम सदियों से एक ही है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अचल कुमार श्रीवास्तव और महासचिव डॉ. हर्षल रमेश साल्वे के दस्तखत वाले नोट के मुताबिक, भारत में आई.आई.टी. (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) की पहचान उनके नाम से है, जो उन्हें एक संस्थान को पहचान देती है और इसे बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। आई.आई.एम. के मामले में भी ऐसा ही है।

इसमें लिखा है कि, नाम पर आधारित पहचान कितनी मजबूत होती है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कलकत्ता, बंबई और मद्रास विश्वविद्यालय ने अपना नाम बरकरार रखा है, जबकि वे जिन शहरों में स्थित हैं, उनका नाम बदलकर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई किया जा चुका है। अगर नाम बदल दिया जाता है तो एम्स दिल्ली को पहचान और मनोबल की भारी क्षति का सामना करना पड़ेगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की स्थिति को भी प्रभावित करेगा।

उल्लेखनीय है कि, पिछले दिनों यह सामने आया था कि सरकार ने दिल्ली सहित देश के सभी 23 एम्स का नाम स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्षेत्र की ऐतिहासिक घटनाओं या स्मारकों के नाम पर रखने का प्रस्ताव किया है।

## 'केस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

द्वारा तत्कालीन सी.जे.आई. दीपक मिश्रा के खिलाफ 12 जनवरी, 2018 को आयोजित की गई एक अभूतपूर्व प्रैस कॉन्फ्रैंस में, इन जजों ने केसों की लिस्टिंग की समस्या पर भी जोर दिया था। इससे जाहिर होता है कि इस समस्या की जड़ें कितनी गहरी हैं। उन चारों जजों, जो अब सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं, के नाम हैं-पूर्व सी.जे.आई. रंजन गोगोई तथा न्यायमूर्ति जस्ती चेलमेश्वर, मदन लोकुर तथा कुरिअन जोसेफ।

शुक्रवार शाम को बी.सी.आई. द्वारा सी.जे.आई. को बधाई देने के लिये आयोजित किये गये एक समारोह में, वरिष्ठ एडवोकेट मिश्रा ने कहा, ''सी.जे.आई. ललित ने मुकदमों की लिस्टिंग में पारदर्शिता भी सुनिश्चित की है, जिससे कि वकीलों को परेशानी ना हो।

आज, जब केस दायर होते हैं, तो वे सुनवाई के लिये अगले दिन ही सूचीबद्ध कर दिये जाते हैं। यह सी.जे.आई. ललित का नियम है। गुरूवार को, जब मैं न्यायालय में था, उन्होंने 200 उल्लेखित केसों पर विचार किया था।''

सी.जे.आई. की सेवानिवृत्ति से पहले के उनके 74 दिन के संक्षिप्त कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता महत्वपूर्ण होती है, कार्यकाल की लम्बाई नहीं। उन्होंने इस समारोह में यह घोषणा भी की कि बी.सी.आई. शनिवार को सभी राज्यों की बार एसोसिएशनों की एक मीटिंग बुला रही है तथा इस मीटिंग में सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के जजों की सेवानिवृत्ति की आयु को बढ़ाये जाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया जायेगा।

## सिब्बल की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अदालत के काम-काज की आपराधिक अवमानना प्रक्रिया शुरु किये जाने की अनुमति प्रदान की जाये।

कन्टेम्प्ट ऑफ कोर्ट्स एक्ट की धारा 15 के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में आपराधिक अवमानना की प्रक्रिया शुरु करने के लिये यह शर्त है कि उसके लिये अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल की स्वीकृति होनी चाहिये।

अटॉर्नी जनरल ने कहा, ''सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये कुछ फैसलों की समीक्षाओं से संबंधित बयान साफतौर पर निष्पक्ष टिप्पणी की सीमा में आते हैं, जिसकी कन्टेम्प्ट ऑफ कोर्ट एक्ट, 1971 की धारा 5 के अनुसार अनुमति दी है।'' उन्होंने कहा कि सिब्बल ने पी.एम.एल.ए. (प्रीवेंशन ऑफ मन-लॉन्डरिंग एक्ट) की आलोचना की थी, जिस पर पुनर्विचार करने का निर्णय बाद में स्वयं अदालत ने ही ले किया था।

अटॉर्नी जनरल ने कहा, ''सिब्बल के पूरे भाषण को अच्छी तरह सुनने-समझने के बाद, मुझे लगता है कि अदालत और इसके फैसलों की आलोचना इस प्रकार की थी कि अदालत उसका उपयोग न्यायिक व्यवस्था के हित में कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा नहीं लगता कि संबंधित बयानों का उद्देश्य अदालत पर लांछन लगाना या न्यायपालिका कॉन्फिडेंस ऑफ कॉन्फ्लिक्ट को प्रभावित करना था।

## रक्षा रत्नों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा इनके पास, जमीन जैसी विशाल परिसम्पत्तियाँ हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन प्रधानमंत्री संभवत: अपने खास दोस्त एवं अन्य लोगों को उपकृत करना चाहते हैं।'' संभवत:, इनकी जमीन उनके मित्रों के लिये, पैसा बनाने की दृष्टि से, बहुत हितकर है।

## 'अगर अमेरिका ने ताईवान को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कीमत की हार्पून एंटी शिप मिसाइल्स और ताईवान के सर्विलांस रडार प्रोग्राम में सहयोग के लिए अनुमानित 665.4 मिलियन डॉलर कीमत के उपकरण शामिल हैं।

राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा कि यह पैकेज कुछ समय से विचारधीन था और इसे ताईवान व अमेरिकी सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद विकसित किया गया है।

वाइट हाउस में चीन और ताईवान मामलों की सीनियर डायरैक्टर लौरा रोसेनबर्जर ने एक बयान में कहा कि ''चूंकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ताईवान के इर्द-गिर्द कठोर हवाई और समुद्री कार्रवाई करने सहित अपना दबाव बढ़ाना जारी रखे हुए है और ताईवान जलडमरूमध्य की यथा स्थिति बदलने के प्रयास किया जा रहा है, इसलिए हम ताईवान को वे चीजे उपलब्ध करवा रहे हैं जिनकी उसे अपनी आत्मरक्षा क्षमताओं को बनाए रखने के लिए जरूरत है।''

पैंटागन ने कहा कि सैन्य उपकरण देने और रक्षा सहयोग से क्षेत्र का मूल सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इससे ताईवान के प्रति हमारी नीति में कोई बदलाव परिलक्षित नहीं होता है।

अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ''यह प्रस्तावित बिक्री विश्वसनीय रक्षात्मक क्षमता बनाए रखने को लेकर ताईवान की सेना का आधुनिकीकरण करने के नियमित प्रयासों के तहत है।''

ताईवान रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए अपना धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि चीन के हालिया उत्तेजनात्मक कदमों ने गंभीर चुनौती पेश की और इन हथियारों से चीन के सैन्य दबाव का सामना करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ''इसके साथ ही इससे यह भी पता चलता है कि इससे हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी और हम ताईवान जलडमरूमध्य और हिंद प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त रूप से शांति एवं सुरक्षा बनाए रखेंगे।

यू.एस.-ताईवान बिज़नैस काउन्सिल के प्रैसिडैंट रूपर्ट हमॉन-चैम्बर्स ने कहा कि ताईवान को हथियारों की बिक्री में ''सीमित रूख'' रखने का उनके संगठन ने विरोध किया था। चैम्बर्स ने एक बयान में कहा कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पी.एल.ए.) ने हाल ही मॉक ड्रिल की। इससे यह द्वीप कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसके कारण उसे अपनी क्षमताओं में कई गुना इजाफा करने की जरूरत है। ताईवान को पूर्ण रक्षा क्षमता से इंकार का मतलब होगा, कि आगे जाकर इससे उसकी रक्षा क्षमता में कमी आ जाएगी जिसका पी.एल.ए. फायदा उठा सकती है।'' हथियारों की प्रस्तावित बिक्री ताईवान के लिए अमेरिका के निरंतर सहयोग को दर्शाती है क्योंकि ताइपे चीन के दबाव का सामना कर रहा है। चीन का दावा है कि ताईवान उसके देश का हिस्सा है और उसने इस लोकतांत्रिक देश को अपने नियंत्रण में लाने के लिए ताकत के इस्तेमाल से भी इंकार नहीं किया है।

हथियारों की बिक्री की कांग्रेस द्वारा समीक्षा की जाएगी, लेकिन कांग्रेस के डैमोक्रेटिक और रिपब्लिकन साथियों ने बताया कि उन्हें इस पर किसी विरोध की उम्मीद नहीं है। पेलोसी की ताईवान यात्रा के बाद दोनों पार्टियों के सांसदों के साथ ही अमेरिकी राज्यों के गवर्नर वहां के कम से कम दो या अधिक दौरे कर चुके हैं और बीजिंग ने इन सभी की भर्त्सना की है।

## 'शबाना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आर.एस.एस. के शीर्ष नेतृत्व ने मिश्रा जैसे दूसरी पंक्ति के नेताओं को अभद्र तथा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने से न तो कभी रोकने की कोशिश की है और न कभी ऐसे कृत्यों की निन्दा की है, जिससे यह सन्देश जाता है कि इस प्रकार के आचरण-व्यवहार को उसकी स्वीकृति हैं।

## केन्द्र व...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टी. के आंकड़े ट्वीट कर दावा किया कि तेलंगाना ने टैक्स के रूप में जितनी राशि उत्पादित की, उसे उसका आधा ही प्राप्त हुआ। अब राशन की दुकान की घटना ने जो काम किया है, वह है राज्य और केन्द्र सरकार के बीच वाक् युद्ध तेज करना और अब बात आर्थिक प्रदर्शन पर शिफ्ट हो गई है, जिसमें लगता है कि राज्य सरकार मजबूत स्थिति में है। मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव अर्थव्यवस्था को लेकर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करते रहे है और कीमत वृद्धि, महंगाई तथा रूपए के गिरते मूल्य पर सवाल उठाते हैं। वे केन्द्र सरकार के प्रदर्शन को लेकर एक कथानक बना रहे हैं। यह आभास होने के बाद कि भाजपा अब उनके खुद के गढ़ पर हमला बोल रही है, के.सी.आर. ने भाजपा और केन्द्र सरकार के खिलाफ पूर्ण हमला बोल दिया है। वे उसे चिढ़ाने के लिए गुजरात मॉडल को एक विफल मॉडल बताते है।। तेलंगाना में दिसम्बर 2023 से पूर्व विधानसभा चुनाव होने हैं।

**राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा ।** आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालय:**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय:**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालय:**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालय:**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :**- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :**- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय:** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908